राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 शेन वार्न को स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम में लेजेंड का दर्जा मिला

मध्यावधि चुनाव को लेकर मेरी पेशकश का गलत मतलब निकाला गया: इमरान 12

वर्ष : 13 | अंक : 201 | नई दिल्ली, सोमवार, 05 दिसंबर, 2022 | मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी, विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

काशी और कांची में कोई फर्क नहीं, दोनों में सदियों पुराना संबंध : निर्मला सीतारमण

- संगमम में मौजूद तमिल प्रतिनिधियों को तमिल भाषा में धाराप्रवाह संबोधित कर केन्द्रीय वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की

वाराणसी, एजेंसी

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि काशी और कांची में कोई फर्क नहीं है। जो काशी में होता है,वह कांची में भी होता है, उसे देखकर महसूस किया जा सकता है कि काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराना संबंध है। केन्द्रीय वित्त मंत्री रविवार को काशी तमिल संगमम में बीएचयू के एम्फी थिएटर मैदान में आयोजित 'मंदिर वास्तुकला और ज्ञान के अन्य विरासत रूप' विषयक शैक्षणिक सत्र को सम्बोधित कर रही थी। संगमम में मौजूद तमिल प्रतिनिधियों को तमिल भाषा में धाराप्रवाह संबोधित कर केन्द्रीय वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के नारे ह्यओरे भारतम उन्नत भारतमह्य को साकार करना है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हम सब भारत के लोग हैं, हम में से प्रत्येक एक भाषा बोलते हैं। घरों में अपनाई जाने वाली संस्कृति भिन्न हो सकती है, लेकिन हम सब एक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता का जो संदेश दिया है। उसमें उत्तर भारत और दक्षिण भारत की संस्कृति एक है इसका बोध आज हो रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि मैंने तमिलनाडु में बचपन से ही कुछ चीजें अनुभव की हैं और जानी हैं, वे चीजें आज हमें काशी में भी देखने को मिल रही हैं। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम इन सभी प्रमाणों को उजागर करें और उन्हें असत्य न बोलने का संकेत दें। उन्होंने कहा कि देश की एकता के लिए, अगर हम सब साथ में हैं, यह देश प्रगति करेगा और हर व्यक्ति का विकास होगा। इसके पहले बीएचयू के कुलपति सुधीर कुमार जैन ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय वित्त मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने शैक्षणिक सत्र में डीएनए की उपयोगिता को हेल्थकेयर और फॉरेंसिक में जोड़ते हुए बताया कि वह डीएनए विधा ही थी जिसके द्वारा जॉर्जिया की महारानी केतेवन की हड्डियों की पहचान हो पाई और अजनाला के शहीदों की उत्पत्ति के बारे में पता चला।

मौसम

अधिकतम तापमान 27.0°C
न्यूनतम तापमान 16.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	55,291
चांदी	55,300
सेंसेक्स	54,306
निफ्टी	22,503

महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता मामले में आंध्र अनुकरणीय राज्यों में से एक : मुर्मू

संवेदनशीलता

- कवयित्री मोल्ला को याद किया, जिन्होंने एक अद्भुत महाकाव्य मोल्ला-रामायण की रचना की थी

विजयवाड़ा, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता के मामले में आंध्र प्रदेश अनुकरणीय राज्यों में से एक है। श्रीमती मुर्मू ने यहां आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भाग लेने के बाद यह बात कही। उन्होंने इस संदर्भ में कवयित्री मोल्ला को याद किया, जिन्होंने एक अद्भुत महाकाव्य मोल्ला-रामायण की रचना की थी। राष्ट्रपति ने महिलाओं की प्रगति और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भागीदारी के लिए कई प्रयास करने वाली दुगाबाई देशमुख को भी याद किया। साथ ही उन्होंने आंध्र प्रदेश की बहू सरोजिनी नायडू को भी याद किया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि सरोजिनी नायडू ने महात्मा गांधी के नमक सत्याग्रह में अग्रणी भूमिका निभाई है और वह स्वतंत्र भारत में किसी भी राज्य की पहली महिला राज्यपाल थीं। उन्होंने भारत के राष्ट्रपति के रूप में राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान आंध्र प्रदेश की सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य सत्कार के लिए धन्यवाद दिया।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आंध्र की भूमि को गोदावरी, कृष्णा, पेन्नार, वंशधारा और नागावली जैसी नदियों का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि इन नदियों ने आंध्र प्रदेश की समृद्ध परंपराओं को भी जीवन शक्ति दी है। उन्होंने सभी नागरिकों से हमारी नदी-माताओं की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि महान बौद्ध दार्शनिक नागार्जुन के नाम पर नागार्जुन सागर परियोजना का विकास प्रगति को विरासत से जोड़ने का एक अच्छा उदाहरण है।

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि जब उन्हें झारखंड के राज्यपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, तो उन्होंने हमेशा इस बात का ध्यान रखा कि सरोजिनी नायडू जैसी महान महिलाओं द्वारा प्रस्तुत आदर्शों के अनुसार लोगों की सेवा में लगना ही देश की सेवा करने का सही तरीका है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में आंध्र प्रदेश के लोगों की सक्रिय भागीदारी को याद करते हैं। इस साल हम अल्लुरी सीताराम राजू की 125वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा,हमारी युवा पीढ़ी को अल्लुरी सीताराम राजू और भगवान बिरसा मुंडा जैसे व्यक्तित्वों द्वारा किए गए योगदान के बारे में अच्छी तरह से पता होना चाहिए जिन्होंने कम उम्र में ही भारत माता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि अल्लूरी सीताराम राजू मेमोरियल ट्राइबल फ्रीडम फाइटर्स म्यूजियम बनाया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आंध्र प्रदेश ने भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने फार्मेसी और बायो-केमिस्ट्री के क्षेत्र में डॉ. येल्लाप्रगदा सुब्बाराव के योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. सुब्बाराव के शोध से कई दवाओं का बनना संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि इसरो की श्रीहरिकोटा रेंज अंतरिक्ष विज्ञान में नए प्रतिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के लोगों ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया है।

राष्ट्रपति ने कामना की कि आंध्र प्रदेश के प्रतिभाशाली और समर्पित लोगों के समर्थन से, इस राज्य की विकास यात्रा आगे बढ़ेगी तथा विश्वास व्यक्त किया कि राज्य के लोग भारत के विकास में असाधारण योगदान देना जारी रखेंगे। श्रीमती मुर्मू आंध्र प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची हैं। इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन, मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी और अन्य गणमान्य लोगों ने यहां के पास गन्नवरम हवाईअड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राजभवन में उनके सम्मान में राज्यपाल द्वारा आयोजित राजकीय भोज में भाग लेने के बाद वह विशाखापत्तनम के लिए रवाना होंगी। शाम को, राष्ट्रपति नौसेना दिवस के अवसर पर विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना द्वारा परिचालन प्रदर्शन देखेंगे और रक्षा, सड़क परिवहन व राजमार्ग तथा जनजातीय मामले के मंत्रालयों की परियोजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास करेंगी। पांच दिसंबर की सुबह द्रौपदी मुर्मू तिरुमाला मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा करेंगी। कल सुबह 10.40 बजे, वह तिरुपति में श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय का दौरा करेंगी और छात्रों, संकाय सदस्यों, महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों तथा महिला उपलब्धि हासिल करने वालों के साथ बातचीत करेंगी। बाद में राष्ट्रपति तिरुपति के पास रेनीगुंटा हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

बीएसएफ के स्थापना दिवस पर जीएनडीयू में परेड का आयोजन

जालंधर, एजेंसी। अमृतसर की गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में बीएसएफ का 58वां स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय शिरकत करने पहुंचे। राय ने कहा कि बीएसएफ अपनी स्थापना से लेकर अद्भुत शौर्य और वीरता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यह देश के नागरिकों को सुरक्षित वातावरण का आभास कराता है। इससे पहले उन्होंने बीएसएफ की टुकड़ियों का निरीक्षण किया और बीएसएफ के 12 कंटीजेंट व महिला प्रहरी कंटीजेंट से परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में सांसद गुरजीत सिंह औजला, डीसी हरप्रीत सिंह सूदन और पुलिस कमिश्नर जसकरण सिंह, जीएनडीयू के उप कुलपति प्रो. डॉ. जसपाल सिंह संधू उपस्थित थे। उन्होंने देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए अपने बलिदान देने वाले शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज यहां इस बल का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है, अमृतसर की धरती अनेक बलिदानों की गवाह भी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार उन्नत तकनीक के उपकरण खरीदने को वचनबद्ध है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधान मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से बीएसएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को बीएसएफ के स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीएसएफ साहस, समर्पण और सेवा का प्रतीक है।

संक्षिप्त खबरें

कृषि का सम्मान नहीं करने वाले देश का पतन हो जाता है : कमल हसन

तिरुचिरापल्ली। दिल्ली के बाहर विवादास्पद केंद्रीय कृषि कानून का विरोध कर रहे किसानों का समर्थन करते हुए मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के संस्थापक कमल हसन ने सोमवार को कहा कि जो देश कृषि का सम्मान नहीं करता उसका पतन हो जाता है। हसन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि किसान अन्नदाता हैं। उन्होंने पूर्व में राष्ट्रीय राजधानी के निकट प्रदर्शन कर रहे किसानों से एकजुटता दिखाने के लिये पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल को भेजा था। हसन ने कहा, जो देश कृषि का सम्मान नहीं करता उसका पतन हो जाएगा। मैं मानता हूं कि ऐसा हमारे देश के साथ नहीं होना चाहिए। वे (किसान) अन्नदाता हैं ।ह्व वह दिल्ली में एक महीने से भी ज्यादा समय से चल रहे किसानों के प्रदर्शन से जुड़े एक सवाल पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। ये किसान केंद्र के विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त किये जाने की मांग कर रहे हैं।

राहुल गांधी की यात्रा की कामयाबी से भाजपा हैं परेशान : सचिन पायलट

झालावाड़, एजेंसी

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में ऐतिहासिक रहने का दावा करते हुए कहा है कि यात्रा की कामयाबी से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विचलित और परेशान है।

यात्रा में भाग लेने के लिए झालावाड़ पहुंचे श्री पायलट ने आज यहां मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि गत सात सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई यह यात्रा अनेक राज्यों से होती हुई आज राजस्थान में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि न केवल कांग्रेसजन बल्कि राजस्थान के तमाम लोग भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करेंगे। राजस्थान में यह यात्रा 21 तारीख तक रहेगी। श्री पायलट ने कहा कि श्री राहुल गांधी जिन मुद्दों को लेकर यह यात्रा निकाल रहे हैं, उन्हें लोगों ने उत्साह से स्वीकार किया है। यात्रा के शुरूआत में पहले कहा जाने लगा था कि यह यात्रा दक्षिण भारत में कामयाब हो सकती है और उत्तर भारत में आते-आते शायद इसका असर कम हो जायेगा लेकिन इसके उल्टा हो रहा है। शुरूआत के दौर में जन समूह और जनता का जो समर्थन यात्रा को मिला, वह कहीं गुना बढ़ रहा है और तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में लगातार लोग यात्रा से जुड़ते जा रहे है। यात्रा में देश में एकजुटता, प्यार मोहब्बत, गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी जो आज दुनिया त्रस्त है इन मुद्दों को लेकर आगे बढ़ रहे है और इन्हें रेखांकित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी की यात्रा की कामयाबी से भाजपा विशेष रुप से विचलित और बड़ी परेशान है क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि यात्रा को इस प्रकार का समर्थन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि श्री राहुल गांधी यात्रा में करीब 2250 किलोमीटर चल चुके हैं जो छोटी बात नहीं है और वह लगातार चल रहे हैं और जनता से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग किसान,नौजवान,मछुआरें,पूर्व सैनिक,बच्चे,बुजुर्ग, सब लोग उनसे मिल रहे है, जुड़ रहे है उनकी बातों को सुन रहे हैं जो एक सकारात्मक सन्देश गया है।

जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को सबक सिखाएं : मुख्यमंत्री

गोरखपुर, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमीनों पर अवैध कब्जेक करने वालों को करारा सबक सिखाने के आदेश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब 200 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई कर करारा सबक सिखाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। आदित्यनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद पहुंचे और सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए।

कर्नाटक में भाजपा की जनसंकल्प यात्रा को मिल रहा है व्यापक समर्थन : बोम्मई

हुब्बली (कर्नाटक)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जनसंकल्प यात्रा को लोगों से अप्रत्याशित समर्थन मिल रहा है। भाजपा ने राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले अपने पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए अक्टूबर में रायचूर से जनसंकल्प यात्रा निकाली थी। बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा, (विधानसभा) चुनाव से पहले, हम अपनी सरकार के कामकाज को लेकर लोगों के सामने जा रहे हैं। उन्होंने संकेत दिया कि दिसंबर में राज्य के अन्य हिस्सों में यह यात्रा तेज होगी। उन्होंने कहा, हम लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बता रहे हैं। हम उनके अंदर विश्वास पैदा कर रहे हैं। जन संकल्प यात्रा को अप्रत्याशित समर्थन मिल रहा है। भाजपा के अनुसार बोम्मई और वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा की अगुवाई में एक टीम तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील के नेतृत्व में दूसरी टीम ने 25 दिसंबर से पहले 52 विधानसभा क्षेत्रों में इस यात्रा को ले जाने की योजना बनायी है।

चुनाव भाजपा और आप वोटर लिस्ट में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पास शिकायत की...

एमसीडी चुनाव के लिए वोटिंग खत्म: 60% वोटिंग हुई, 7 दिसंबर को नतीजे

- भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि सुभाष मोहल्ला वार्ड बीजेपी समर्थक 450 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली नगर निगम के सभी 250 वार्डों के लिए रविवार को वोटिंग हुई। वोटिंग शाम 7: 00 बजे तक हुई। चुनाव में भाजपा और आप के बीच कड़ा मुकाबला है। बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को शराब और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरे हुए है, वहीं दूसरी ओर आप का कहना है कि दिल्ली में गंदगी के लिए भाजपा जिम्मेदार है। शाम 6 बजे तक 55% वोट डाले गए थे। भाजपा और आप वोटर लिस्ट में धांधली का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पास शिकायत की। चुनाव के नतीजे 7 दिसंबर को आएंगे। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने लिस्ट से नाम काटे जाने को साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत हमने चुनाव आयोग से की है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि सुभाष मोहल्ला वार्ड बीजेपी समर्थक 450 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी ने कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में नाम नहीं है। वह बिना वोट डाले लौटे हैं। दिल्ली चुनाव आयोग ने कहा कि उन्होंने एमसीडी चुनाव में इलेक्शन कमीशन की वोटर लिस्ट का उपयोग किया है। लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने से उसका कोई लेना -देना नहीं है। मनीष सिसोदिया ने वोटर्स से दिल्ली को साफ-सुथरा बनाने के लिए वोट करने की अपील की थी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील था कि काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को नहीं। एमसीडी चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के लाजपत नगर, गांधी नगर, करोल बाग सहित सभी थोक और खुदरा बाजार बंद रहे।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा- हमें जनता पर पूरा भरोसा है, हमने क्षेत्र में जनता की सेवा की है। हर मुद्दे पर काम किया है। मैं केजरीवाल जी के बयान से सहमत हूं कि ईमानदार पार्टी को ही वोट करना चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार सीएम, डिप्टी-सीएमऔर अन्य मंत्री है, उनका रिकॉर्ड तो जनता के सामने है।

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा- सुभाष मोहल्ला वार्ड में बीजेपी का समर्थन करने वाले 450 वोटरों के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। यह दिल्ली सरकार की एक बड़ी साजिश है, इसके खिलाफ शिकायत करेंगे और इस चुनाव को रद्द करने और फिर से चुनाव कराने की अपील करेंगे।

कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा- लोगों को उम्मीदवारों को देखना चाहिए और उसके अनुसार मतदान करना चाहिए। कांग्रेस के उम्मीदवार अच्छे हैं और लोगों को उस उम्मीदवार को वोट देना चाहिए जो चुनाव के बाद उनके लिए उपलब्ध होगा।

दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा- मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे इस बात को ध्यान में रखें कि शहर को साफ रखना एमसीडी की प्राथमिकता है। बीजेपी ने 15 साल से दिल्ली के लिए कुछ नहीं किया, वह लोगों के लिए काम करने में बुरी तरह विफल रही है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कहा- मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग वोट डालेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, मुझे उम्मीद है कि लोग उसी के अनुसार मतदान करेंगे। दिल्ली ने पिछले 15 सालों में भाजपा का काम देखा है।

केंद्रीय मंत्री एएस पुरी मतदान केंद्र पहुंचे उन्होंने कहा- ये चुनाव दिल्ली के लिए वेक-अप कॉल है। हमें 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाना है। हाल ही में एक रिपोर्ट में कहा गया कि अगले 4-5 सालों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। इसलिए लोगों को यह चुनना होगा कि वे किस ब्रांड की राजनीति को फॉलो करना चाहते हैं।

आप के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची बीजेपी



बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बताया कि दिल्ली बीजेपी ने चुनाव आयोग से बीजेपी की शिकायत की है। उन्होंने ट्वीट किया- आप के दुर्गेश पाठक और विजेंद्र गर्ग ने कल रात एमसीसी और चुनावी गाइडलाइंस का उल्लंघन किया। हार के डर से आप अवैध नगदी, शराब बांटते और अवैध प्रचार करते हुए पकड़ी गई। इसके वीडियो सामने आए हैं। इस पर सख्त कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग से संपर्क किया है।

हालांकि दुर्गेश पाठक ने कहा- बीजेपी वाले सोनिया गांधी कैंप में पैसे, दारू और कपड़े बांट रहे थे। स्थानीय निवासियों ने हमें बुलाया तो भाजपा वाले गुंडागर्दी पर उतर आए।

संक्षिप्त खबरें

देसी-विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस ने देसी और विदेशी शराब बरामद किया है। चौक थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने बताया कि दो किशोर को हीरानंद शाह की गली से 11.5 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह अगमकुआं थाना की पुलिस ने पांच लीटर, खाजेकलां थाना की पुलिस ने 50 लीटर और मालसलामी थाना की पुलिस ने 15 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है।

तख्तश्री के नई दर्शनी दीवार पर धरना आज

पटना सिटी (प्राकि)। तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब की मयार्दा को बचाने के लिए एक बार फिर पंथक धार्मिक मोर्चा के द्वारा सोमवार को धरना दिया जाएगा मोर्चा की ओर से तेजेंद्र सिंह बंटी, दीपक सिंह और रंजीत सिंह ने चौक थाना के थानाध्यक्ष को रविवार को सौंपे पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ माह से तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की पुरातन मयार्दा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इसमें रणजीत सिंह गौहर, टाटानगर के इंद्रजीत सिंह और लखविंदर सिंह शामिल हैं। इन लोगों के द्वारा तख्त साहिब की मान मयार्दा के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। इस संबंध में पंथक धार्मिक मोर्चा के द्वारा पांच दिसंबर को अशोक राजपथ से सटे नई दर्शनी के पास पूर्वाह्न 10 से अपराह्न तीन बजे तक शांतिपूर्ण धरना एवं विरोध प्रकट किया जाएगा। इसका मुख्य कारण छह दिसंबर को इन लोगों के द्वारा राजनीतिक स्तर से तख्तश्री पटना साहिब के संविधान के विरुद्ध कार्य करवाने की योजना है। इसकी सूचना उन सबों को मिली है। पत्र की प्रतिलिपि सिटी एसडीओ को भी दिए जाने की बात कही गई है।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के विशेष अभियान में बीएलओ ने लिया आवेदन

पटना सिटी (प्राकि)। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में उम्र सीमा को पूरा किए युवाओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने को विशेष अभियान चलाया गया। इसमें इस विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर बीएलओ के द्वारा चलाए गए विशेष अभियान दिवस में नये मतदाताओं के नाम जोड़ने, संशोधन करने और हटाने का आवेदन बीएलओ ने रविवार को भी बूथ पर बैठ कर आवेदन लिया। प्रभारी एसडीओ चांदनी कुमारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी शिखा सिन्हा ने बताया कि विधानसभा में स्थित 344 बूथों पर बैठे बीएलओ ने आवेदन लिया। इनकी निगरानी के लिए 24 पर्यवेक्षक और आठ सहायक मतदान पदाधिकारी को लगाया गया था। विशेष अभियान दिवस के सहायक निवार्ची पदाधिकारी शिखा सिन्हा ने बताया कि कुछ केंद्र पर निरीक्षण में गायब रहे बीएलओ से स्पष्टीकरण किया जाएगा।

गंगा स्नान कर सूर्य की हुई पूजा-अर्चना

पटना सिटी (प्राकि)। अगहनी रविवार को सूर्य की उपासना की गई। महिलाओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर स्नान किया और भगवान सूर्य को गंगा जल से अर्घ्य दिया। इसके बाद घाट किनारे स्थित मंदिरों में पूजा की। गंगा स्नान के लिए अनुमंडल के लॉ कालेज घाट, बीएनआर कालेज घाट, गायघाट, भद्र घाट, महावीर घाट, नौजर घाट, खाजेकलां घाट, गुरु गोविंद सिंह घाट, कंगन घाट समेत अन्य गंगा घाटों पर भीड़ जुटी थी। छह माह बाद वैशाख में पर्व की समाप्ति होगी। महेंद्रू के बालू घाट स्थित मुहल्ले के श्री गौरी शंकर व सूर्य नारायण मंदिर में भास्कर की महिलाओं ने पूजा अर्चना की।

राजद नेताओं ने लालू के लिए किया हवन पूजन

पटना सिटी (प्राकि)। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद के स्वास्थ्य लाभ के लिए शीतला माता मंदिर में हवन पूजन का अनुष्ठान रविवार को किया गया। इसका आयोजन राजद नेताओं की ओर से किया गया था। इसमें पंचायती राज प्रकोष्ठ के इकबाल अहमद, अभिषेक कुमार साजन, राजीव रंजन, वेद यादव, सूर्य मणि कुमार आदि शामिल हुए। पूजा और हवन के बाद सबों ने लालू प्रसाद के हो रहे किडनी प्रत्यारोपण की सफलता के लिए प्रार्थना किया। दरअसल अपने और राबड़ी देवी के मुख्यमंत्रित्व काल में इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था।

कर्म के अनुसार ही फल की प्राप्ति : अखिलेश जैन

श्रीमद् गीता सकारात्मक ऊर्जा का अक्षय स्त्रोत : आचार्य चंद्रभूषण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विश्व का सर्वश्रेष्ठ अध्यात्मिक ज्ञान गीता में निहित है। यह बात चौक स्थित सनातन धर्म सभा भवन में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष अखिलेश कुमार जैन ने गीता जयंती पर उद्घाटनकर्ता के रूप में कही। उन्होंने कहा कि गीता कर्म की प्रधानता और आत्मा की अनश्वरता पर बल देती है। कर्म के अनुसार ही फल की प्राप्ति होती है। मुख्य वक्ता धर्मानुरागी आचार्य चंद्र भूषण जी मिश्र ने कहा कि है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र-सखा और महारथी अर्जुन को अवसाद भाव से उबरने का अद्भुत संदेश दिया है।

मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश रुंगटा ने कहा कि यह गीता की प्रामाणिकता है कि ब्रिटिश सरकार के समय गीता पर हाथ रख कर शपथ लेते हुए कही गई बात को न्यायालय सत्य मानता था। दुर्भाग्यवश, सेकुलरिज्म के नाम पर स्वाधीनता के बाद 1979 में गीता को अदालती प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप जला कर किया गया। अध्यक्षता करते सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने कार्यकलाप पर प्रकाश डाला। संयोजक संजीव कुमार यादव ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत और संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन महासचिव आत्मा बागला ने किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लेख प्रतियोगिता के माध्यम से अपना भाव प्रकट किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले के साथ प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं गीता पुस्तक भेंट कर किया गया। मौके पर वरीय शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ शाह अद्वैत कृष्ण, समाजसेवी शशि शेखर रस्तोगी, मोहन चतुर्वेदी, पुरुषोत्तम पोद्दार, वरीय पत्रकार कुमार दिनेश, नवीन रस्तोगी, संतोष गोलवारा, विजय गोप, विवेक द्विवेदी, श्याम मिश्रा, रतनदीप राय, प्रभात बहादुर माथुर विकास मोड़ीवाल, विवेक माथुर, ललित अग्रवाल, केशव सृजन सिंह आदि उपस्तिथ थे। सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम की ओर से गीता जयंती समारोह का उद्घाटन पीठाचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार से किया। इसमें वक्ताओं ने गीता के नियमित अध्ययन और आत्मसात करने पर बल दिया। संचालन बाबा विवेक द्विवेदी ने किया। इसमें 11 वाटुकों ने गीता पाठ किया। छात्रों के बीच गीता पुस्तक वितरित किया गया। आयोजन में हिन्दू अधिकार मंच के अध्यक्ष रणजीत व्यास, राजेश सिंह, वरुण कुमार वर्मा, डा मनोज केशरी, ऋषिकेष कुशवाह, विजय गुप्ता, मिथिलेश जायसवाल, परमहंस तिवारी, कौशलेंद्र कुमार, रविशंकर प्रसाद, मनीष सराफ, राजकुमार सोनी, रवि सोनी, रविकांत मिश्र आदि शामिल हुए।

दानापुर साई अंगना के द्वारा से साईं बाबा की पालकी लेकर रविवार को शिरडी रवाना हुई

दानापुर नगर के साईं बाबा मंदिर से लगभग 50 लोगों का एक जत्था पालकी यात्रा में शामिल हुए। इससे पहले दानापुर साईं मंदिर में बाबा की पालकी की पूजा अर्चना की गई। साईंनाथ महाराज की जय के उद्घोष के साथ पालकी लेकर दानापुर से पटना जंक्शन पहुँची, जहाँ से दोपहर में ट्रेन के द्वारा मनमाड़ के लिए रवाना हुई। मनमाड़ से फिर साईं की नगरी शिरडी को प्रस्थान करेगी। इस पालकी यात्रा में समय समय पर ट्रेन में बाबा की आरती भी की जाएगी। इस यात्रा में साई अंगना के संयोजन छोटे लाल जी, संजय सेठ, अरविन्द बिहारी, रामबाबू गुप्ता, संजय पाठक, अमन सोनी, विकास बहुत सारे भक्त साईं पालकी यात्रा में शामिल हुए है।

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के बेहतर स्वास्थ्य के लिए की गई पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर नगर के रविवार को दानापुर के काली मंदिर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व राजद के वरिष्ठ नेता राम पनी सिंह यादव ने किया। मौके पर पहुंचे भूमि सुधार और राजस्व मंत्री आलोक मेहता विधायक रीतलाल यादव ने पूरे ही विधि विधान से पूजा में शिरकत किया। मंत्री आलोक मेहता ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की किडनी ट्रांसप्लांट होने वाली है। इसको लेकर राजद परिवार काफी चिंतित है। हम सभी उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए काली मंदिर में विशेष हवन पूजन किया गया। विधायक रीतलाल यादव ने कहा कि लालू प्रसाद गरीबों के मसीहा हैं। बिहार के गरीब गुरबा उन्हें आशा भरी निगाह से देखते हैं। ऐसे में उनके स्वस्थ होकर गरीबों के बीच जल्द से जल्द आने की कामना करते हैं। सनद हो कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का किडनी ट्रांसप्लांट होने वाला है। इसको लेकर वे सिंगापुर गए हैं जहां ऑपरेशन होने वाला है। संभवत 5 दिसंबर या 8 दिसंबर को उनका किडनी ट्रांसप्लांट होगा। इस विशेष पूजा अर्चना में युवा नेता अमरेंद्र यादव, अधिवक्ता शिव कुमार यादव, मनिंदर यादव, पवन यादव, सुरेंद्र यादव समेत दर्जनों की संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यतीमखाना अंजुमन खादिमुल इस्लाम कश्मीरी कोठी की कमेटी ने संभाला कार्यभार

बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड ने किया है गठित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड द्वारा गठित यतीमखाना अंजुमन खादिमुल इस्लाम (वक्फ सं-2525/25) की कमेटी ने एसडीओ द्वारा बहाल मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर रविवार को अध्यक्ष पूर्व आईएएस अरशद अजीज, सचिव सैयद हुसैन मजीद, संयुक्त सचिव अफ्ताबुर रहमान, एम करीम, इबरार अहमद रजा, मो जफर इमाम, मो जावेद, मो फिरोज, सैयद शाह लइकुल हक एमादी, इरशाद खान, तनवीर अख्तर और जुनैद अंजुम कादरी मौजूद थे। इस पूरे प्रकिया की वीडियोग्राफी कराई गई है। कार्यभार ग्रहण के बाद कमेटी के सचिव सैयद हुसैन मजीद ने कहा कि यतीमखाना अंजुमन खादिमुल इस्लाम कश्मीरी कोठी यतीम, बेसहारा, गरीब, जरूरतमंद बच्चों के तालीम और तरबियत की बेहतरीन जगह बनेगा। उन्होंने वक्फ बोर्ड के चेयरमैन, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सभी सदस्यों, डीएम, एडीएम, एसडीओ सिटी, बहाल मजिस्ट्रेट और खाजेकलां थाना के थानाध्यक्ष का शुक्रिया अदा किया।

इस दौरानउस्थित लोगो में मो वसीम अंसारी, एसएम रहमतुल्लाह, शिक्षक मो रियाज, असगर अली, मो पिंकू, मो अलाउद्दीन, असलम रजा, मो शकील आदि उपस्थित थे।

तख्तश्री कमेटी का एक धड़ा दिल्ली होते गया अमृतसर

दोतरफा बुरे फंसे सचिव हरबंश सिंह, तनख्वाह पूरा किए बिना गए, पंज प्यारे करेंगे रायशुमारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी का मामला छह दिसंबर को श्री अकाल तख्त साहिब में सुलझने की संभावना है। इसे लेकर कमेटी का एक धड़ा पटना से प्रस्थान कर गया है। यह वाया दिल्ली होते हुए अमृतसर जाएगा। इधर कमेटी के सचिव हरवंश सिंह की पंज प्यारों के द्वारा लगायी गयी 11 दिनों की सेवा को बीच में छोड़ कर श्री अकाल तख्त में उपस्थित होने के लिए जाने के मामले को पंज प्यारे ने गंभीरता से लिया है। ज्ञानी बलदेव सिंह का कहना है कि किसी के द्वारा अबतक हरबंश सिंह के द्वारा सेवा बीच में छोड़ कर वहां जाने की सूचना नहीं दी गयी है।

इस पर पंज प्यारों से विचार-विमर्श किया जाएगा। सचिव हरवंश सिंह का कहना है कि रविवार तक धार्मिक सजा के तहत उन्होंने सेवा की है। फिलहाल छह दिसंबर को तख्त साहिब में पदधारकों और सदस्यों को तलब किये जाने के बाद वहां के फैसले पर लोगों की निगाह टिकी है। सदस्य चरणजीत सिंह ने कहा कि वे दिल्ली में हैं और इधर से ही वे अमृतसर जाएंगे। कार्यकारी अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही भी ट्रेन से निकल गए हैं और वे भी दिल्ली होते अमृतसर जाएंगे।

वैसे सात सदस्य में जगजोत सिंह सोही, लखविंदर सिंह, इंद्रजीत सिंह, हरबंश सिंह और गुरविंदर सिंह पटना से निकल चुके हैं। चरणजीत सिंह और अन्य कल दिल्ली से अमृतसर के लिए प्रस्थान करेंगे। गोबिंद सिंह लोंगोवाल अमृतसर में ही हैं। दूसरे गुट से डॉ गुरमीत सिंह लखनऊ में हैं और उनके जाने को लेकर असमंजस की स्थिति है। महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन और राजा सिंह के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। मगर इतना तय है की श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह के द्वारा जारी पत्र को, जिनका भी उसमें जिक्र है और उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया, तो गाज गिरनी तय है।

दिव्यांगों को भी सम्मान से जीने का पूरा अधिकार: एसडीएम

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सदर प्रखंड के समीप स्थित बुनियाद केंद्र में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस उत्साह पूर्वक आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी शारीरिक कमी को पूरा करने के लिए प्रकृति कोई न कोई क्षमता विकसित कर देती है।

दिव्यांगजनो के साथ किसी भी स्तर पर कोई पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए। उन्हें भी आत्मसम्मान और स्वाभिमान के साथ जीवन जीने का पूरा अधिकार होना चाहिए। वे हीन नहीं बल्कि विशेष हैं। समाज के प्रत्येक सदस्य का दायित्व है कि विकलांगों को स्वावलंबी बनाने में मदद करें. डीपीआरओ राजू कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के आँकड़ों के अनुसार विश्व का प्रत्येक आठवां व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की विकलांगता से ग्रस्त है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि वे स्वतंत्र रूप से एक सम्मानित जीवन व्यतीत कर सकें। एडीएसएस ने कहा कि दिव्यांगजनों की शिक्षा, प्रशिक्षण और उन्नयन की व्यवस्था करके उन्हें समानांतर रूप से नौकरी तथा रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बुनियाद की डीपीएम बाला कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर डीपीजी सारण के सदस्यों ने संजीव कुमार जायसवाल की हस्तनिर्मित कलाकृति को सभी अतिथियों को उपहार स्वरुप भेंट किया। सारण जिला दिव्यांग संघ के सभी सदस्यों को अतिथियों ने अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दिव्यांगों के बीच विभिन्न प्रकार की संस्कृति, कला एवं शिल्प प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण किया गया।

बड़ी पटनदेवी मंदिर में दर्शन-पूजन को लंबी लाइन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। एक तरफ वैवाहिक सीजन और दूसरी ओर एकादशी के साथ द्वादशी होने के अलावा छुट्टी का दिन रविवार लोग सपरिवार भगवती महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के दर्शन के लिए शक्तिपीठ श्री बड़ी पटनदेवी पहुंच रहे हैं। सुबह से ही यहां दर्शन -पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार चल रही है। यह सिलसिला मध्याह्न पट बंद होने तक जारी था। दरअसल लोगों की आस्था शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी के साथ ही छोटी पटनदेवी मंदिर के प्रति भी बढ़ी है। मगर श्री बड़ी पटनदेवी के पुरानी बाइपास, एनएच-30, अशोक राजपथ और शेरशाह रोड से सीधा संपर्क होने और पश्चिम दरवाजा से पूरब की ओर मारूफगंज के बीच सड़कों के संकरा होने और अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम से लोग उधर जाने से गुरेज करते हैं। यही कारण है कि रविवार को यहां भक्तों की लंबी लाइन दर्शन-पूजन को देखा गया। महंत विजय शंकर गिरी बताते हैं कि लोगों की आस्था भगवती के इस शक्तिपीठ स्थल बड़ी पटनदेवी के प्रति बढ़ी है। यही कारण है कि मंदिर के जीर्णोद्धार और आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए भी बिहार सरकार ने पहल किया है, जो आने वाले समय में भी श्रद्धालुओं को देखने और लाभ उठाने का मौका मिलेगा।

शब्दाक्षर के मंच पर डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के तीन काव्य-संग्रहों का लोकार्पण 11 को

गया।राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के मंच पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर तथा शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता सह प्रसारण प्रभारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के प्रथम तीन हिन्दी काव्य-संग्रहों - 'कविता बसंत बन जाती है', 'नये गीत हम गायेंगे' तथा 'नव्य मुक्तक माला' का लोकार्पण आगामी रविवार यानी 11 दिसंबर को चाँदचौरा स्थित शगुन गेस्ट हाउस में अपराह्न 12.30 बजे से होगा। डॉ. रश्मि ने बतलाया कि उनके काव्य-संग्रहों के लोकार्पण के उपरांत आयोजित "शब्दाक्षर काव्यानुष्ठान" में समाज को अपनी रचनाओं द्वारा नयी दिशा देने में जुटे प्रसिद्ध कवि-कवयित्री अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ भी करेंगे। डॉ. रश्मि ने उनकी लोकार्पित होने जा रही काव्य कृतियों के बारे में बतलाया कि उनका चिर-प्रतीक्षित प्रथम काव्य-संग्रह 'कविता बसंत बन जाती है' उनकी उन भावपूर्ण कविताओं का संकलन है, जो उनके हृदय के अत्यंत निकट हैं। उनका द्वितीय काव्य-संग्रह 'नये गीत हम गायेंगे' विभिन्न अवसरों एवं त्योहारों को ध्यान में रख कर लिखी गयी रचनाओं का संकलन हैं।

नमामि गंगे सीवरेज योजना ने चार पथ को किया ब्लॉक

सुदर्शन पथ, गुलजारबाग हाट रोड, मीनाबाजार, गुजरी बाजार, पानीटंकी-नौजर घाट रोड

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी के चुनिंदा इलाकों में नमामि गंगे सीवरेज परियोजना का काम कर रही एजेंसी ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर रख दिया है। स्थिति यह है कि इस वैवाहिक मौसम में लोगों को लंबा जाम में फंसना पड़ रहा है। दूसरी ओर सरकारी और निजी कार्यालयों में काम करने वाले से लेकर अस्पताल और कोर्ट जाने वाले, ट्रेन पकड़ने वालों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों का स्कूल बस भी जाम में फंस रहा है। मगर इस ओर शासन, पुलिस प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। जनता समस्याओं से जूझते हुए परेशान है और इस योजना के लिए काम कर रही एजेंसी को कोसने का काम कर रही है। दरअसल सुदर्शन पथ की बात करें, तो अब भी नवाब बहादुर रोड के दक्षिणी छोर से लेकर अगमकुआं आरोबी के बीच तीन जगहों पर गड्ढा कर आधा से अधिक रोड घेर कर काम शुरू है। अब सिंगल रोड में भी रोड को आधा से अधिक छोटा कर दिया जाए, तो जाहिर है यातायात व्यवस्था चरमरा जाएगी। यदि वाहन लेकर कोई नवाब बहादुर रोड की ओर जाना चाहे, तो उस ओर सड़क की छाती में असमान गड्ढे और उबड़ खाबड़ है। यदि वाहन चालक गुलजारबाग हाट रोड की ओर जाना चाहे, तो वहां भी आधे से अधिक रोड को गड्ढा कर और घेर कर काम किया जा रहा है।

वाहन चालक यदि शेरशाह रोड के मीना बाजार के रास्ते को पकड़ते हैं, तो उस ओर भी नगर निगम कार्यालय के पास और आगे भी गड्ढा नमामि गंगे परियोजना का काम कर रही एजेंसी के द्वारा किया गया है या तो फिर सड़कें उबड़ खाबड़ हैं। जल्ला रोड की ओर जाने का मतलब है कि आप धूल-गर्दा से सराबोर हो जाएं। इस रास्ते में भी सड़क पर असमान गड्ढे और मिट्टी का ढेर से सड़क दिखती नहीं है। यदि वाहन चालक लड्डू अखाड़ा नहर होते हुए बिस्कोमान गोलंबर की ओर या सैदपुर नहर के दोनों ओर सड़क की ओर जाना चाहें, तो चल रहे महात्मा गांधी सेतु पुल निर्माण के कारण जाम में फंसना मजबूरी है। वाहन चालक यदि अशोक राजपथ को पकड़ते हैं, तो यूनानी चिकित्सा संस्थान गेट से लेकर चौक के मिरचाई गली मोड़ के बीच तीन स्थान पर आधे से अधिक सड़क को गड्ढा कर घेर कर काम किया जा रहा है। बाकी बीच-बीच में लंबी दूरी में सड़क के उबड़-खाबड़ टीला में तब्दील है। यदि खाजेकलां नीम घाट और पुरानी महावीर घाट लिंक पथ को पकड़ कर जाएं, तो दीवान मोहल्ला के शीशमहल मोड़ और उसके पश्चिम की ओर भी नमामि गंगे ने सड़क को इस कदर खोदकर घेर डाला है कि बमुश्किल एक बार में एक ही दोपहिया वाहन गुजर पाएगा। ऐसे में एक तरह से कहें तो एजेंसी वालों ने पूरी तरह से सिटी वालों को एक छोर से दूसरे छोर जाने के लिए नाकाबंदी कर रखा है और जो थोड़ा सा रास्ता मुहैया कराया गया है, उस जाम में फंसकर लोग बेहाल हो रहे हैं। एजेंसी के द्वारा काम समाप्त करने के बाद भी सड़क या गली के रास्ते को समतल नहीं किया जा रहा है। इससे परेशानी बढ़ती ही जा रही है, मगर इस ओर शासन, पुलिस प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। दशहरा और छठ के अवसर पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसी के लोगों, नगर निगम और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भी निर्देश दिया था, मगर आधे-अधूरे तरीके से सड़क का समतलीकरण किया गया। आज भी पश्चिम दरवाजा से लेकर चौक के बीच अशोक राजपथ, शेरशाह पथ और सुदर्शन पथ की स्थिति बुरी और भयावह बनी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, सोमवार, 05 दिसंबर, 2022

दिल्ली एमसीडी चुनाव: लगभग 65 प्रतिशत मतदान

प्रात: किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में नगर निगम चुनाव के लिए रविवार को शाम सात बजे तक लगभग 65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कई उन मतदान केंद्रों पर मतदान अभी जारी है, जहां मतदाता शाम 5:30 बजे से पहले पहुंच गये थे। दिल्ली में सभी वार्ड में शाम साढ़े पांच बजे तक लगभग 50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान शाम 5.30 बजे समाप्त हुआ। हालांकि अपराह्न 12.30 बजे तक 18 फीसदी मतदान हुआ था, जबकि अपराह्न 2.30 बजे तक 30 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। शाम चार बजे तक 45 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। वर्ष 2017 के पिछले नगर निगम चुनावों में 53 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। मतगणना सात दिसंबर को होगी। राज्य निर्वाचन अधिकारी (एसईसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सभी वार्ड में चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चली। अभी तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इस चुनाव में मुख्य तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं। कुल 1,349 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,45,05,358 हैं, जिनमें 78,93,418 पुरुष, 66,10,879 महिलाएं और 1,061 ट्रांसजेंडर व्यक्ति हैं। मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी। अधिकारियों ने मतदान के लिए दिल्ली में 13,638 मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 493 स्थानों पर 3,360 बूथ संवेदनशील के रूप में चिह्नित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारियों ने कहा कि मतदाताओं के गुणवत्तापूर्ण अनुभव के लिए दिल्ली में सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले 68 मॉडल मतदान केंद्र और इतने ही पिंक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 100 और उससे अधिक आयु के 229 मतदाता हैं और 80 से अधिक लेकिन 100 वर्ष से कम आयु के 2,04,301 मतदाता हैं।

परिवार के सदस्यों के साथ मतदान केंद्र पहुंचे बच्चों में देखी गयी उत्सुकता

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में कई बच्चे रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव के दौरान अपने माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया से रूबरू हुए। इस दौरान बच्चों में भी उत्साह देखा गया। कई मतदान केंद्रों पर बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी, जिसमें क्रेच सुविधा, झूले और डेक-अप सेल्फी कियोस्क शामिल थे। कक्षा चार का छात्र नमन अपने नाना के साथ पूसा संस्थान के मतदान केंद्र पर गया था। नमन ने कहा, यही वह स्कूल है जहां मैं पढ़ता भी हूं। यह पहली बार है जब मैं बूथ पर आ रहा हूं और यह रोमांचक है। इस अवसर पर मेरे स्कूल को खूबसूरती से सजाया गया है। नमन का स्कूल चुनाव के लिए 68 मॉडल बूथों में से एक था। लाजपत नगर निवासी उषा गुप्ता (67) भी अपनी पोती को मतदान केंद्र ले गईं। उषा गुप्ता ने कहा, मेरी पोती हमारे इलाके में खराब सड़कों, गंदगी और कचरे के ढेर के बारे में शिकायत करती रहती है। मैं उसे बताती रहती हूं कि यह नागरिक एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि वे इस मुद्दे का समाधान करें। आज, मैंने उसे मतदान के अधिकार के महत्व के बारे में भी बताया और बताया कि हम अपने अधिकार का प्रयोग कैसे कर सकते हैं और बदलाव की आशा कर सकते हैं। उनकी पोती, प्रगुन गुप्ता ने कहा, वह यह देखने के लिए उत्साहित थीं कि यह मतदान प्रक्रिया कैसे होती है। प्रगुन गुप्ता ने कहा, मैंने सिर्फ इसके बारे में सुना था लेकिन आज मैंने देखा कि मेरी दादी ने कैसे वोट डाला। अब कम से कम हमारी सड़कें ठीक होंगी और कचरा नहीं होगा। मैं भी एक दिन मतदान करूंगी जब मैं 18 साल की हो जाऊंगी, लेकिन मेरे पास अभी इसके लिए कई साल बाकी हैं। मालवीय नगर के एक मतदान केंद्र पर अपनी पत्नी और पांच साल के बेटे के साथ आए हर्षित (38) ने कहा, मेरे बेटे को ठीक-ठीक यह समझ में नहीं आता कि चुनाव और मतदान की प्रक्रिया क्या होती है, लेकिन जब से हम घर में राजनीतिक चर्चाएं कर रहे हैं, वह इस प्रक्रिया के बारे में जानने के लिए उत्सुक हो गया है। इसलिए हम उसे साथ लेकर गए और दिखाया कि वोट का मतलब क्या होता है। मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ था जो शाम साढ़े पांच बजे समाप्त हुआ। इस चुनाव में मुख्य तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं। कुल 1,349 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में मतदाताओं की कुल संख्या 1,45,05,358 हैं, जिनमें 78,93,418 पुरुष, 66,10,879 महिलाएं और 1,061 ट्रांसजेंडर व्यक्ति हैं। मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी। अधिकारियों ने मतदान के लिए दिल्ली में 13,638 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे।

महिला मतदाताओं के लिए पार्क की सफाई, रख-रखाव महत्वपूर्ण मुद्दे

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में रविवार को मतदान करने वाली महिलाओं के लिए साफ-सफाई, पार्क का रख-रखाव और पार्किंग सुविधाओं का अभाव चिंता के मुख्य मुद्दे थे। वोट डालने के लिए यहां दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित ह्यपिंकह्ल मतदान केंद्र पर पहुंचीं डॉक्टर रेहाना परवीन ने कॉलोनी से कूड़ा उठाने के मुद्दे को चिंता का एक प्रमुख मुद्दा बताया। उन्होंने कहा, कॉलोनी से छुट्टी के दिन या त्योहार के दिन भी कूड़ा उठाया जाना चाहिए। वर्तमान में, आमतौर पर किसी भी त्योहार के दिन कॉलोनी में कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ दिखाई देता है। मेहमान आते हैं और हमारी कॉलोनी को इतना गंदा देखते हैं तो बहुत शर्मिंदगी होती है। परवीन की बेटी हादिया फातिमा पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा कि वाहन पार्किंग भी उनके लिए चिंता का एक प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने कहा, मुझे अपना वाहन हर दिन सड़क पर पार्क करना पड़ता है। हमेशा यह डर बना रहता है कि गाड़ी चोरी हो जाएगी। पार्किंग के मुद्दे पर रोज झगड़े होते हैं और लोगों में लैंगिक पूर्वाग्रह भी है। द्वारका के एमबीएस इंटरनेशनल स्कूल में मतदान करने गई पूनम त्यागी (53) ने कहा, मुख्य मुद्दा यह है कि सोसायटी में सफाई के बावजूद, सड़कों के नुक्कड़ पर अभी भी कूड़ा जमा है। लगभग हर साझा क्षेत्र में आप कचरे का ढेर देख सकते हैं। इसका समाधान होना चाहिए। महिलाओं ने अपने क्षेत्र में पार्क के खराब रख-रखाव पर भी अफसोस जताया और मांग की कि एमसीडी में सत्ता में आने वाली पार्टी को इस मुद्दे का हल करना चाहिए। मालवीय नगर के एक मतदान केंद्र पर 67 वर्षीय मतदाता वेद वाधवा ने कहा, पास में एक पार्क है और हम सर्दियों में वहां जाते थे। लेकिन पिछले कुछ साल से पार्क की हालत खराब है और हमें टहलने के लिए दूसरी कॉलोनी में जाना पड़ता है।

मतदाता सूची से नाम गायब होने से कई लोग हुए मायूस

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए खजूरी खास के एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की सूची उलट-पलट रहे 19 वर्षीय पुनीत कुमार रविवार को पहली बार मतदान करने के लिए उत्साहित थे, लेकिन सूची से अपना नाम नदारद मिलने पर वह निराश हो गए। निराश और हताश पुनीत ने कहा, मैं यहां अपना वोट डालने आया था। मैंने देखा कि सूची में मेरा नाम नहीं है। अधिकारियों को कुछ अता पता नहीं है। मैं पिछले कुछ घंटों से खड़ा हूं लेकिन कोई मेरी मदद नहीं कर रहा है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली और कई अन्य क्षेत्रों में लोगों ने शिकायत की कि मतदाता सूची में उनके नाम का उल्लेख नहीं किया गया था, जिस कारण वे मतदान नहीं कर सके। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अनिल कुमार उन लोगों में शामिल थे, जो सूची से अपना नाम गायब होने के कारण मतदान नहीं कर सके। अनिल कुमार ने पूर्वी दिल्ली के दल्लूपुरा में एक मतदान केंद्र पर कहा, मेरा नाम न तो मतदाता सूची में है और न ही हटाई गई सूची में। मेरी पत्नी ने मतदान किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के इशारे पर उनके उत्तर-पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के मौजपुर और यमुना विहार इलाकों में सैकड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। मनोज तिवारी ने मौजपुर वार्ड में संवाददाताओं से कहा, मैंने इस संबंध में राज्य चुनाव आयुक्त से बात की है और उनके पास शिकायत दर्ज कराई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम यहां चुनाव रद्द करने की मांग करेंगे।उन्होंने कहा कि वह संबंध में कानूनी विकल्प भी तलाश करेंगे।

सैल्यूट तिरंगा ने मनाया भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 138वां जयंती

कटक, एजेंसी। बक्सी बाजार स्थित झुनझुन वाला कंपलेक्स में सैल्यूट तिरंगा एवं कटक महानगर छठ पूजा समिति की ओर से संयुक्त तौर पर स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 138 वा जन्म जयंती मनाया गया है। संस्था के अध्यक्ष शैलेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में चली इस कार्यक्रम में रेल श्रमिक नेता उत्कल भूषण राउतराय ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेकर कार्यक्रम का उद्घाटन करने के साथ-साथ स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की फोटो चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पण किया. इस मौके पर वह स्वर्गीय डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को याद करने के साथ-साथ उनकी जिंदगी के ऊपर रोशनी डाला. बिहार के एक छोटे से गांव जीरादेई में वर्ष 1884 में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जन्म हुई थी. डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद महात्मा गांधी के साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम में काफी अहम भूमिका निभाए थे. डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केवल देश के पहले राष्ट्रपति नहीं थे बल्कि भारत के पहले भारत रत्न, देश में पहले डॉक्टरेट सम्मान प्राप्त करने वाले शकसियत थे। वह 1952 और 1957 में दो बार लगातार देश के राष्ट्रपति बने. कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर वकील धरणी पटनायक हिस्सा लेकर कहा कि, डॉ राजेंद्र प्रसाद ओडिशा के उच्च न्यायालय में वकील के तौर पर भी कार्य किए थे और कई गरीब और मजलूम लोगों को न्याय दिलाया था. सैल्यूट तिरंगा के प्रांतीय अध्यक्ष शैलेश कुमार वर्मा ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के बारे में बताते हुए कहा कि हम सभी को अपने बच्चों में डॉ राजेंद्र प्रसाद जैसा गुण डालने की आवश्यकता है और उनके पद चिन्हों पर चलकर एक अच्छे नागरिक एवं राष्ट्र सेवा में तत्पर रहना होगा. उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद एक छोटे से गांव से राष्ट्रपति तक की उपलब्धि पूरे देश के लिए गौरव की बात है आज के युवा छात्र भी कल के डॉ राजेंद्र प्रसाद बन सकते हैं. उपाध्यक्ष मनोज शर्मा के संचालन में चली इस उत्सव में सुनील कुमार शर्मा, संजय ओझा, सुरेश शर्मा, हिंदू सेना के राज्य अध्यक्ष देवाशीष राउत, रंजन सिन्हा, कपिल देवराम, राजनाथ चतुर्वेदी, निखिल साहा, संजय शर्मा के साथ कई सदस्य शामिल होकर उनके फोटो चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन एवं वंदन किया.

दिल्ली उच्च न्यायालय ने निचली अदालत का रिकार्ड नहीं मिलने पर अभियुक्त की दोषसिद्धि खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की दोषसिद्धि तथा उसे सुनायी गयी छह साल की कैद की सजा यह कहते हुए दरकिनार कर दी कि निचली अदालत का रिकार्ड गुम हो गया और गवाहों की गवाही समेत ठोस दस्तावेज आगे की सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने दोषसिद्धि एवं सजा संबंधी निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध अभियुक्त की ओर से दायर की गयी अपील पर कहा कि अपील पर सुनवाई के लिए निचली अदालत के रिकार्ड पर गौर करना जरूरी है और हर अपीलकर्ता के पास अपीलीय अदालत को इस बात को लेकर संतुष्ट करने का अधिकार है कि उपलब्ध सामग्री (साक्ष्य) उसकी दोषसिद्धि को न्यायसंगत नहीं ठहराती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि अपील के चरण में हर आरोपी की बेगुनाही की धारणा रहती है। उच्च न्यायालय ने इसी के साथ अभियुक्त की अपील स्वीकार कर ली तथा उसे गैर इरादतन हत्या के आरोप में छह साल के लिए जेल भेजने के निचली अदालत के आदेश को दरकिनार कर दिया। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने अपने हाल के आदेश में कहा, मेरा मत है कि अपीलकर्ता की दोषसिद्धि को सही ठहराने के वास्ते अपील पर सुनवाई के लिए निचली अदालत के रिकार्ड पर गौर करना जरूरी है। हर अपीलकर्ता के पास अपीलीय अदालत को इस बात को लेकर संतुष्ट करने का अधिकार है कि उपलब्ध सामग्री (साक्ष्य) उसकी दोषसिद्धि को न्यायसंगत नहीं ठहराती है। यह एक बहुमूल्य अधिकार है जिससे अपीलकर्ता को वंचित नहीं किया जा सकता है।

दिल्ली नगर निगम चुनाव : पॉश इलाके में भी बड़ी संख्या में सीनियर सिटीजन आ रहे हैं मतदान करने

नई दिल्ली। दिल्ली मे नगर निगम चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। आम तौर पर देखा जाता है कि पॉश इलाकों में वोटिंग परसेंज काफी कम होती है लेकिन इस बार नजारा कुछ अलग दिख रहा है। पॉश इलाके मे भी बड़ी संख्या में लोग वोट देने के लिए पोलिंग बूथ पर आ रहे है। दक्षिणी दिल्ली के सबसे पॉश इलाके वसन्त विहार इलाके में वोटिंग परसेंज काफी कम होती है, लेकिन इस बार यहां का नजारा भी कुछ बदला-बदला सा है। यहां सुबह से ही लोग पोलिंग बूथ पर वोटिंग करने के लिए आ रहे हैं, जिनमें सबसे ज्यादा सीनियर सिटीजन और उनमें भी महिलाएं आ रही हैं। यहां कोई ह्वील चेयर से तो कोई गाड़ी से वोट डालने आ रहा है। मोबाइल लॉकर की भी है सुविधा : वैसे यहां हर वर्ग के लोग वोटिंग के लिए आ रहे हैं। यहां इस बूथ पर दिल्ली पुलिस के जवान मौजूद हैं जो बुजुर्गों को पोलिंग बूथ तक ले जाने में सहायता कर रहे हैं। साथ ही मोबाइल लॉकर की भी सुविधा है। जिसमें आप अपना मोबाइल लॉकर में रखकर लॉक कर चाबी साथ में ले जा सकते हैं। वोट डालने के बाद अपने मोबाइल को लॉकर से ले सकते हैं। यहां वोट करने आए लोगों में काफी उत्साह है। यहां के वैसे बुजुर्ग जिन्हें चलने-फिरने में दिक्कत है वे भी लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस बार यहां का वोटिंग परसेंटेज बढ़ने की उम्मीद : आपको बता दें कि वसन्त विहार इलाका दिल्ली के सबसे बड़े पॉश इलाके में एक है। यहां ज्यादातर लोग उद्योगपति, बड़े नौकरशाह, राजनेता एवं फिल्म स्टार्स के घर हैं। यहां बड़ी संख्या मे सीनियर सिटीजन लोग भी हैं। यहां कई देशों की एम्बेसी भी है।अक्सर देखा गया है कि यहां के लोग वोटिंग करने के लिए कम ही घरों से निकलते हैं, जिसके कारण यहां की वोटिंग परसेंटेज काफी कम होती है लेकिन इस बार कुछ अलग दिख रहा है और बड़ी संख्या में लोग पोलिंग बूथ पर आ रहे हैं। जिससे उम्मीद है कि इसबार यहां वोटिंग परसेंज ज्यादा होगी।

संक्षिप्त खबरें

काउंसलर के मोबाइल झपटमारी पर पुलिस को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आयोग में क्राइसिस इंटरवेंशन सेंटर कार्यक्रम में कार्यरत एक काउंसलर के साथ मोबाइल छीनने की घटना को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। आयोग के सीआईसी कार्यक्रम के साथ काम करने वाली एक काउंसलर ने आयोग में शिकायत दर्ज करवाई। सीआईसी द्वारा सौंपे गए आधिकारिक कार्य के तहत काउंसलर एक शिकायतकर्ता से मिलने सीलमपुर पुलिस स्टेशन गई थी। इसके बाद यौन उत्पीड़न में एक पीड़िता की सहायता के लिए थाने से जग प्रवेश चंद्र अस्पताल जाने के लिए ई-रिक्शा लिया। उसने बताया कि जब वह शास्त्री पार्क रोड के पास पहुंची तो 30 नवंबर को बाइक सवार तीन लोगों ने उसका फोन छीनने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया, तो उसे रिक्शा से बाहर खींच लिया। उसके पैर चलते रिक्शा में फंस गए, जिससे वह जमीन पर घिसट गई। घटना के बाद रिक्शा चालक उसे शास्त्री पार्क थाने ले गया, जहां से उसे जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया और उसकी एमएलसी कराई गई। काउंसलर अक्सर विषम परिस्थितियों में काम करती हैं और उन्हें अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ती है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण था कि एक काउंसलर जिसे यौन हिंसा की पीड़िता की सहायता करने के लिए नियुक्त किया गया था, उस पर हमला हो गया और उसे अस्पताल ले जाना पड़ा।

द्वारका पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले बदमाश को किया गिरफ्तार, 4 बाइक बरामद

नई दिल्ली। द्वारका जिले के बिंदापुर पुलिस ने एक ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान, विकास कटारिया के रूप में हुई है। वह उत्तम नगर के भगवती विहार का रहने वाला है। उसके कब्जे से चोरी की कुल चार दोपहिया वाहन बरामद की गई है। डीसीपी एम. हर्षवर्धन के अनुसार, जिले की पुलिस लगातार इलाके में गश्त कर संदिग्धों की जांच और सूत्रों को सक्रिय कर बदमाशों के बारे में जानकरियों को विकसित कर उसकी पकड़ के लिए प्रयासरत रहती है। इसी कड़ी में बिंदापुर के एसएचओ राजेश मलिक की देखरेख में इंस्पेक्टर राजपाल मीणा, हेड कॉन्स्टेबल सतीश और अन्य की टीम इलाके में गश्त कर संदिग्धों की जांच में लगी हुई थी।

लगातार चौथी बार बीजेपी जीतेगी, आप के भ्रष्टाचार पर जनता करेगी वोट से चोट: बीजेपी

नई दिल्ली। दिल्ली बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने एमसीडी चुनाव में मतदान किया। इसके बाद उन्होंने बातचीत के दौरान स्पष्ट तौर पर कहा कि बीजेपी अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से निश्चित है। लगातार चौथी बार एमसीडी चुनाव में जीत दर्ज कर वापस आ रही है। इस बार का चुनाव भ्रष्टाचार के मुद्दे पर हो रहा है। दिल्ली में दो-तीन कूड़े के पहाड़ हो तो साफ होंगे ही, लेकिन भ्रष्टाचार के पहाड़ अरविंद केजरीवाल ने बनाए हैं। इस बार दिल्ली की जनता मतदान करेगी। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने बातचीत के दौरान माना की वोटिंग की रफ्तार थोड़ी धीमी जरूर है, लेकिन दिन बढ़ने के साथ यह रफ्तार तेज होगी। लोग बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों का रूख करके चोट करेंगे। पिछली बार 53.55 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार 60 फीसदी तक होगा। सिंह ने कहा कि दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त करना है। आज डीटीसी विभाग शिक्षा विभाग को या अन्य विभागों हर विभाग में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार फैला है। दिल्ली के 3 बड़े कूड़े के पहाड़े निश्चित तौर पर हट जाएंगे, लेकिन आम आदमी पार्टी ने जो भ्रष्टाचार के तीन पहाड़ खड़े किए हैं, जिसके चलते सत्येंद्र जैन जेल में बंद है।

झूठ की राजनीति करते हैं केजरीवाल : गौतम गंभीर

प्रात: किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में चल रहे एमसीडी चुनावों को लेकर वोटिंग की प्रक्रिया के बीच अलग-अलग क्षेत्रों से सांसदों, विधायकों और सेलिब्रिटी के मतदान की तस्वीरें सामने आई। इस बीच पूर्वी दिल्ली से सांसद गौतम गंभीर ने ओल्ड राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन नंबर 39 पर अपनी पत्नी के साथ मतदान कर अपने वोटिंग राइट का उपयोग किया। वोट डालने के बाद गौतम गंभीर ने मीडिया से बातचीत के दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के ऊपर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरह से शराब की आबकारी नीति को लेकर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है, उससे दिल्ली सरकार के सभी विभागों में भ्रष्टाचार बड़े स्तर पर हुआ है। उसको लेकर सच सबके सामने आएगा। भाजपा एमसीडी में किए गए अपने कामों और सच को लेकर दिल्ली की जनता के बीच में जा रही है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपने आठ साल के कार्यकाल में एक बार भी गाजीपुर नहीं गए हैं और ना ही एक बार भी उसकी बात की। लेकिन इस बार एमसीडी चुनाव में उसकी बात कर रहे हैं, जो पूरे तरीके से एक एजेंडा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने ना तो राजधानी के अंदर कोई भी स्कूल और कॉलेज नहीं बनाया और ना ही यमुना की सफाई को लेकर कोई काम किया। इसको लेकर भाजपा लगातार सवाल पूछ रही है, लेकिन मुख्यमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा ने एमसीडी में रहते हुए पार्कों में ओपन जिम लगाए है। जन रसोई की सुविधा लोगों को दी है। साथ ही अन्य सुविधाएं भी लोगों को सरल रूप से मुहैया कराई है।

एमसीडी चुनाव में कितनी सीटें भाजपा जीतेगी इस पर सवाल पूछे जाने पर गंभीर ने कहा मैं कोई एस्ट्रोलॉजर नहीं हूं, जो भविष्यवाणी कर सकूं, जो नतीजे आएंगे वह सबके सामने होंगे, लेकिन इतना कहना चाहता हूं कि भाजपा अपने किए गए कामों और सच को लेकर जनता के बीच में गई है। उल्लेखनीय है कि राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव को लेकर आज मतदान का बेहद महत्वपूर्ण दिन रहा। 250 वार्डों में लोगों ने जाकर वोट डाले। सुबह 8 बजे से वोटिंग की शुरूआत होने के बाद से ही मतदान की रफ्तार काफी धीमी रही।

5 हजार दिव्यांग उद्यमी बनाने की मुहीम में अग्रसर: सक्षम-आइडिया

प्रात: किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के इंडिया गेट के कर्तव्य पथ पर चल रहे दिव्य कला मेले में दिव्यांगों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में देश भर से आई कई गैर-सरकारी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में सक्षम-आइडिया भी दिव्यांगजनों को उद्यमी बनाने और रोजगार उपलब्ध कराने के क्षेत्र में अग्रसर है।

सक्षम-आइडिया का लक्ष्य 2025 तक 5 हजार दिव्यांगों को उद्यमी (इंटरप्रेन्योर) बनाने का है जिससे के माध्यम से एक लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। सक्षम-आइडिया इसके लिए एंटरप्रेन्योरशिप डवेलेपमेंट प्रोग्राम के जरिये दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिए देश भर में 5 दिव्यांगजन उद्यमी विकास केंद्र स्थापित कर चुका है जिसके माध्यम से दिव्यांगो को जरूरी प्रशिक्षण, मार्किट लिंकेज और आर्थिक आवश्यकताओं में निरंतर सहयोग कर रहा है। आइडिया दिव्यांग जनों को रोजगार से जोड़ने के लिए कंपनियों के साथ रोजगार मेला और कैम्पस कनेक्ट का आयोजन करती है, ताकि दिव्यांग जनों के लिए विशेष और सुगम वातावरण में रोजगार का उचित प्रबंध हो सके।

सक्षम आइडिया के संस्थापक एवं सीईओ मल्लिकार्जुन इयता ने बताया, सक्षम-आइडिया ने देश के विभिन्न हिस्सों में दिव्यांगजन इन्क्यूबेशन केंद्र की स्थापना की है जिसमें ऐसे दिव्यांगजनों को चुना जाता है जो अपना स्वरोजगार करना चाहते हों या अपने छोटे उद्यम को आगे बढ़ाना चाहते हों। ऐसे दिव्यांग जनों के बैच बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है, उसके साथ ही 25 हजार की एक अनुदान राशि देकर उनका उद्यम शुरू करवाया जाता है। उद्यम शुरू होते ही उन्हें मार्किट से जोड़कर उनके उद्यम को आगे बढ़ाने का काम भी सक्षम-आइडिया की टीम करती है। इस संस्था का प्रयास देश भरके दिव्यांग जन उद्यमियों का नेटवर्क स्थापित करना है ताकि सभी दिव्यांग एक दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ सकें। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता द्वारा 2 से 7 दिसंबर तक आयोजित इस दिव्य कला मेले में सक्षम-आइडिया के 50 से अधिक दिव्यांग उद्यमी अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे है। दिव्य कला मेले का उद्देश्य देश भर के दिव्यांग कारीगरों, शिल्पकारों और हस्तकारों के उत्पादों और शिल्प कौशल का बड़ा मंच प्रदान करना है। मेले में प्रतिदिन दिव्यांगजनों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

सर्वश्रेष्ठ रचना आदि शंकराचार्य जनसेवा ट्रस्ट ने किया आयोजन, लगभग 2500 वर्ष पूर्व भगवगपाद जगद्गुरु आदिशंकराचार्य ने पूरे देश मे शास्त्रार्थ कर सभी विद्वानों को हराकर सनातन धर्म की पुनर्स्थापना की....

श्रीमदभगवद गीता जयंती कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। विश्व की सर्वश्रेष्ठ रचना 'श्रीमदभगवदगीता' को माना गया है। विक्रम संवत के अनुसार मार्गशीष शुक्ल एकादशी को श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान व अपने विराटस्वरूप के दर्शन दिए। आदिशंकराचार्य जनसेवा ट्रस्ट के संयोजन में भगवदगीता जयंती कार्यक्रम हिंगलाज भवानी मन्दिर, इंद्रप्रस्थ विस्तार, दिल्ली में धूमधाम से मनाया गया। लगभग 2500 वर्ष पूर्व भगवगपाद जगद्गुरु आदिशंकराचार्य ने पूरे देश मे शास्त्रार्थ कर सभी विद्वानों को हराकर सनातन धर्म की पुनर्स्थापना की। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता पर पहला भाष्य लिखा, जिसे रप्रस्थानत्रयी शांकर भाष्यर के नाम से प्रचलित है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन किया गया। आर्यसमाज के आचार्य सुनील शास्त्री ने भगवदगीता के पाठन की महत्ता पर चर्चा की और बताया कि वह शिष्यों को प्रतिदिन गीता स्मरण करवाते हैं। वैज्ञानिक डॉड्ड सुब्रमण्या ने आदिशंकराचार्य कृत सौन्दर्यलहरी व भगवदगीता के विषय पर अपने विचार रखे। श्रीमद्भगवद्गीता के प्रसार में लगे पंडित दिलीप कृष्ण ने बताया कि कैसे भगवदगीता के माध्यम से उन्होने परिवारों में संस्कार जगाया है। सिंधी समाज के विद्वान बंसी धमेजा ने बताया कि कैसे भगवदगीता पढ़कर उनके जीवन प्रभावित हुआ व लोगों को श्रीमद्भागवत गीता के विषय मे ज्ञान वितरित करने को ही अपना जीवन का उद्देश्य मानने लगे हैं। विश्व हिन्दू परिषद के सह केंद्रीय मंत्री व प्रचारक रास बिहारी ने गीता के माध्यम से जीवन शैली बदलने की आवश्यकता के विषय पर बताया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक माननीय धर्मनारायण ने भगवदगीता के श्लोकों के अर्थ से समाज व राष्ट्र चरित्र को निर्माण के लिए सबसे उपयुक्त बताया। भगवान श्रीकृष्ण ने भगवदगीता में कर्मयोग, भक्तियोग व ज्ञानयोग का वर्णन कर अर्जुन को नई राह दिखाई व उसे असत्य के विरुद्ध लड़ने को प्रेरित किया। गीता मानस संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक व संस्कृत के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. राधा कृष्ण मनोडी ने अपने समापन व्यक्तव्य में श्रीमद्भवद्गीता को विश्व कल्याण के लिए सबसे आवश्यक व शांति स्थापित करने का मूल मंत्र बताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध उद्योगपति विजय इसरानी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि गीता जयंती के कार्यक्रम पूरे देश मे जगह जगह होने चाहिए, जिससे समाज मे चेतना आएं। अंत मे आदिशंकराचार्य ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने सभी वक्ताओं, उपस्थित श्रोताओं, ट्रस्ट सदस्यों व कार्यकताओं का धन्यवाद करते हुए जीवन मे भगवदगीता को चरितार्थ करने का निवेदन किया व बताया कि भगवदगीता एक उपनिषद जिसे गीतोपनिषद के नाम से भी जाना जाता है और वेदांत का सार है। गीता में धर्म,भक्ति, ज्ञान, कर्म, दान, त्याग,तपस्या,नैतिकता, पुण्य, संस्कार, युद्ध कौशल, मनोविज्ञान, दर्शन आदि विषयों के विषय मे तात्विक ज्ञान दिया है, जिससे सम्पूर्ण जीवन सृष्टि व मानव कल्याण के लिए जिया जा सकता है।कार्यक्रम में संचालन में ट्रस्ट की तरफ से विनोद सिंघल, महेश गुप्ता, महेश हिंगोरानी, दीपक अग्रवाल, रोहित रस्तोगी, प्रभात शर्मा, प्रधुम्न शर्मा, संतोष गुप्ता, पुनीत ढींगरा, वासुदेव बंसल, दीपक खन्ना इत्यादि ने प्रमुख भूमिका निभाई। ट्रस्ट के सदस्यों ने अतिथियों को आदिशंकराचार्य के चित्र व जीवनी भेंट की। उपस्थित श्रोताओं को निःशुल्क भगवदगीता का वितरण भी किया गया।मंच संचालन आदिशंकराचार्य जनसेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने किया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें
पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

पिंक बूथ, आदर्श मतदान केंद्रों पर बाल देखभाल सुविधा, लाउंज जैसी व्यवस्था

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में रविवार को पिंक बूथ और आदर्श मतदान केंद्रों पर बच्चों के देखभाल की सुविधाओं, सेल्फी प्वाइंट, लाउंज और कैंडीज से मतदाताओं का स्वागत किया गया। दिल्ली के 250 वार्ड के लिए मतदान सुबह आठ बजे शुरू हुआ जो शाम साढ़े पांच बजे तक चलेगा। मतों की गिनती सात दिसंबर को होगी। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने 68 पिंक बूथऔर इतने ही आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए हैं। उत्तर पूर्व दिल्ली के खजूरी खास में सिर्फ महिला कर्मचारियों के प्रबंधन वाले गुब्बारों से सजे पिंक बूथ पर आईं मतदाता मोमिना राशिद ने कहा, यह सुखद लग रहा है। मतदान आसान हो गया है। उन्होंने कहा, हमें अपने अधिकारों का प्रयोग करने की आवश्यकता है। हमारे सामने सड़कों और जल निकासी की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दे हैं। हम चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र को साफ किया जाए। पिंक बूथ परिसर के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गयी है और पुलिस तथा अर्द्धसैनिक बलों के जवान बिना किसी परेशानी के मतदान सुनिश्चित कर रहे हैं। सेल्फी प्वाइंट ने भी मतदाताओं को आकर्षित किया, जिनमें से कई वोट डालने के बाद तस्वीरें लेते देखे गए। एसईसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ह्यह्यसिर्फ महिला कर्मचारियों द्वारा प्रबंधित पिंक बूथ पर नवजात बच्चों वाली माताओं के लिए दुग्धपान कक्ष, मतदाताओं के साथ आने वाले छोटे बच्चों के लिए क्रेच सुविधा, झूले और सेल्फी कियोस्क शामिल हैं। खजूरी खास पिंक बूथ के अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि सुविधाएं और साफ-सफाई लोगों को मतदान के लिहाज से आगे आने के लिए प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा, दिव्यांग लोगों के लिए रैंप (विशेष रास्ता) हैं, जिसके जरिए उन्हें वोट डालने के स्थान तक पहुंचाया जाता है। मॉडल मतदान केंद्रों में प्रतीक्षालय, लाउंज और सेल्फी कियोस्क हैं, जबकि मतदाताओं को कैंडी वितरित की जा रही हैं। एसईसी अधिकारी ने कहा कि नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक दिव्यांग लोगों और वरिष्ठ नागरिकों की मदद कर रहे हैं। डीडीयू मार्ग पिंक बूथ पर वकील एकता धमा ने निर्वाचन आयोग की पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, साफ-सुथरा परिसर और मदद करते मतदान अधिकारियों को देखकर वास्तव में अच्छा लग रहा है। वे विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के बीच जागरूकता भी पैदा कर रहे हैं।

उत्साह के साथ मतदान करने पहुंचे दिव्यांग मतदाता

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में रविवार को कुछ दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर पर बैठकर, तो कुछ अन्य बैसाखियों के सहारे मतदान करने पहुंचे और उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। परिवार के सदस्यों की मदद से व्हीलचेयर के जरिये मतदान करने आए प्रवीण (56) ने कहा, हर वोट मायने रखता है। उन्होंने कहा, सभी को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। जब मैंने अपना वोट डाला, तो मेरे जेहन में साफ-सफाई मुख्य मुद्दा था। हरिओम (70) नाम के एक मतदाता बैसाखी के सहारे मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा, हमारे क्षेत्र में कई मुद्दे हैं और मुझे नहीं पता कि उन्हें हल किया जाएगा, या नहीं। लेकिन मुझे पता है कि मेरा वोट मायने रखता है। एमसीडी के 250 वार्ड के लिए हो रहे चुनाव में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के पात्र हैं। रामू यादव (55) नाम के दृष्टिहीन मतदाता ने कहा कि उन्हें अपने वोट की ताकत पता है। करीब 15 साल से पक्षाघात से पीड़ित कमल किशोर भी रविवार सुबह मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा, यह हमें संविधान द्वारा दिया गया अधिकार है और हमें इसका इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि प्रत्येक वोट मायने रखता है।

पंजाबी बाग में मतदान केंद्र पर जाने पर पता चला कोई और डाल गया वोट

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव में मतदान के दौरान पश्चिमी दिल्ली के अलग-अलग इलाके में कई बूथों पर लोगों को अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। कहीं किसी का वोट कोई और डाल गया तो कुछ बूथों पर ह्वील चेयर नहीं होने से बुजुर्गों को परेशानी हुई। बूथ पर पता चला कोई और डाल गया वोट : एमसीडी चुनाव के लिए मतदान जारी है। लेकिन इस बीच वेस्ट दिल्ली के अलग-अलग मतदान केंद्र पर लोग अलग तरह की समस्याओं से जूझते नजर आए। पंजाबी बाग इलाके में जहां एक व्यक्ति अपना वोट कास्ट करने पहुंचा और बूथ के अंदर गया तो बूथ पर बैठे मतदान अधिकारी ने जो जानकारी दी, उससे उसके होश फाख्ता हो गए। मतदान अधिकारी ने बताया कि उसका वोट डल चुका है। उसने आरजू मिन्नतें भी कीं। उसका कहना था कि वह अभी आ रहा है तो उसका वोट पहले पैसे डल गया और कौन डाल गया? इसमें गलती किसकी है? लेकिन मतदान अधिकारी ने उनकी एक भी नहीं सुनी। पोटर आई या आधार कैसे हो सकता है एक उसका कहना है कि उसने अपने वोट के महत्व को समझते हुए वोट डालना जरूरी समझा, लेकिन यहां आने के बाद इस तरह की परेशानी हुई। हैरानी की बात यह है कि एक आदमी का एक ही वोटर कार्ड या आधार कार्ड कैसे हो सकता है? दूसरी तरफ होमगार्ड दफ्तर में बने बूथ पर बुजुर्ग पति-पत्नी जिनकी उम्र 75 साल से भी अधिक थी वे एक दूसरे का सहारा बनकर वोट डालने आए थे। उन्होंने अपनी पेंशन की समस्या को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि वह पेंशन पर ही आश्रित हैं लेकिन काफी समय से उनका पेंशन नहीं आ रहा। व्हीलचेयर नहीं होने से परेशानी इस सेंटर पर व्हीलचेयर नहीं होने के कारण ऐसे बुजुर्ग लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था जो चलने फिरने में असमर्थ थे। यह दंपति एक दूसरे का हाथ पकड़ कर चल फिर तो रहे थे लेकिन उन्होंने कहा कि व्हीलचेयर तो होना चाहिए क्योंकि दिव्यांगों और अन्य ऐसे बीमार और दूसरे लोग जिन्हें चलने फिरने में दिक्कत हो उन्हें उस व्हीलचेयर की जरूरत पड़ती है।

संक्षिप्त खबरें

नफरती भाषण के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश के लिए पूर्व अनुमति जरूरी: अदालत

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने बौद्ध समुदाय के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणियां करने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि उसके निर्देश के लिए सक्षम प्राधिकार से अभियोजन की पूर्व मंजूरी आवश्यक है। अदालत वकील सत्यप्रकाश गौतम की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने भगवान बुद्ध तथा बौद्ध समुदाय के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए स्वामी राम भद्राचार्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था।

द्वारका में अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अभियान, 31 गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका जिले की पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए एक विशेष अभियान में सात दिनों में 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो अवैध रूप से जिले में नशे के कारोबार में लिप्त थे। इनसे 18,140 क्वार्टर अवैध शराब, 40 बॉटल बीयर और ट्रांसपोर्टेशन में प्रयुक्त छह कर सहित एक स्कूटी बरामद की गई है। डीसीपी एम. हर्षवर्धन के अनुसार, एमसीडी चुनाव में अवैध शराब की खपत को देखते हुए जिले में अवैध शराब के कारोबार और इसके करोबारियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया गया था। द्वारका जिले के ऑपरेशन यूनिट सहित सभी थाना इलाकों में इस अभियान के तहत छापेमारियां की गई और अवैध शराब की तस्करी-बिक्री में लिप्त 31 आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। डीसीपी ने बताया की इस अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ, एएटीएस, एंटी नारकोटिक्स की टीमों ने द्वारका के अलग-अलग इलाकों में छापेमारियां की और भारी मात्रा में अवैध शराब को बरामद करते हुए, नशे के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी: मानोज तिवारी

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने यमुना विहार में मतदान किया। उन्होंने मतदान के बाद मीडिया से बात करते हुए मनोज तिवारी ने दावा किया कि एक बार फिर दिल्ली नगर निगम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। तिवारी का कहना है कि भाजपा के खिलाफ कोई एंटी इनकंबेंसी नहीं है। भाजपा ने दिल्ली नगर निगम में अच्छा काम किया है। साफ-सफाई भी अच्छी हुई है। केंद्र सरकार की तरफ से झुग्गी में रहने वालों को पक्का मकान दिया जा रहा है। उनका दावा है कि एंटी इनकंबेंसी अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ है और लोग उनके कामों से खुश नहीं है। दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर मतदान जारी है। वार्ड नंबर 94 गांधीनगर के बूथ संख्या 41 का वोटिंग मशीन तकरीबन 1 घंटे से खराब है। मशीन बदले जाने में काफी टाइम लग रहा है, जिसकी वजह से लोग नाराज हैं और कई लोग वापस लौट चुके हैं। लोगों का कहना है कि व्यवस्था ठीक नहीं है।

दिल्ली के पटेल नगर यार्ड में री-मॉडलिंग कार्य के कारण 21 दिसंबर तक 29 ट्रेनें रद्द

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के पटेल नगर में यार्ड री-मॉडलिंग कार्य के कारण 21 दिसंबर तक 29 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इसके अलावा आठ रेलगाड़ियों को दूसरे रास्तों से चलाया जाएगा और दो रेलगाड़ियों को उनके चलने व पहुंचने के स्टेशनों से अलग दूसरे स्टेशनों से चलाया व रोका जाएगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 3 से 21 दिसंबर तक दिल्ली के पटेल नगर में यार्ड री-मॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनें अस्थायी रूप से रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट, शॉर्ट ओरिजिनेट और डायवर्ट रहेंगी। उन्होंने बताया कि 20 ट्रेनों को तत्काल प्रभाव से 21 दिसंबर तक के लिए रद्द कर दिया गया है। इनमें रेलगाड़ी संख्या 14030/14029 मेरठ-श्रीगंगानगर-मेरठ एक्सप्रेस, 04433/04434 दिल्ली-रेवाड़ी-दिल्ली स्पेशल, 04041/04042 दिल्ली सराय रोहिल्ला-फरुखनगर-दिल्ली सराय रोहिल्ला स्पेशल, 04989/04283 दिल्ली-रेवाड़ी, 04435 रेवाड़ी-मेरठ, 14315 बरेली-नई दिल्ली, 14323/24 नई दिल्ली-रोहतक-नई दिल्ली, 04431 दिल्ली-जाखल, 04999 दिल्ली-शामली, 20409/10 दिल्ली-भटिंडा-दिल्ली, 04424 जींद-दिल्ली, 04988 जींद-दिल्ली, 04303/04 दिल्ली-बरेली-दिल्ली स्पेशल ट्रेन शामिल हैं। सीपीआरओ ने कहा कि 5 से 21 दिसंबर तक जो ट्रेनें रद्द रहेंगी उनमें रेलगाड़ी संख्या 14021/14022 दिल्ली-जयपुर-दिल्ली और 14085/14086 तिलक ब्रिज-सिरसा-तिलक ब्रिज शामिल हैं। इसके अलावा रेलगाड़ी संख्या 04987 दिल्ली-जींद, 14316 नई दिल्ली-बरेली और 05000 शामली-दिल्ली स्पेशल 6 से 21 दिसंबर तक रद्द रहेंगी। इसके अलावा शॉर्ट टर्मिनेशन व ओरिजिनेशन वाली रेलगाड़ियों में रेलगाड़ी संख्या 14727/14728 श्रीगंगानगर-तिलक ब्रिज-श्रीगंगानगर अपनी यात्रा भिवानी में समाप्त करेगी और वहीं से चलेगी। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक रास्ते से चलाई जाने वाली ट्रेनों में रेलगाड़ी संख्या 14623/24 फिरोजपुर-छिंदवाड़ा-फिरोजपुर एक्सप्रेस वाया मथुरा-अलवर-रेवाड़ी-अस्थल बोहर। रेलगाड़ी संख्या 22706/22705 जम्मूतवी-तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस वाया नई दिल्ली-निजामुद्दीन-पलवल। रेलगाड़ी संख्या 22452/22451 चंडीगढ़-बांद्रा टी.-चंडीगढ़, 22942 उधमपुर-इंदौर एक्सप्रेस वाया मथुरा-रेवाड़ी-अस्थल बोहर-रोहतक। रेलगाड़ी संख्या 22705 तिरुपति-जम्मूतवी 13 दिसंबर और रेलगाड़ी संख्या 12550 जम्मूतवी-दुर्ग एक्सप्रेस 15 दिसंबर को आदर्शनगर-नई दिल्ली-पलवल होकर चलेगी।

एमसीडी चुनाव में चुनाव आयोग की लापरवाही के कारण वार्ड-82 के 668 मतदाता वोट नहीं डाल सके

आप विधायक ने की फिर से चुनाव कराने की मांग

- वार्ड-82 के बूथ संख्या 118 के मतदाताओं की सूची चुनाव अधिकारी भूले, इसके चलते मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित रहे
- आप विधायक विशेष रवि ने वार्ड 82 बूथ संख्या 118 में दोबारा चुनाव कराने की मांग की और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। एमसीडी चुनाव में राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण वार्ड-82 के 668 मतदाता वोट नहीं डाल सके। वार्ड-82 के बूथ संख्या 118 के मतदाताओं की सूची चुनाव अधिकारी भूल गए। इसके चलते मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने से वंचित रहे। ह्यआपह्ल विधायक विशेष रवि ने वार्ड 82 बूथ संख्या 118 में दोबारा चुनाव कराने की मांग की और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की मतदाता सूची और नगर निगम चुनाव ऐप के अनुसार वार्ड 82 के सर्वोदय बाल विद्यालय मतदान केंद्र 118 पर कुल 668 मतदाताओं को बूथ संख्या में अपना वोट डालना था। लेकिन इस बूथ पर मतदाताओं की सूची नहीं होने के कारण सुबह से ही मतदाताओं को इधर-उधर भटकना पड़ा। मतदान बूथ 118 के मतदान केंद्र 2 पर उन्हें वोट नहीं डालने दिया गया। आम आदमी पार्टी के विधायक विशेष रवि ने कहा कि वार्ड 82 के बूथ नंबर 118 के लोगों से कई शिकायतें मिलनी शुरू हुईं कि वे मतदाता सूची / नगर निगम चुनाव ऐप के अनुसार मतदान केंद्र पर पहुंचे। लेकिन उन्हें वोट देने की अनुमति नहीं है। हम मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी के पास पहुंचे और उन्होंने दावा किया कि उक्त मतदाता उनकी सूची में नहीं हैं। उन्होंने हमें एयरो और आरओ से बात करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद मतदाताओं ने डीएम सेंट्रल से संपर्क किया और उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। कई कॉल और राज्य चुनाव आयुक्त को एक ईमेल लिखने के बाद आखिरकार हमें डीएम सेंट्रल से एक कॉल आया। समस्या के समाधान का आश्वासन देने के बाद भी समाधान नहीं हुआ। अंत में शाम 4. बजे आरओ ने सूचित किया कि उनके कार्यालय में भ्रम की स्थिति के कारण लोग वोट नहीं डाल सके। उन्होंने बताया कि उनके कार्यालय से 668 मतदाताओं की सूची वाली एक फाइल छूट गई है। जिसके कारण यह भ्रम पैदा हुआ है। तब तक शाम 4 बजे के बाद लोगों के आने और मतदान करने में बहुत देर हो चुकी थी। भाजपा के कार्यकताओं ने उपद्रव पैदा करना शुरू कर दिया था। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी शाम 4 बजे पुलिस अधिकारियों के साथ मतदान केंद्र पहुंची और यह सुनिश्चित किया कि मतदाताओं द्वारा आगे कोई मतदान न किया जाए। राज्य चुनाव आयोग के अधिकारी सांसद मीनाक्षी के दबाव में आ गए टट। आयोग के अधिकारी नागरिकों द्वारा मतदान सुनिश्चित करने के अपने कर्तव्य में विफल रहे। विधायक विशेष रवि ने कहा कि एक नागरिक के तौर पर इन 668 मतदाताओं को वोट देने का अधिकार है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की लापरवाही और लापरवाही के कारण महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य मतदाता वोट नहीं डाल सके।

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने डाला वोट, केजरीवाल सरकार के दावों को कहा हवा-हवाई

नई दिल्ली। दिल्ली में नगर निगम चुनाव को लेकर आज वोटिंग हो रही है। नई दिल्ली से बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेकिन ए साउथ एक्सटेंशन पार्ट 2 में स्थित नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में वोटिंग करते हुए केजरीवाल सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में चौथी बार भाजपा की सरकार बनाने जा रही है। केजरीवाल के झूठे वादों से जनता ऊब चुकी है। उन्होंने कितने वादे झूठे किए हैं और बस लोगों को भ्रमित करने का यह काम कर रहे हैं। इस मौके पर बीजेपी सांसद केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा और कहा कि लोकतंत्र का महापर्व लोग अपने मत का प्रयोग जरूर करें और जो लोग झूठे वादे खुद को ईमानदारी की बात कर दिल्ली की सत्ता में आए है, उनको मुंहतोड़ जवाब देगी। मीनाक्षी लेखी ने कहा है कि दिल्ली में जो काम नगर निगम ने किए हैं, वह आज तक दिल्ली सरकार नहीं कर पाई हैं। रही बात मिनी पार्षद बनाने की तो वह इसलिए उन पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं अपने कामों से भागा जा सके अगर कुछ काम खुद नहीं करते हैं तो आरडब्ल्यू के लोगों को जिम्मेदार ठहराएंगे वह ऐसे बयान पहले भी देते रहें।

भाजपा नेताओं ने किया मतदान, अपील के साथ आम आदमी पार्टी पर साधा निशाना

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नेता हर्षवर्धन, प्रवेश वर्मा, रमेश बिधूड़ी, आदेश गुप्ता, हरदीप पुरी, मनोज तिवारी, मीनाक्षी लेखी, गौतम गंभीर, विजेंद्र गुप्ता, रामबीर सिंह बिधूड़ी और आशीष सूद ने अपने अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट दिया। डॉ. हर्षवर्धन ने मतदान के बाद पत्रकारों से कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दिल्ली से बड़ी संख्या में लोग वोट डालेंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और यहां तक कि दिल्ली ने भी पिछले 15 वर्षो में भाजपा काम देखा है। पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा, कोरोना के दौरान आप से कोई भी लोगों के लिए काम करता नहीं दिखा, केवल एमसीडी के कार्यकर्ता लोगों के साथ खड़े थे, इसलिए एमसीडी चुनाव में भाजपा को 250 में से करीब 210 सीटें मिल रही हैं। इस मौके पर उनकी पत्नी स्वाति वर्मा ने भी दिल्ली के विकास के लिए दिल्लीवासियों से वोट देने की अपील की। दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी मतदान की अपील करते हुए आम आदमी पार्टी के दुष्प्रचार पर हमला बोला और कहा कि अरविंद केजरीवाल सबसे झूठे नेता हैं। जबकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामबीर सिंह बिधूड़ी ने दोहराया अरविंद केजरीवाल योगा क्लासेस पर झूठ बोलना बंद करें नहीं तो जवाब दें आखिर ये क्लासेस बंद करने वाली यूनिवर्सिटी दिल्ली सरकार की है या नहीं। उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी अपने घर से अपनी बिटिया को गोद में लेकर निकले और वोट दिया। उन्होने अरविंद केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया दी और कहा, उनकी जीभ 56 इंच की है। हांलाकि जब वे यमुना विहार के सुभाष मोहल्ला वार्ड में पहुंच तो मतदान केंद्र पर पता चला कि 716 मतदाताओं में से 432 लोगों के वोटर लिस्ट से नाम काट दिए गये हैं। लोगों के साथ उन्होने नाराजगी जताई और उन्होने चुनाव आयुक्त से बात के बाद कहा, हम इस मुद्दे पर शिकायत कर रहे हैं और यहां दोबारा मतदान करवाया जाए। लोग बोल रहे हैं कि हमे वोट देने का भी मौका नहीं मिला।

परिवार के साथ दिया वोट, अरविंद केजरीवाल बोले, दिल्ली की सफाई का यही मौका है, वोट दें

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज अपने पूरे परिवार के साथ मतदान केंद्र पर जाकर एमसीडी चुनाव के लिए मतदान किया। सिविल लाइन स्थित परिवहन विभाग की बिल्डिंग में बने मतदान केंद्र पर मतदान के उपरांत सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवालों से एमसीडी में ईमानदार और काम करने वाली सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम में एक ईमानदार सरकार बनाने के लिए आज पूरे परिवार के साथ जाकर मतदान किया। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर दिल्ली को साफ.स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। दिल्ली में चारों तरफ कूड़ा ही कूड़ा है। दिल्ली की सफाई करने का आपके पास यही मौका है। आप काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने, लेंटर के पैसे मांगने, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, लफंगई और गाली-गलौज करने वालों को वोट ना दें, उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ. सुथरा करेंगे। इसके लिए ईमानदार पार्टी, शरीफ व अच्छे लोगों को वोट दें। अरविंद केजरीवाल अपने माता-पिता, धर्मपत्नी और दोनों बच्चे के साथ वोट देने पहुंचे। सभी लोग सुबह करीब 9.30 पोलिंग स्टेशन पहुंचे और दिल्ली की जनता से भी बढ़.चढ़कर वोट करने की अपील की। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से कहा कि हम सभी लोग दिल्ली को बहुत प्यार करते हैं। दिल्ली की सफाई करने का आप सभी के पास यही मौका है। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी एक ट्वीट कर कहा, प्लीज गो एंड वोट, अपनी दिल्ली शिक्षित और स्वस्थ तो हो ही रही है।

चुनाव आदेश गुप्ता ने मतदाताओं से कहा, दिल्ली में सेवा करने वालों को वोट करें, दिल्ली में काम के नाम पर ड्रामा करने वालों को वोट न करें...

कांग्रेस ने कहा- हमारा होगा मेयर, सीएम ने कहा दिल्ली को चमकाएंगे, भाजपा बोली हमने की है सेवा

प्रात : किरण, संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच सभी राजनीतिक दल व नेता अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का कहना है कि आम आदमी पार्टी जनता के लिए काम करने वाले लोगों की पार्टी है। ह्यआपह्ल ने जीत का दावा करते हुए कहा कि वह दिल्ली को चमकाऐंगे। कांग्रेस की ओर से दावा किया गया है कि नगर निगम चुनावों के बाद दिल्ली में कांग्रेस का मेयर बनेगा। वहीं दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मतदाताओं से कहा कि दिल्ली में काम के नाम पर ड्रामा करने वालों को वोट न करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली के सभी मतदाताओं से कहा, ईमानदार पार्टी को वोट दें, शरीफ और अच्छे लोगों को वोट दें। भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, लफंगई, गाली गलौच करने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने वालों को वोट न दें। उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ सुथरा करेंगे, काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को वोट न दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि साफ-स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाने के लिए आज मतदान है, नगर निगम में एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए मतदान है। सभी दिल्लीवासियों से मेरी अपील- दिल्ली नगर निगम में एक ईमानदार और काम करने वाली सरकार बनाने के लिए आज अपना वोट डालने जरूर जाएं।

दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने मतदाताओं से कहा, दिल्ली में सेवा करने वालों को वोट करें, दिल्ली में काम के नाम पर ड्रामा करने वालों को वोट न करें। सेवा करने वालो को जिताने के लिए और ड्रामा करने वालों को सबक सिखाने के लिए अधिक से अधिक वोट करें। दिल्ली की जनता से पुनः आग्रह, नगर निगम चुनाव हेतु आज अपना बहुमूल्य वोट डालने के लिए अंतिम घड़ी की प्रतीक्षा न करें। अंतिम समय से पूर्व ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें, अपने घर-परिवार में सभी को मतदान अवश्य करवाएं। कांग्रेस नेता अजय माकन का कहना है कि इस बार दिल्ली में कांग्रेस का मेयर होगा। कांग्रेस की जीत का दावा करते हुए उन्होंने कहा है कि परिसिमन के बाद की स्थिति देखने वाली होगी। कांग्रेस के प्रत्याशी काबिल और सबकी पहुंच में हैं, ऐसा व्यक्ति चुना जाना चाहिए जो सबकी पहुंच में हो, मतदाताओं से अपील है कि उम्मीदवारों को देखें, उनका काम देखें। अजय माकन ने कहा पिछली बार हमें 31 सीटें और 24 फीसदी वोट मिले थे। एकीकृत हो चुकी एमसीडी पर उन्होंने कहा कि एक कमिश्नर पूरी दिल्ली को कैसे देखेगा, इसी सोच के साथ नगर निगम के तीन हिस्से बनाए गए थे। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक दिल्ली नगर निगम चुनाव में 1349 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कुल 1 करोड़ 45 लाख से अधिक मतदाता हैं। इसमें 95458 मतदाता पहली बार मतदान में हिस्सा लेने जा रहे हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 229 है।

पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने साफ-सुथरी दिल्ली की हिमायत की

नई दिल्ली। पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं को भी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में कतारों में देखा गया और उन्होंने बेहतर जन सुविधाओं वाली साफ-सुथरी दिल्ली की हिमायत की। एमसीडी चुनाव में, कुल 1.45 करोड़ मतदाताओं में पहली बार मतदान करने वाले 9,50,000 युवा शामिल हैं। आईटीआई मालवीय नगर में एक मतदान केंद्र से बाहर निकल रही 18 वर्षीय नमिता ने कहा कि उसने साफ-सफाई, बेहतर शिक्षा, बेहतर पार्किंग सुविधाओं के लिए और अतिक्रमण के खिलाफ वोट दिया। किरोड़ी मल कॉलेज में राजनीति विज्ञान के छात्र कनिष्क डागर (19) ने कहा कि वह अपने माता-पिता से प्रेरित है जो हर चुनाव में मतदान करते हैं। डागर ने कहा, मैं 18 वर्ष की आयु होने का इंतजार कर रहा था ताकि अपना वोट डाल सकूं। मैं ऐसी पार्टी को जीतते हुए देखना चाहता हूं जो पूरे पांच साल काम करे, ना कि अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों में मतदाताओं को लुभाने के लिए काम करे। बीटेक की छात्रा मसीरा फातिमा (19) ने कहा कि उसके माता सुंदरी इलाके में कूड़े की बहुत गंभीर समस्या है, इसलिए पूरे साल साफ-सफाई होनी चाहिए। एमसीडी चुनाव के लिए मतदान रविवार सुबह आठ बजे शुरू हुआ था और यह शाम साढ़े पांच बजे तक चलेगा। मतगणना सात दिसंबर को होगी।

संक्षिप्त खबरें

आवासीय योजना में निवेश के नाम पर ठगी

गुरुग्राम। आप भी अपने सपनों का आशियाना ढूंढने के लिए ऑनलाइन सर्च कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ऐसा ना हो कि किसी आवासीय योजना में निवेश करने की आपको भारी कीमत चुकानी पड़े। ऐसा ही एक मामला साइबर थाना साउथ ने दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में स्नेपडील डॉट कॉम के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट गिरीश सिंघल ने बताया कि उन्होंने एक आवासीय योजना में निवेश के लिए ऑनलाइन सर्च किया था। गूगल पर सर्च करने के बाद उन्हें एक वेबसाइट के बारे में पता लगा जिसमें आवासीय योजना की जानकारी दी गई थी। इस योजना में ड्रॉ के जरिए फ्लैट अलॉट किए जाने थे। इस योजना में आवेदन करने के लिए उन्होंने 11 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस जमा कराई थी। इस बारे में उन्होंने अपने रिश्तेदारों को भी बताया था जिनके द्वारा भी 21000 व 32000 रुपए जमा करा कर आवेदन किया गया। यह सभी राशि ऑनलाइन जमा की गई। राशि जमा कराने के बाद भी उनका रजिस्ट्रेशन प्रोसेस कंप्लीट नहीं हुआ तो उन्होंने इस बारे में आवासीय योजना के अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन इसका कोई रिस्पांस उन्हें नहीं मिला। बाद में जब उन्होंने अपने स्तर पर पता किया तो उन्हें पता लगा कि यह फेक वेबसाइट है जिसके जरिए ठगी की जा रही है। इस पर उन्होंने पुलिस को शिकायत देकर केस दर्ज कराया है।

आधा दर्जन छात्रों ने मिलकर एक को पीटा, अस्पताल में भर्ती

गुरुग्राम। छात्रों के दो गुटों में इस कद्र विवाद हुआ कि आधा दर्जन छात्रों ने मिलकर एक छात्र को बुरी तरह से पीटा और उसे घायल कर दिया। छात्र को बेहोशी की हालत में स्कूल टीचर ने अस्पताल में भर्ती कराया। इसकी शिकायत सेक्टर 9 थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से बिहार के रहने वाले बारहवीं कक्षा के छात्रों ने बताया कि वह अपने माता पिता के साथ सूरत नगर एरिया में रहता है और गुरुग्राम के सेक्टर 4/7 स्थित गवर्नमेंट स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र है। 30 नवंबर की सुबह उनकी कक्षा में तीन छात्र आपस में झगड़ा कर रहे थे। झगड़ा करने के दौरान वे तीनों जानबूझकर उसके ऊपर गिर रहे थे। 2 बार तो उन्होंने उन छात्रों को हटा दिया और कुछ नहीं कहा लेकिन तीसरी बार जब वह छात्र उस पर गिरे तो उसने एक छात्र को धक्का दे दिया। आरोप है कि इसके बाद तीनों छात्रों ने मिलकर उससे मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान क्लास में टीचर आ गए जिन्होंने उसे बचाया। इस दौरान तीनों ने मिलकर उस छात्र को स्कूल के बाहर सबक सिखाने की धमकी दी। पीड़ित छात्र ने बताया कि जब स्कूल की छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रहा था तो इन तीनों छात्रों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। उन्होंने किसी लोहे की वस्तु से उसके सिर पर वार किया जिससे वह बेहोश हो गया। इस दौरान यहां से इंग्लिश के टीचर गुजर रहे थे जिन्होंने पीड़ित छात्र को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही सेक्टर 9 थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मैं आपातकाल की वजह से संघ का स्वयंसेवक बना : मनोहर लाल

- मुख्यमंत्री ने अशोक सिंहल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि विश्वविद्यालय में गोष्ठी में की शिरकत
- बोले, तुलना करके लोगों को समझाएं कि कैसे हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति वर्तमान पद्धति से बेहतर है
- आजादी से पहले खंडित किए गए हमारे वेद-विज्ञान को अब आगे लाया जा रहा

गुरुग्राम, एजेंसी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि अगर आपातकाल नहीं लगता तो शायद वे संघ से नहीं जुड़ पाते। उस समय आपातकाल की पीड़ा या जिज्ञासावश बहुत से लोग संघ के नजदीक आए और संगठन को मजबूती मिली। सीएम बोले, स्वर्गीय अशोक सिंहल सन 1977 से लेकर 1981 तक हरियाणा के संघ के प्रांत प्रचारक थे। सन 1977 में मैं आपातकाल के कारण संघ का स्वयं सेवक बना था। वे रविवार को यहां सेक्टर-56 स्थित अशोक सिंहल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकि विश्वविद्यालय में द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय वैदिक विज्ञान संगोष्ठी गवेष्णा में बोल रहे थे। मनोहर लाल ने यह भी बताया कि संघ की शाखाओं में जाते हुए जब भी कभी उनके मन में प्रश्न खड़े होते थे तो उनका समाधान प्राप्त करने के लिए वे स्वर्गीय श्री अशोक सिंहल के पास चले जाते थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आजादी के बाद अब ऐसा समय आ गया है कि जब हम अपनी पुरानी विद्याओं को सामने लाएं। भूतकाल में जो भी कुछ आज तक हुआ है, जिस विधा या पद्धति को बढ़ावा नहीं दिया गया, उसको अब ज्ञाता आगे ला रहे हैं। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संचालक पवन जिंदल, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, महेश भागचंद, हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डा. दिनेश शास्त्री सहित संस्कृत के कई विद्वान और वेदों के ज्ञाता उपस्थित थे। अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्षों पुरानी दुविधा अब तक चली आ रही है कि भारतवर्ष की आजादी से पहले हमारे वेद विज्ञान और वेद के ज्ञान को विदेशी ताकतों ने खण्डित करने और इनका विनाश करने का काम किया। वेद विषय पर हमने कई अहम कदम उठाएं हैं, जिनमें यह शोध केंद्र स्थापित करने, वेद विश्वविद्यालय के लिए जमीन खरीदने, महर्षि वाल्मीकि के नाम पर कैथल में संस्कृत विश्वविद्यालय शुरू करना, माता मनसा देवी मंदिर परिसर में गुरूकुल शुरू करना, संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना आदि शामिल हैं। इनके माध्यम से हमारे वेदों और प्राचीन विद्याओं को आगे लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अशोक सिंहल ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने की दिशा में दिनेश चंद्र महान काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन की दिशा बदलने में स्वर्गीय अशोक सिंहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्वर्गीय श्री अशोक सिंहल बहुत शिक्षित व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन संघ में लगा दिया और उनका जीवन एक तपस्वी जैसा था।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गोष्ठी में भाषण देने की बजाय उनके मन में उठने वाले प्रश्न रखे, जिनका समाधान ढूंढने के लिए वहां मौजूद विद्वानों का आह्वान किया। उन्होने कहा कि हमारी वर्तमान शिक्षा पद्धति पश्चिमी शिक्षा पद्धति के हिसाब से आगे बढ रही है। यदि हम इसे बदलना चाहते हैं तो केवल अपनी पद्धति को श्रेष्ठ बताने से यह काम नहीं होगा, बल्कि हमें आज की वर्तमान पद्धति के साथ एक-एक विषय की तुलना करनी होगी।

तुलना करने अपनी पद्धति की विशेषता बतानी पड़ेगी और उसके बाद कौन सी पद्धति जनता के लिए उपयोगी है, यह सिद्ध करना पड़ेगा।

केवाईसी अपडेट करने के नाम पर 1.05 लाख ठगे

नोएडा, एजेंसी कार्यालय संवाददाता सेक्टर 44 छालेरा में रहने वाले एक इंजीनियर से साइबर ठगों ने बैंक अकाउंट की केवाईसी अपडेट कराने का झांसा देकर लाखों की ठगी कर ली। आरोपियों ने फोन में एक लिंक भेज कर वारदात को अंजाम दिया है। ठगी की जानकारी होने के बाद इंजीनियर ने इसकी शिकायत सेक्टर-39 थाने में शिकायत दी है। पीड़ित आनंद प्रकाश गिरी ने बताया कि वह नोएडा की एक निजी कंपनी में इंजीनियर हैं। कुछ दिन पहले उनके फोन में एक मैसेज आया था। जिसमें लिखा था उनके बैंक अकाउंट को ब्लॉक कर दिया गया है। अकाउंट को दोबारा से चालू कराने के लिए मैसेज में दिए गए लिंक को क्लिक करके केवाईसी अपडेट करें।

महाराज सेन जी ने जाति व धर्म से ऊपर उठकर कार्य किए: नवीन गोयल

- -श्री सेन जी के पदचिन्हों पर चलकर समाज में लाएं बदलाव
- -सभी महापुरुषों से समस्त समाज को लेनी चाहिए शिक्षा

गुरुग्राम, एजेंसी

रविवार को राधा-कृष्ण मंदिर में सेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज को नमन करते हुए उनकी शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया। नवीन गोयल ने कहा कि संत सेन महाराज जी ने भक्ति के मार्ग पर चलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप जनमानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि सेन समाज गुरुग्राम ही नहीं, देशभर में अपने कार्यों को महत्व देते हुए समाज सेवा के कार्य भी करता है। इस अवसर पर सेन समाज की ओर से नवीन गोयल से मांग की गई कि गुरुग्राम में समाज के नाम पर एक मात्र धर्मशाला है। समाज के परिवारों के कार्यक्रम, अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने में कठिनाई आती है। इसलिए एक और धर्मशाला गुरुग्राम में किसी भी स्थान पर बनवाने के लिए वे कदम उठाएं। इसके अलावा संत सेन जी महाराज की जयंती पर अवकाश भी होना चाहिए, जिससे कि समाज के लोग उनकी जयंती को मिलकर धूमधाम से मना सकें। नवीन गोयल ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि वे इस मांग को सरकार तक जरूर पहुंचाएंगे। श्री गोयल ने महाराज सेन जी के जीवन के संस्मरणों का जिक्र करते हुए कहा कि श्री सेन जी महाराज प्रत्येक जीव में ईश्वर का दर्शन करते और सत्य, अहिंसा तथा प्रेम का संदेश जीवन पर्यंत देते रहे। महापुरुषों में शिरोमणि सेन जी महाराज का नाम विशेष रूप से जिक्र है। उन्होनें जाति व धर्म से ऊपर उठकर कार्य किए और सच्ची मानवता का संदेश दिया। उन्होंने स्वयं भी ग्रहस्थ जीवन का निर्वाह करते हुए धार्मिक कर्तव्यों का आजीवन पालन किया। सेन शिरोमणि सेवा, प्रेम, भक्ति व मधुर व्यवहार को संतों का प्रमुख लक्षण मानते थे। समाज में फैली कुप्रथाओं की आलोचना करते और उन्हें दोष पूर्ण बताकर समाज सुधार के लिए हर सम्भव प्रयास करते थे। उन्होंने सम्पूर्ण जाति को मानवता के प्रति सेवा भाव, दया, प्रेम और भक्ति की प्रेरणा तथा वह प्रेम मार्ग द्वारा ही ईश्वर को प्राप्त करना चाहते थे। धर्म व जाति के आधार पर किसी को छोटा बड़ा न मानकर सभी से समान रूप से प्रेम करना ही उनकी सबसे बड़ी साधना रही। उनके जीवन से जुड़ी बातों का जिक्र इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इस अवसर पर प्रधान रमेश सेन, अनूप सेन, बलजीत सेन, महेंद्र सिंह, महेन्द्र नीमराणिया, सुभाष राणा, तेजवीर सेन, सुनील सेन, राकेश सेन, दीपचन्द नीमराणिया, महावीर सेन, जसवीर सेन समेत समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

कला व आस्था के संगम के साथ गीता जयंती महोत्सव का समापन

गुरुग्राम,एजेंसी

रविवार को यहां गीता जयंती महोत्सव का अंतिम दिन हरियाणा की कला, संस्कृति व अध्यात्म को समर्पित रहा। समापन अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने गीता पर आधारित नगर शोभा यात्रा को मंत्रोच्चारण के बीच हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गीता जयंती महोत्सव में प्रतिभागी विद्यार्थियों को जिला प्रशासन की ओर से 1100-1100 रुपए की राशि तथा स्मृति चिन्ह प्रोत्साहन स्वरूप भेंट किए गए। गीता जयंती महोत्सव में रविवार को गीता की शिक्षाओं और हरियाणा के रीति रिवाज व परंपराओं की अनूठी झलक देखने को मिली। गुरु द्रोण की पावन धरा पर लोगों ने हरियाणवी अंदाज में गीता में निहित संदेश को सुना। आरबीएसएम स्कूल भोंडसी के विद्यार्थियों ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति देते हुए उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इन विद्यार्थियों ने मेरा नो डांडी का बिजणा, इसा एंडी म्हारा हरियाणा और मेरा चुन्दड़ मंगा दे रे गीत पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। इसी प्रकार विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी समूह गान तथा राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इन विद्यार्थियों ने रंगीलो म्हारो ढोलना और कालो कूद पड़ो मेलो में पर शानदार प्रस्तुति दी। अनुशासित जीवन जीना सिखाती है गीता की शिक्षाएंसमापन अवसर के मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गीता जयंती महोत्सव सभी के लिए एक अच्छा प्लेटफार्म है। गीता जयंती महोत्सव का प्लेटफार्म एक ऐसा मंच बन गया है, जहां पर गीता में निहित शिक्षाओं के अलावा हरियाणवी संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) आरएस सांगवान ने मुख्यातिथि के स्वागत संबोधन में इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान करवाई गई गतिविधियों के बारे में बताया। इस मौके पर आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक डॉ. भूदेव ने अपने विचार रखते हुए अपने शरीर को निरोग रखने के गुर सिखाए।

सीपीएस ने पठान क्रिकेट टीम को नौ विकेट से हराया

गाजियाबाद, एजेंसी त्रिलोकीनाथ मेमोरियल गर्ल्स इन्विटेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को सीपीएस क्रिकेट एकेडमी ने पठान क्रिकेट एकेडमी को नौ विकेट से हराया। टीएनएम क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे चतुर्थ त्रिलोकीनाथ मेमोरियल गर्ल्स इन्विटेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पठान क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक रन कुसुम ने 40 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीपीएस क्रिकेट एकेडमी ने 18 ओवर में एक विकेट खोकर यह मैच आसानी से हासिल कर लिया।

नगर शोभा यात्रा में गीता के श्लोकों से गुंजायमान हुई द्रोण नगरी

गुरुग्राम,एजेंसी

तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को भव्य नगर शोभा यात्रा निकाली गई।

गीता के मूल सार को प्रस्तुत करने वाली विभिन्न विभागों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की झांकियों को एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्रोच्चारण के साथ शुरू हुई इस भव्य शोभायात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। नगर शोभा यात्रा में सबसे पहले वाहन में जिओ गीता परिवार द्वारा फूलमालाओं से सुसज्जित रथ पर पवित्र ग्रंथ गीता को रखा गया था। इसी क्रम में दूसरे वाहन पर श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड द्वारा माँ शीतला का भव्य दरबार सजाया गया था।

इस भव्य रथ को इस तरह से सजाया गया कि लोग माँ शीतला के अच्छे से दर्शन कर सके। विभिन्न वाहनों में आयुष विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, इलैक्ट्रोपेथी संस्थान सहित गुरुग्राम जिला प्रशासन द्वारा तैयार की गईं झांकियों में भगवान श्री कृष्ण के मानव जीवन की विभिन्न क्रियाओं व गीता का उपदेश देते हुए दशार्या गया।

श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों के उच्चारण से शहर के माहौल को भक्तिमय बनाने व जिलावासियों को गीता के अमर संदेश देने वाली शोभा यात्रा शहर में अनेक स्थानों से गुजरी।

सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर में राजेश भाटिया ने निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का किया आयोजन

फरीदाबाद, 04 दिसंबर (वेब वार्ता)। व्यापार मंडल फरीदाबाद एवं मेदांता हॉस्पिटल के सौजन्य से सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर एनआईटी-1 मार्केट मे मंदिर के मुख्य संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया के सहयोग से निशुल्क हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, मैमोग्राफी, पीएफटी, डेंटल स्क्रीनिंग, कारडियोलाजी एवं गायनोकोलॉजिस्ट जैसी जांच का कैम्प लगाया गया। इस कैम्प में हर वर्ग एवं आयु के स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया और चेकअप कैंप का लाभ उठाया, इस निशुल्क चेकअप कैंप आयोजित करने को लेकर स्थानीय लोगों ने मंदिर के मुख्य संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सहित मौके पर उपस्थित मेदांता हॉस्पिटल की टीम का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया। इस कैम्प में डॉ एस. के.तनेजा, डॉ अनु यादव, फिजीशियन डॉ शोनल, डॉ अयूब एवं मार्केटिंग टीम उपस्थित रही, इस अवसर को सफल बनाने के लिए मंदिर संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया द्वारा उपस्थित डॉक्टरों एवं टीम के लिए आभार प्रकट किया। मंदिर संयोजक एवं जननायक जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश भाटिया ने स्थानीय डॉक्टर देवेंद्र बक्शी (डायबिटीज स्पेशिलिस्ट) व डॉक्टर अनुपमा बक्शी (लेडी डॉक्टर) का भी उनके सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

बार-बार ब्राह्मणों का अपमान कर रही है हरियाणा की खट्टर सरकार : विधायक नीरज शर्मा

फरीदाबाद, एजेंसी फरीदाबाद में जिला फरीदाबाद ब्राह्मण समाज द्धारा ब्राह्मण भवन अनाजमंडी बल्लबगढ़ में आयोजित बैठक में पहुंचे। विधायक नीरज शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी को घेरते हुए बैठक में कहा की जिस प्रदेश में सरकार के द्धारा प्रश्न पत्रो में ब्राह्मणो की तुलना मनूस से करना, परशुराम भगवान के फरसे से एक ब्राह्मण की गला काटने की बात करना ब्राह्मणो का अपमान है और इस सरकार के ब्राह्मणा विरोधी चेहरे को दिखता है। सरकार द्धारा ब्राह्मणो का समय समय पर अपमान किया जाता है उसका भी सरकार से जवाब लेना चाहिए। विधायक नीरज शर्मा ने कहा की मेरा मानना है जिस समाज का मान सम्मान ना हो वह समाज अंदर से खोखला हो जाता है। विधायक नीरज शर्मा ने अपील की जो भी साथी करनाल में होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ में जाए इन मांगों को जरूर रखे चाहे वह ढोलीदार की जमीन का मामला हो, चाहे ईबीपीजी के तहत अभी तक बच्चो को ज्वाईग ना देने की बात हो।

मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर निवासियों ने किया प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गुलशन बेलिना सोसाइटी के निवासियों ने सुविधाएं न मिलने के विरोध में नोएडा में गुलशन वन 129 प्रोजेक्ट और सेक्टर-144 स्थित बिल्डर के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिल्डर दीपक कपूर से मिलने की मांग की। सोसाइटी के निवासी अविनाश सिंह ने बताया कि सोसाइटी में परिवारों के फ्लैट की रजिस्ट्री दो साल से अटकी हुई है। रजिस्ट्री के मुद्दे को लेकर शिकायत करते रहे हैं, लेकिन कोई भी मदद नहीं मिल रही है। निवासी बस इंतजार कर रहे हैं। पूरा पैसा जमा होने के बाद भी मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। लोग मजबूर हैं रजिस्ट्री और ओसी के बिना रहने के लिए। कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आरोप है कि अभी तक पार्किंग तैयार नहीं हो पाई है, जिस कारण आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर विधायक तेजपाल नागर से गुहार लगा चुके हैं। उन्होंने जल्द से जल्द रजिस्ट्री कराने की बात कही, लेकिन बाद में वह भी चुप हो गए। अभी तक कोई रास्ता नहीं निकला है। निवासियों ने यह निर्णय लिया है कि अगर जल्द से जल्द मांगे नहीं पूरी होंगी तो वे एक मूर्ति चौक पर प्रदर्शन करेंगे।

डाक्टर व अस्पताल मालिक की लापरवाही ने ले ली एक जच्चा की जान

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी स्वर्ण नगरी स्थित कृष्णा लाइफ हॉस्पिटल में बच्चे को जन्म देने के बाद एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। दनकौर क्षेत्र के रेशमपुर गांव की रहने वाली 23 वर्षीय मनीषा की शादी गाजियाबाद के दुहाई के रहने वाले तरुण के साथ हुई थी। तरुण ने बताया कि मनीषा गर्भवती थी। प्रसव के लिए उसे दो दिसंबर की रात ग्रेटर नोएडा के स्वर्ण नगरी स्थित कृष्णा लाइफ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि प्रसव के बाद से ही उसकी पत्नी की तबीयत बिगड़ गई। उसे उल्टियां होने लगीं। उसने इस बाबत डॉक्टरों से कई बार कहा, लेकिन किसी ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया। इस बीच, मनीषा की तबीयत बिगड़ती गई। आखिर, तीन दिसंबर की रात उसकी मौत हो गई। तरुण का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ही उसकी पत्नी की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया। वहां काफी भीड़ जमा हो गई। बाद में समझा- बुझाकर उन्हें शांत कराया गया।

रिटायर्ड कर्नल के खाते से 1.84 लाख निकाले

नोएडा, एजेंसी कार्यालय संवाददाता सेक्टर-19 में एक रिटायर्ड कर्नल से ठगी करने का मामला सामने आया है। रिटायर्ड कर्नल के अनुसार उन्होंने किसी के साथ और लिंक पर अपने खाते संबंधी जानकारी साझा नहीं की। सेक्टर-20 पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रिटायर्ड कर्नल बृजेश कुमार सत्ती ने बताया कि बीते 30 नवंबर को उनके फोन में अचानक से रुपये कटने के मैसेज आने लगे। उनके पास किसी प्रकार की फोन कॉल और लिंक नहीं आया था। इसके बारे में ना ही उन्होंने किसी को जानकारी दिया था। अचानक से रुपये कटने का मैसेज आने के बाद उन्हें उनके साथ हो रही ठगी का पता चला। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत अपने बैंक और पुलिस से की। सेक्टर 20 थाना प्रभारी ने बताया रिटायर्ड कर्नल की दी गई शिकायत को दर्ज कर लिया है। मामले में बैंक से ट्रांजैक्शन का स्टेटमेंट मंगवाया गया है। साइबर सेल की टीम इसकी जांच कर रही है। बैंक से डिटेल निकालने के बाद भी पैसे किस प्रकार से उनके खाते से निकले हैं, इस बारे में पता चल सकेगा।

बच्चों ने ड्रिजलिंग लैंड में मस्ती की

गाजियाबाद, 04 दिसंबर (वेब वार्ता)। शास्त्रीनगर स्थित स्पर्श स्पेशल स्कूल के बच्चों ने विश्व दिव्यांगता दिवस ड्रिजलिंग लैंड एम्यूजमेंट पार्क में मनाया। ड्रिजलिंग लैंड एम्यूजमेंट पार्क के जनरल मैनेजर वैभव शर्मा ने बच्चो का स्वागत किया और उनके लिए झूलों के साथ कई प्रकार के व्यंजनों की व्यवस्था की। इस दौरान छात्रों ने झूलों का भरपूर आनंद लिया और विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया। हैप्पी आवर्स स्कूल फॉर गर्ल्स के प्रबंधक प्रद्युमन जैन ने कहा कि स्पेशल बच्चों में योग्यता की कोई कमी नहीं होती है। हम उन्हें प्यार दें तो वे हर काम करके दिखा सकते हैं। शैफाली गुप्ता और इंद्रपाल सिंह ने टूर के लिए हैप्पी आवर्स स्कूल फॉर गर्ल्स के प्रबंधक प्रद्युमन जैन व ड्रिजलिंग लैंड एम्यूजमेंट पार्क के जनरल मैनेजर वैभव शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान रजनी गोस्वामी, अर्चना सिंह, दिनेश आदि भी मौजूद रहे।

मेडिकल स्टोर से नकदी और दवाएं चुराईं

मोदीनगर, एजेंसी दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बस स्टैंड स्थित मेडिकल स्टोर का शटर उखाड़कर बदमाश 45 हजार रुपये की नकदी और दवाएं चोरी कर ले गए। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। आन्नदीपुरा कॉलोनी में सचिन गुप्ता परिवार सहित रहते हैं। उनका बस स्टैंड के सामने मेडिकल स्टोर है। रविवार सुबह जब सचिन दुकान पर पहुंचे तो शटर के ताले टूटे और दुकान के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस चौकी से महज 100 गज दूरी पर हुई चोरी से लोगों में रोष है। थानाप्रभारी ने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। औषधि संघ के कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द चोरी की घटना का खुलासा नहीं हुआ तो थाने पर प्रदर्शन किया जाएगा।

घोटाला भाजपा एमएलसी के भाई कैलाश भाटी की जमानत पर फैसला इलाहाबाद होईकोर्ट में छह दिसंबर को होगा।...

तुस्याना भूमि कांड के आरोपी कैलाश भाटी की जमानत का फैसला 6 को हाईकोर्ट में

प्रयागराज/ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

करोड़ों रुपये के तुस्याना भूमि घोटाले के मामले में जेल में बंद भाजपा एमएलसी के भाई कैलाश भाटी की जमानत पर फैसला इलाहाबाद होईकोर्ट में छह दिसंबर को होगा। इससे पहले उसने निचली अदालत से जमानत की अर्जी खारिज होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में बेल के लिए अर्जी लगाई थी। कैलाश भाटी फिलहाल गौतमबुद्ध नगर की लुक्सर जेल में बंद है। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले तुस्याना गांव की 175 बीघा सरकारी जमीन को सांठगांठ कर प्राधिकरण को एक्वायर कराया गया और इसके बदले में मिलने वाली मुआवजे की मोटी रकम को आरोपियों ने डकार लिया। सिंडिकेट इतना मजबूत था कि किसानों को अधिकृत जमीन के बदले मिलने वाली 6 फीसदी विकसित भूमि के प्लॉट भी माफियाओं ने अपने प्रभाव के दम पर व्यवसायिक स्थलों पर अलॉट करा लिए। जिस समय इन भूखंडों का अलॉटमेंट हुआ उस समय कैलाश भाटी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में प्रबंधक के पद पर तैनात था। उसी के हस्ताक्षर के जरिए इन 6 फीसदी के भूखंडों की रजिस्ट्री आरोपियों के नाम हुई थी। इस मामले का भंडाफोड़ होने के बाद सरकार ने एक विशेष जांच कमेटी एसआईटी गठित की। जिसने तथ्यों के आधार पर जांच करते हुए कैलाश भाटी और उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तीनों आरोपी जिला कारागार गौतम बुध नगर में बंद है। जिला अदालत से कैलाश भाटी की जमानत याचिका नामंजूर कर दी गई थी। अब कल दो दिसंबर को कैलाश भाटी ने अपने वकीलों के जरिए प्रयागराज हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है' उनके वकीलों ने जमानत याचिका दायर कर दी है' लेकिन अभी सुनवाई की तारीख मुकर्रर नहीं हुई है। कैलाश भाटी भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी का भाई है।

श्रीमद्भागवत गीता ग्रन्थ देता है हमें समरसता का संदेश : राजेश नागर

फरीदाबाद,एजेंसी विधायक राजेश नागर ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता ग्रन्थ हमें समरसता का सन्देश देता है। विधायक राजेश नागर ने सेक्टर -17 मार्केट से गीता जयंती समारोह की शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए यह बात कही। उन्होंने एक एक करके सभी झांकियों का बारीकी से निरीक्षण करते हुए कहा कि हर झाँकी में गीता ग्रन्थ के समरसता का संदेश समाज को मिल रहा है। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में तिगांव से विधायक राजेश नागर ने रविवार को रवाना किया। जिला स्तरीय तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव की शोभा यात्रा के लिए श्री गीता मन्दिर सैक्टर -15, श्री सनातन धर्म मन्दिर सभा सैक्टर- ए नहर कालोनी, राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैक्टर -3 सीही मोड़, श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर सैक्टर -16, शिक्षा विभाग, श्री गोपाल गौशाला विश्व हिन्दू परिषद, हनुमान मन्दिर जैड पार्क सैक्टर -16, श्री आशा राम बापू संस्थाओं द्वारा भव्य झांकियों बनाई गई थी।भव्य झांकियों से सुसज्जित शोभा यात्रा सेक्टर-17 से शुरू होकर सेक्टर-12 पहुंची। शहर के लगभग हजारों लोगो को उनके प्रतिष्ठानों और घरों और कोठियों के सामने गीता जयंती महोत्सव की भव्य शोभा यात्रा के दौरान साक्षात दर्शन लोगों को हुए। जगह जगह गीता जयंती शोभा यात्रा में शामिल प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान पूर्वक गर्मजोशी से स्वागत कर जलपान भी करवाया गया। इस अवसर पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, सीटीएम अमित मान, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

23 दिसंबर से फरीदाबाद के सूरजकुंड में लगेगा गुर्जर मेला

फरीदाबाद, एजेंसी आगामी 23 व 24 दिसम्बर को बाबा फरीद की नगरी फरीदाबाद की धरती पर स्थित सूरजकुण्ड मेला स्थल पर देशभर से गुर्जर समाज के लोग गुर्जर महोत्सव में भाग लेंगें। गुर्जर आर्ट एण्ड कल्चरल ट्रस्ट के चेयरमैन दिवाकर बिधूड़ी ने कहा कि गुर्जर सांस्कृतिक विभिन्न आयामों को विस्तार से देखने का मौका इस गुर्जर महोत्सव के दौरान मिलेगा। कश्मीर से कर्नाटक तक समस्त गुर्जर समाज के लोक गीत, लोक नृत्य, रहन-सहन, खान-पान, परिधान व आभूषणों से भी परिचित होने का गुर्जर समाज के लोगों को मौका मिलेगा। यह बात गुर्जर भवन सैक्टर-16 में गुर्जर महोत्सव 2022के संदर्भ में जानकारी पत्रकारों को देते हुए दिवाकर बिधूड़ी ने बताया कि देश के 13 राज्यों के कुल 18 करोड़ गुर्जर समाज के लोग निवास करते है। इन सभी लोगों को गुर्जर समाज की प्रादेशिक इकाई निमंत्रण देकर के कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रही है। एडवोकेट राजेश खटाना ने बताया कि समाज के सभी सम्मानित बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकताओं, नौजवानों, बुजुर्गों व मातृ शक्ति से अपील एवं आग्रह करते है कि सांस्कृतिक उत्थान, बन्धुत्व एवं भाईचारे को मजबूत करने के लिए गुर्जर महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।समाजसेवी राम बसौया ने बताया कि गुर्जर महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के पर्यटन एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर 23 दिसम्बर को करेंगे तथा केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर 24 दिसम्बर को समापन अवसर पर उपस्थित रहेगें। वहीं महोत्सव कार्यक्रम गुर्जर मातृ शक्ति की अगुवाई की किया जाएगा। मातृ शक्ति ने अपनी बात रखते हुए गुर्जरों गौरवशाली इतिहास को जानने, 1857 की प्रथम क्रांति से लेकर आज तक गुर्जर समुदाय के राष्ट्र के प्रति योगदान की प्रदर्शनी भी देखने को मिलेगी। इस मौके पर ज्ञानचंद भड़ाना, रामफूल भाटी, तिलकराज बैंसला, हंसराज कपासिया, एडवोकेट राजेश खटाना, राम बसौया, ओमप्रकाश बैंसला, निरंजन नागर, हवा सिंह छौकर, जतिन खटाना, रणवीर चौहान, शिक्षाविद् ममता भड़ाना, नीतू श्यामदेव भड़ाना, सीमा चौधरी, रेखा गुर्जर, ऋतु कपासिया, सुनीता खटाना, विनित रानी सहित गुर्जर समाज के लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

दूधमुही बच्चियों के साथ सगे चाचा ने किया बलात्कार

सनत जैन

मन दहलाने वाला एक समाचार आया जिसमें एक सगे चाचा ने पहले अपनी 7 वर्ष की भतीजी के साथ रेप किया फिर 46 दिन के बाद अपनी 15 माह की सगी भतीजी के साथ बलात्कार किया। पहली घटना में परिवार के लोगों ने मामले को दबाने का प्रयास किया। इसी प्रयास के कारण आरोपी चाचा ने 15 माह की अबोध बच्ची के साथ भी बलात्कार करने का दुस्साहस किया। इस घटना ने मानवीय जीवन सामाजिक व्यवस्था और पारिवारिक रिश्ते तीनों पर ही बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। मानव समाज किस ओर जा रहा है यह कृत्य तो शायद राक्षस भी नहीं करते हैं जो आरोपी चाचा प्रमोद चतुवेर्दी उम्र 22 वर्ष ने अपने 2 भतीजियों के साथ जिनकी उम्र मात्र 7 वर्ष और 15 माह की थी। यह 22 वर्ष के युवक का दुस्साहस ही था। पत्नी ससुराल में रहती थी उसका पति भोपाल में काम करता था। पता को सूचना देने पर आरोपी ने अपनी भाभी के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की विभिन्न धाराओं के अलावा पास्को एक्ट के अंतर्गत अपराध कायम कर गिरफ्तार कर लिया है। इस तरह के रेप की यह अकेली घटना नहीं है। रोजाना इस तरह की घटनाएं देशभर के विभिन्न हिस्सों में कहीं ना कहीं होरही हैं। इसके समाचार भी प्रकाशित हो रहे हैं। पुलिस कार्रवाई भी कर रही है। इसके बाद भी इस तरह की की घटनाएं बजाए कम होने के और बढ़ती जा रही हैं। सामाजिक एवं पारिवारिक व्यवस्था में छोटे-छोटे बच्चों के साथ इस तरह के कृत्य को किस रूप में लिया जाए यह समाज और सरकार के लिए सबसे चिंतनीय मुद्दा होना चाहिए। हम सामाजिक व्यवस्था में कैसे राक्षसों और पशुओं से भी आगे निकलने की होड़ में लगे हुए हैं। पिछले दो दशक में इंटरनेट की विभिन्न वेबसाइट के माध्यम से अकारण बिना इच्छा के सेक्स परोसा जा रहा है। सेक्स को एक अपराध मानकर महिला संगठन और सरकार तरह-तरह के कानून बना रहे हैं। प्राकृतिक एवं सामाजिक व्यवस्था को दरकिनार करते हुए जो कानून सरकारों द्वारा बनाए जा रहे हैं। वह भी इस समस्या को बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बन रहे हैं। कोरोना की बीमारी के बाद इंटरनेट छोटे-छोटे बच्चों तक पहुंच गया है। इंटरनेट पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। तरह-तरह की विकृतियां इंटरनेट एवं मोबाइल फोन के माध्यम से छोटे बच्चों युवाओं एवं परिवार के सभी सदस्यों और समाज से जुड़े हुए सभी लोगों के बीच में विकृति के रुप में फैल रही है उसने मानवीय संवेदना सामाजिक व्यवस्था संस्कृति पारिवारिक व्यवस्थाओं को कड़ा आघात पहुंचा दिया है। भारतीय समाज अपने संस्कारों और पारिवारिक व्यवस्था को लेकर सारी दुनिया में एक अलग पहचान रखता था। पिछले दो दशक में ऐसा क्या हो गया कि भारत में इस तरह के सबसे ज्यादा दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं। पैसे के लिए आदमी कुछ भी करने के लिए तैयार है। नैतिकता धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। सामाजिक व्यवस्थाओं को आर्थिक तंत्र ने तोड़कर रख दिया है। जो जीता वही सिकंदर है जिसके पास पैसा है वह चाहे जो करना चाहता है वह कर सकता है। इस अवधारणा को भारतीय समाज ने स्वीकार कर लिया है।

शिक्षा के मंदिर से मां भारती की हत्या का षडयंत्र

डा. रवीन्द्र अरजरिया

विश्व गुरु की गरिमा प्राप्त राष्ट्र को धूल धूसित करने के प्रयासों में विदेशी ताकतों के साथ देश में रह रहे भितरघातियों की एक बडी जमात साथ दे रही है। जिस देश के नालंदा, तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालयों ने वसुधैव कुटुम्बकम् की परिकल्पना के साथ संसार को सर्वे भवन्तु सुखिनः की आशीष दी थी, उसी की राजधानी के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में राष्ट्र द्रोह की आग एक बार फिर से सुलगाई जा रही है। देश के टुकडे-टुकडे करने की मंशा वालों के साथ अनेक राजनैतिक दल, कथित समाज सेवियों की फौज और स्वयं भू बुध्दिजीविकी का तमगा लगाने वाले हर षडयंत्र में खडे हो जाते हैं। राष्ट्रवाद को सम्प्रदायवाद का नाम देकर देश भक्तों पर कुठाराघात करने का कुचक्र बामपंथियों की कलुषित मानसिकता से निरंतर चलाया जा रहा है जिसमें अनेक रंगे हुए सियारों की भीड भी शामिल है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में पिछले सप्ताह जिस तरह का घटना क्रम देखने को मिला, उससे निकट भविष्य में किसी बडे काण्ड की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। शिक्षा के मंदिर से मां भारती की हत्या का चल रहा षडयंत्र करने वाले अब भाई से ही भाई का कत्ल करवाने का लक्ष्य साध रहे हैं। उन्होंने धन पिपासुओं को सूचीबध्द कर लिया है, विलासता के चाहत रखने वालों का चिन्हित कर लिया है और स्वार्थ के शीर्ष पर बैठे लोगों को बना लिया है अपना गुलाम। यह सब कुछ देश की स्वाधीनता के बाद से सोची-समझी दूरगामी योजना के तहत ही चल रहा है। जिस तरह से अंग्रेजों ने अपने देश में पढने वाले चन्द भारतवासियों को कठपुतली बनाकर आजादी देने के पहले हमारी धरती पर नियुक्त किया था, उसी तरह से नियुक्त कठपुतलियों ने अपने आकाओं के इशारे पर आगामी 100 वर्षों की घातक योजना के क्रियान्वयन हेतु विष बीजों को रोपित भी कर दिया था। वही बीज अब वृक्ष बनकर बडे हो चुके हैं। आम आवाम की लाशों पर शीशमहल खडा करने की चाहत रखने वालों ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इंटरनेशनल स्टडीज 01 तथा 02 के भवनों की दीवारों पर ब्राह्मणों तथा बनियों को देश छोडने की धमकी अंकित करके सौहार्द के वातावरण को वैमनुष्यता की दुर्गन्ध से प्रदूषित कर दिया है। लाल चेतावनी में एक संगठित ब्रिगेड के हमलावर होने की बात भी कही गई है। रक्तपात का डर भी दिखाया गया है। पीठ पर छुरा भौंपने की चीनी मानसिकता के साथ क्रूरता की चरमसीमा पर बैठे कट्टरपंथी सोच का समुच्चय तैयार किया जा रहा है। चीन की विस्तारवादी नीतियों को भारत में रोपित करके उसमें संकीर्ण सोच वाले कुछ धार्मिक राष्ट्रों की खाद डाली गई है। इस रोपावनी पर भितरघातियों की जमात निरंतर पानी डाल रही है। पर्दे के पीछे से लिखवाई गई जातिवादी लाल धमकी के जबाब में हिन्दू रक्षा दल ने खुलेआम कम्युनिस्ट को भारत छोडने की चेतावनी दी है। आश्चर्य होता है कि अतिसुरक्षित परिसर में खूनी धमकियां निरंतर लिखी जाती रहीं, सुरक्षाकर्मी डियूटी करते रहे, उत्तरदायी अधिकारी किन्हीं कारणों से अपनी नाक के नीचे फैलती दुर्गन्ध से अनजान बने रहे, शिक्षा देने वाले अपने अनुयायियों की गतिविधियों पर पर्दा डालते रहे, कुछ राजनैतिक दल खुलकर देश द्रोहियों के साथ खडे रहे, इन सहयोगी दलों के कद्दावर नेता कानून विद् बनकर जांच तथा न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करने रहे, संविधान में जानबूझ कर की गई कुछ लचीली व्यवस्थाओं का लाभ लेते रहे और कोसते रहे देश के मूल निवासियों की पारदर्शी प्रकृति को। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शान्तिश्री ने घटना की निन्दा और जांच के आदेश जारी करके अपने कर्तव्यों की इति कर ली है। हर बार ऐसा ही होता रहा है। जांच करवाने की घोषणा हुई, दोषियों पर कडी कार्यवाही की बात कही गई, आरोपियों के पक्ष में सफेदपोशों की भीड खडी हो गई और देश को द्रोहियों की पहचान सहित उनके साथ हुई कार्यवाही की भनक तक नहीं लगी। अतीत में खुले आम हत्या करने वालों को भी साक्ष्य के अभाव में ससम्मान बरी होते देखा गया है। कानूनी के इसी लचीलेपन का लाभ लेने में माहिर लोग आज माहिल बनकर राष्ट्र को रक्तरंजित करने पर तुले हैं। पैसे को भगवान मानने वाली स्वार्थी मानसिकता को पहले बाह्य आक्रान्ताओं ने पहचाना, शासन किया। गोरों की व्यवसायिक कम्पनी ने चार हाथ आगे बढकर न केवल गुलामों को अति गुलाम बना लिया बल्कि देश की सम्पन्न सांस्कृतिक विरासत को तार-तर करके कथित सम्मान और सम्पन्नता की लालच भरी मीठी छुरी से मां भारती के टुकडे-टुकडे कर दिया। यह प्रहार अहिंसा, सौहार्द और शान्ति के अनुयायियों पर कुटिलों व्दारा हमेशा से ही किया जाता रहा है।

दलाली के दलदल में आकण्ठ डूबे लोग एक बार फिर थाली में छेद और आश्रम में आग लगाने की कहावत को चरितार्थ करने में जुड गये हैं। ऐसे लोगों ने देश की राजधानी में कभी साम्प्रदायिक दंगे करवाये तो कभी छात्रों का सोच संघर्ष सडकों पर पहुंचाया। कभी किसान हित की ओट में आम आवाम के लिए समस्यायें पैदा की तो कभी महिलाओं की आड में धार्मिक उन्माद फैलाया।

जातिवादी जहर से हिन्दुओं को अस्तित्वहीन करने वालों में गोरों के अनेक धार्मिक संस्थान, आक्रान्ताओं की जमात, लाल सलाम का ऐजेन्डा हाउस और चंदन की आड में चांदी कूटने वाली मानसिकता सीधी तौर पर शामिल दिख रही है। ऐसे में शिक्षा के मंदिर की दीवारों से मिटाना होगी रक्तपात का चेतावनी अन्यथा ज्ञान के नाम पर अज्ञान बांटने वाले अपने मंसूबों में सफल हो जायेंगे। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

हिजाब मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना उचित नहीं

ईरान हो या अफगानिस्तान भारत या पाकिस्तान, मेरे विचार से कहीं भी परदे या हिजाब की व्यवस्था को महिलाओं पर जबरन थोपने की जरुरत नहीं है। कोई भी महिला अपनी स्वेच्छा से जैसा भी हिजाब पर्दा या बुर्का धारण करे यह उसी महिला पर छोड़ देना चाहिये। इसमें किसी तरह का जब्र या अनिवार्यता इस्लाम की उदारता को ही कटघरे में खड़ा करने का काम करेगी। जिस तरह दाढ़ी के स्वरूप को लेकर इस्लाम के विभिन्न वर्गों में मतैक्य नहीं है उसी तरह हिजाब व पर्दा भी हर देश में अलग अलग है। और जिस तरह लोगों का मानना है कि इस्लाम में दाढ़ी है, दाढ़ी में इस्लाम नहीं। उसी नजरिये से हिजाब या परदे को भी देखना चाहिये । जब इसका अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ही तय नहीं तो किसी भी देश द्वारा इसकी अनिवार्यता कैसे निर्धारित की जा सकती है? अत : दुनिया के किसी भी देश को हिजाब मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना कतई उचित नहीं है।

तनवीर जाफरी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

विगत कई वर्षों से मुसलमानों के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व उनके शरई मामलों में दखलअंदाजी करने की गोया एक अंतर्राष्ट्रीय मुहिम सी छिड़ी हुई है। कभी तीन तलाक को लेकर कभी दाढ़ी को लेकर कभी पसमांदा और अशरफी मुसलमानों को लेकर कभी ईरान-अरब के मुस्लिम जगत पर कथित वर्चस्व आदि जैसे अनेक मुद्दों को लेकर दुनिया में कहीं न कहीं विरोध या अंतर्विरोध की खबरें आती ही रहती हैं। दुनिया के मुसलमानों को बदनाम करने में जो बची खुची कमी है वो अलकायदा, आई एस आई तालिबान जैसे अनेक अतिवादी व आतंकी संगठन समय समय पर अंजाम दी जाने वाली अपनी क्रूर कारगुजारियों से पूरी करते रहते हैं। मुस्लिम महिलाओं से जुड़ा ऐसा ही एक विवादित विषय है हिजाब या पर्दा। पिछले कुछ समय से हिजाब विवाद की गूँज भारत से लेकर ईरान तक सुनाई दे रही है । भारतीय अदालतों में भी इस विवाद ने दस्तक दे डाली। भारत में कट्टरपंथी दक्षिण पंथियों द्वारा फरवरी 2022 में कर्नाटक के उडुप्पी में एक कॉलेज छात्रा द्वारा हिजाब पहनने का विरोध किया गया जोकि आग की तरह फैल गया। कॉलेज में हिजाब पहनी छात्राओं को कक्षाओं में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी थी । 5 फरवरी 2022 को कर्नाटक सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न कॉलेज में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया। कर्नाटक के कई कॉलेज में हिजाब पहनने पर रोक लगाने के बाद कर्नाटक के उच्च न्यायालय में भी दो याचिकाएं दायर की गई हैं। बाद में यही हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया।

अभी कर्नाटक के हिजाब का मामला ठंडा भी नहीं हुआ था कि अचानक यह आग ईरान में भी फैल गयी। ईरान में गत 16 सितंबर को महसा अमीनी नामक एक कुर्द लड़की की पुलिस हिरासत में हुई मौत हो गयी। खबरों के अनुसार अपनी तेहरान यात्रा के दौरान अपने सिर को हिजाब से न ढकने के आरोप में कुछ सुरक्षा कर्मियों द्वारा महसा अमीनी को इतना मारा गया कि 22 साल की इस युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई ।इसके विरोध में चंद दिनों के भीतर ही लगभग पूरा ईरान हिजाब विरोधी प्रदर्शनों का केंद्र बन गया। मामला चूंकि ईरान से जुड़ा था इसलिये पश्चिमी देश भी ईरान की हिजाब नीति के विरुद्ध मुखर होते दिखाई दिये। महसा अमीनी की मौत के बाद ईरान में हुये हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में अब तक 300 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। यह मामला अब इतना तूल पकड़ चुका है कि ईरान के दो बार राष्ट्रपति रहे अली अकबर हाशमी रफसंजानी की बेटी फैजेह को हिजाब विरोधी दंगाइयों व प्रदर्शनकरियों को उकसाने के आरोप में उन्हें गिरफ़्तार किया जा चुका है। ईरान के अनेकानेक प्रगतिशील व उदारवादी लोग खुल कर हिजाब का विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों कतर में आयोजित फीफा फुटबाल मैच के दौरान ईरान की टीम ने तो हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारियों का पक्ष लेते हुये ईरानी राष्ट्रगान पढ़ने से इंकार कर दिया। इसके कितने गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं इसबात की भी ईरानी टीम ने परवाह नहीं की।

इन सवालों के बीच हिजाब या मुस्लिम महिलाओं के परदे को लेकर कुछ महत्वपूर्ण बातों की अनदेखी करना भी इस विषय के साथ अन्याय करना होगा। सबसे पहला सवाल तो यह कि क्या महिलाओं को पर्दा करने का हुक्म खुदा की तरफ से जारी किया गया है? दूसरा सवाल यह कि हिजाब या परदे अथवा नकाब का कौन सा तरीका वास्तव में इस्लामी तरीका स्वीकार किया जाना चाहिये? अरब, ईरान, इराक भारत, पाकिस्तान मिस्र आदि अनेक देशों में मुस्लिम महिलायें अलग अलग किस्म के परदे या हिजाब अपनाती हैं। कहीं सिर ढका है और चेहरा खुला है। कहीं चेहरा और सिर दोनों ढका है। तो कहीं सिर से लेकर पैरों की एड़ियां तक सब कुछ परदे में हैं। और कहीं इन में से कुछ भी नहीं है फिर भी महिलायें गर्व से स्वयं को मुस्लिम समाज का सदस्य बताती हैं। अतः कौन सा पर्दा या हिजाब सही है यह कौन तय करेगा?

दूसरा मुख्य प्रश्न यह भी है कि किसी भी देश की मुस्लिम महिला को उस देश के प्रचलित दस्तूर के मुताबिक हिजाब या पर्दा धारण करने के लिये मजबूर करना, यह पुरूषों की पितृ सत्ता का स्पष्ट लक्षण है अथवा नहीं? यदि इस विषय पर हम आम तौर पर तालिबानी और हाल में हो रहे ईरानी हालात पर नजर डालें तो हिजाब या परदे को लेकर इस्लाम का अतिवादी नजरिया होने का सीधा संकेत जाता है। केवल इतना कहने मात्र से इन आरोपों से पीछा नहीं छुड़ाया जा सकता कि ह्ययह सब इस्लाम विरोधी या पश्चिमी देशों की साजिशों का नतीजा हैह्व। न ही पश्चिमी देश न ही इस्लाम विरोधी ताकतें अफगानिस्तान में बेपर्दिगी के नाम पर महिलाओं को सार्वजनिक रूप से बेरहमी से जुल्म करने के लिये प्रेरित करती हैं न ही उन्होंने महसा अमीनी की हत्या के लिये ईरानी कट्टरपंथियों को उकसाया। बल्कि स्वयं इन जैसे देशों की धर्म के नाम पर की जाने वाली बर्बरता व हठधर्मिता ने इस्लाम विरोधी ताकतों व पश्चिमी देशों को इस्लाम पर ऊँगली उठाने का मौका दिया।

ईरान हो या अफगानिस्तान भारत या पाकिस्तान, मेरे विचार से कहीं भी परदे या हिजाब की व्यवस्था को महिलाओं पर जबरन थोपने की जरुरत नहीं है। कोई भी महिला अपनी स्वेच्छा से जैसा भी हिजाब पर्दा या बुर्का धारण करे यह उसी महिला पर छोड़ देना चाहिये। इसमें किसी तरह का जब्र या अनिवार्यता इस्लाम की उदारता को ही कटघरे में खड़ा करने का काम करेगी। जिस तरह दाढ़ी के स्वरूप को लेकर इस्लाम के विभिन्न वर्गों में मतैक्य नहीं है उसी तरह हिजाब व पर्दा भी हर देश में अलग अलग है। और जिस तरह लोगों का मानना है कि इस्लाम में दाढ़ी है, दाढ़ी में इस्लाम नहीं। उसी नजरिये से हिजाब या परदे को भी देखना चाहिये । जब इसका अंतरराष्ट्रीय स्वरूप ही तय नहीं तो किसी भी देश द्वारा इसकी अनिवार्यता कैसे निर्धारित की जा सकती है? अतः दुनिया के किसी भी देश को हिजाब मुद्दे को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना कतई उचित नहीं है। इसे कैसे कब और कहाँ धारण करना या नहीं करना है यह पूरी तरह मुस्लिम महिलाओं की इच्छा और उनके विवेक पर ही छोड़ दिया जाना चाहिये।

डिज्नीलैंड की स्थापना में 300 बार असफल हुए थे वाल्ट डिज्नी

16 अक्तूबर 1923 को उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर ह्यडिज्नी ब्रदर्स कार्टून स्टूडियोह्ल की नींव रखी। बहुत थोड़े ही समय में डिज्नी के कार्टून्स की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई कि लोग चिट्ठियां लिख-लिखकर उनके स्टूडियो में आने की इच्छा जताने लगे। उनका स्टूडियो छोटा था इसलिए उन्होंने ऐसा थीम पार्क बनाने के अपने आइडिया को मूर्त रूप देने का निश्चय किया जहां लोग दिनभर परिवार के साथ खूब मस्ती कर सकें। हालांकि पहले इस पार्क को स्टूडियो के पास ही तीन एकड़ जगह पर बनाए जाने पर विचार हुआ किन्तु बाद में इसे एनाहिम में 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में बनाया गया। डिज्नीलैंड की स्थापना के बाद वाल्ट डिज्नी दुनियाभर के मनोरंजन पार्कों में घूम-घूमकर देखते रहे कि वहां लोगों की दिलचस्पी किन-किन चीजों में है उसी के आधार पर डिज्नीलैंड में भी वे उन सभी चीजों का समावेश करते रहे जो लोगों को ज्यादा आकर्षित करती थी।

योगेश कुमार गोयल
पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार

वाल्ट डिज्नी के जन्मदिवस पर विशेष

5 दिसम्बर 1901 को जन्मे वाल्टर एलियास वाल्ड डिज्नी द्वारा मूल रूप से अमेरिका के कैलिफोर्निया के एनाहिम में स्थित बनवाए गए डिज्नीलैंड में प्रतिवर्ष करीब एक करोड़ साठ लाख पर्यटक पहुंचते हैं जहां अभी तक 50 करोड़ से भी ज्यादा पर्यटक पहुंच चुके हैं। इन पर्यटकों में कई देशों के राष्ट्रपति राष्ट्राध्यक्ष तथा अनेक शाही लोग भी शामिल हैं। ह्यडिज्नीलैंडह्ल एक ऐसा मनोरंजन और थीम पार्क है जहां दुनियाभर से आने वाले बच्चों के साथ-साथ बड़े भी खूब मस्ती करते हैं क्योंकि यह ऐसी जगह है जहां कल्पनाओं से भरी अनूठी दुनिया हर किसी को आनंदित करती है। वाल्ड डिज्नी द्वारा डिज्नीलैंड का नाम इसके संस्थापक वाल्ट डिज्नी के नाम पर ही रखा गया। वाल्ट डिज्नी चाहते थे कि वे एक ऐसे थीम पार्क का निर्माण करें जहां माता-पिता और बच्चे दोनों ही एक साथ आनंद ले सकें। डिज्नीलैंड के रूप में उन्होंने अपने इसी विचार को मूर्त रूप दिया।

वर्ष 1940 के आसपास की बात है जब एक बार रविवार के दिन वाल्ट डिज्नी अपनी दोनों प्यारी बेटियों डियान और भोरॉन के साथ ग्रिफिश पार्क में घूमने गए थे। हालांकि वहां दूसरे बच्चे मस्ती कर रहे थे लेकिन उनकी बेटियों को वह पार्क इतना अच्छा नहीं लगा। तब वाल्ट डिज्नी के मन में विचार आया कि क्यों न एक ऐसी जगह विकसित की जाए जहां बच्चों के साथ-साथ बड़े भी भरपूर मस्ती कर सकें। उसी के बाद वाल्ट डिज्नी थ्रिलर और मस्ती से भरी एक ऐसी ही दुनिया के निर्माण में जुट गए। कहा जाता है कि वाल्ट डिज्नी ह्यडिज्नीलैंडह्ल की स्थापना करने के मुकाम तक पहुंचने में करीब तीन सौ बार असफल हुए किन्तु उन्होंने हार नहीं मानी और काफी लंबे प्रयासों तथा अथक परिश्रम के बाद ह्यडिज्नीलैंडह्ल के रूप में उनका सपना साकार हुआ जो आज दुनियाभर में हर किसी के आकर्षण का केन्द्र बना है। असफलताओं से जूझते-जूझते सफलता के इतने बड़े मुकाम तक पहुंचने की उनकी यह कहानी ऐसे लोगों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा भी है जो एक-दो बार की असफलता के बाद ही हार मानकर अपने जीवन से निराश हो जाते हैं। वाल्ट डिज्नी जब 19 साल के थे तब उन्होंने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर एक कमर्शियल आर्टिस्ट कम्पनी की नींव रखी। उस समय वे कई अखबारों और प्रकाशकों के लिए कार्टून बनाया करते थे।

16 अक्तूबर 1923 को उन्होंने अपने भाई के साथ मिलकर ह्यडिज्नी ब्रदर्स कार्टून स्टूडियोह्ल की नींव रखी। बहुत थोड़े ही समय में डिज्नी के कार्टून्स की लोकप्रियता इतनी बढ़ गई कि लोग चिट्ठियां लिख-लिखकर उनके स्टूडियो में आने की इच्छा जताने लगे। उनका स्टूडियो छोटा था इसलिए उन्होंने ऐसा थीम पार्क बनाने के अपने आइडिया को मूर्त रूप देने का निश्चय किया जहां लोग दिनभर परिवार के साथ खूब मस्ती कर सकें। हालांकि पहले इस पार्क को स्टूडियो के पास ही तीन एकड़ जगह पर बनाए जाने पर विचार हुआ किन्तु बाद में इसे एनाहिम में 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में बनाया गया। डिज्नीलैंड की स्थापना के बाद वाल्ट डिज्नी दुनियाभर के मनोरंजन पार्कों में घूम-घूमकर देखते रहे कि वहां लोगों की दिलचस्पी किन-किन चीजों में है उसी के आधार पर डिज्नीलैंड में भी वे उन सभी चीजों का समावेश करते रहे जो लोगों को ज्यादा आकर्षित करती थी।

ह्यवाल्ट डिज्नी पार्क्सह्ल के स्वामित्व वाले डिज्नीलैंड की स्थापना 17 जुलाई 1955 को हुई थी। उस दिन सजीव टेलीविजन प्रसारण के साथ डिज्नीलैंड का पूर्वावलोकन किया गया था जिसे आर्ट लिंकलेटर और रोनाल्ड रीगन द्वारा आयोजित किया गया था। उसके अगले दिन 18 जुलाई 1955 को डिज्नीलैंड को आम लोगों के लिए खोल दिया गया था जहां एक डॉलर मूल्य का इसका सबसे पहला टिकट इसके संस्थापक वाल्ट डिज्नी के भाई ने खरीदा था। आजकल यहां के एक दिन के टिकट की कीमत सौ डॉलर से भी ज्यादा है। 17 जुलाई को ओपनिंग के दिन हालांकि वाल्ट डिज्नी ने ओपनिंग सेरेमनी में कुछ खास मेहमानों के अलावा कुछ पत्रकारों को ही आमंत्रित किया था किन्तु इस समारोह में करीब 28 हजार लोग पहुंचे गए जिनमें से आधे से भी ज्यादा ऐसे लोग थे जिन्हें कोई आमंत्रण नहीं दिया गया था। डिज्नीलैंड के उस समारोह का सीधा प्रसारण किया गया था। लोगों की अचानक उमड़ी भीड़ के चलते चारों तरफ अव्यवस्था का आलम बन गया था। पीने के पानी की कमी हो गई थी बेहद गर्मी के चलते कुछ ही समय पहले वहां कुछ जगहों पर जमीन पर डाला गया तारकोल पिघलने से महिलाओं की सैंडिलें उस पर चिपक रही थी। जो कोल्ड ड्रिंक कम्पनी डिज्नीलैंड की उस ओपनिंग सेरेमनी को स्पांसर कर रही थी उसने पानी की कमी होने पर नलों से पानी आना बंद होने पर नलों के पास ही कोल्ड ड्रिंक बेचना शुरू कर दिया था जिससे लोगों में खासी नाराजगी भी उत्पन्न हो गई थी। यही वजह रही कि डिज्नीलैंड के ह्यओपनिंग डेह्ल को ह्यब्लैक संडेह्ल के नाम से भी जाना जाता है।

वैसे तो पूरा डिज्नीलैंड ही कल्पनाओं रहस्य और रोमांच से भरा है फिर भी मिकी माउस मिनी माउस प्रिंसेस टियाना टिंकर बेल गूफी पूह जैसे डिज्नी कार्टून कैरेक्टर्स के साथ अलग-अलग थीम पर बने डिज्नीलैंड में पेड़ पर टारजन का घर इंडियाना जोंस टेंपल ऑफ द फॉरबिडेन आई पायरेट्स ऑफ द कैरेबियन माउंटेड मेंसन पैसेंजर ट्रेन रोमांच से भरी जंगल लाइफ फेरिस व्हील स्काई राइड इत्यादि हर समय आकर्षण का मुख्य केन्द्र बने रहते हैं। बच्चे टीवी पर जिस मिकी माउस और मिनी माउस को देखकर खुश होते हैं और अपना मनोरंजन करते हैं वे उन्हें यहां जगह-जगह पर घूमते-फिरते बातें करते और डांस करते नजर आएंगे। इस खूबसूरत मनोरंजन पार्क में ह्यमिकी टूनटाउनह्ल में बच्चों के इन पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर्स का घर बनाया गया है ।हालांकि 1971 में फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में डिज्नी वर्ल्ड 1983 में टोक्यो में डिज्नीलैंड 1992 में पेरिस में यूरो डिज्नीलैंड तथा 2005 में हांगकांग डिज्नीलैंड की भी स्थापना हुई है किन्तु अमेरिका के कैलिफोर्निया के एनाहिम में स्थित ह्यडिज्नीलैंडह्ल सबसे पुराना और सबसे विस्तृत डिज्नीलैंड है जिसका कुल क्षेत्रफल 73.5 हेक्टेयर है जिसमें से 30 हेक्टेयर में थीम पार्क है। बताया जाता है कि यह इतना विशाल मनोरंजन पार्क है कि इसके संचालन और देखभाल के लिए यहां 65 हजार से भी ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण को गति देने में भारतीय नागरिकों के कर्तव्य

प्रहलाद सबनानी

अभी हाल ही में अमेरिका के निवेश के सम्बंध में सलाह देने वाले एक प्रतिष्ठित संस्थान मोर्गन स्टैनली ने अपने एक अनुसंधान प्रतिवेदन में यह बताया है कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास की दृष्टि से अगला दशक भारत का होने जा रहा है। इस सम्बंध में उक्त प्रतिवेदन में कई कारण गिनाए गए हैं। जैसे भारत में वर्तमान में 50 लाख परिवारों की आय 35000 अमेरिकी डॉलर से अधिक है। आगे आने वाले 10 वर्षों में यह संख्या 5 गुना बढ़कर 250 लाख परिवार होने जा रही है। इससे भारत में विभिन्न वस्तुओं का उपभोग द्रुत गति से बढ़ने जा रहा है। वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति आय 2278 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जो 10 वर्षों के दौरान दुगनी से भी अधिक होकर 5242 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष हो जाएगी। वर्तमान के सेवा क्षेत्र के निर्यात में वैश्विक स्तर पर भारत की हिस्सेदारी 3.7 प्रतिशत से बढ़कर 4.2 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वहीं विनिर्माण क्षेत्र में यह 1.7 प्रतिशत से बढ़कर 1.9 प्रतिशत पर पहुंच गई है। वर्ष 2021-2030 के दौरान पूरे विश्व में बिकने वाली कुल कारों में से 25 प्रतिशत कारें भारत में निर्मित कारें होंगी। साथ ही 2030 तक यात्री वाहनों की बिक्री में 30 प्रतिशत हिस्सा विद्युत चलित वाहनों का होगा जिनका निर्माण भी भारत में अधिक होगा। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों द्वारा किए जा रहे उत्पादों के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2.2 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत पहुंचने की प्रबल सम्भावना है।

वर्तमान में भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 900 वाट ऊर्जा का उपयोग होता है जबकि यह आगे आने वाले समय में बढ़कर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 1450 वाट ऊर्जा होने जा रहा है क्योंकि भारत में 6 लाख से अधिक गावों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। हालांकि फिर भी यह अमेरिका में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 9000 वाट ऊर्जा से बहुत कम ही रहने वाला है। परंतु इसमें एक सिल्वर लाइनिंग जो दिखाई दे रही है वह यह है कि भारत में ऊर्जा के उपयोग में होने वाली वृद्धि का 70 प्रतिशत से अधिक भाग नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र से प्राप्त होने वाला है। अतः नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में भारत में निवेश बहुत बड़ी मात्रा में होने जा रहा है इसमें विदेशी निवेश भी शामिल है। इस कारण से भारत में जीवाश्म ऊर्जा की मांग कम होगी और कच्चे तेल (डीजल पेट्रोल) की मांग भी कम होगी। इससे पर्यावरण में भी सुधार दृष्टिगोचर होगा। इसके साथ ही भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच जो वर्तमान में 30-40 प्रतिशत जनसंख्या तक ही सीमित है वह आगे आने वाले समय में बढ़कर 60-70 प्रतिशत जनसंख्या तक हो जाएगी।

अभी तक चीन पूरे विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र बन गया था और अमेरिका उत्पादों के उपभोग का मुख्य केंद्र बन गया था। परंतु आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान स्थिति बदलने वाली है। भारत चीन से भी आगे निकलकर विश्व में सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने जा रहा है जिससे भारत में उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ेगा। अतः भारत न केवल उत्पादों के उपभोग का प्रमुख केंद्र बन जाएगा बल्कि विश्व के लिए एक विनिर्माण केंद्र भी बन जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत पूर्व में ही वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। उक्त वर्णित कारणों के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्तमान स्तर 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2031 तक 7.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा और इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। इसी प्रकार भारत का पूंजी बाजार भी अपने वर्तमान स्तर 3.5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर पर 11 प्रतिशत की चक्रवृद्धि की दर से वार्षिक वृद्धि दर्ज करते हुए अगले 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। भारत में घरेलू मांग के लगातार मजबूत होने से एवं भारत में डिजिटल क्रांति के कारण भारतीय नागरिकों की आय में बहुत अधिक वृद्धि होने की सम्भावना के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के विकास का पांचवा हिस्सा भारत से निकलेगा ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। आगे आने वाले 10 वर्षों के दौरान आर्थिक क्षेत्र में भारत पूरी दुनिया का नेतृत्व करने जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

तेज रफ्तार ट्रक ने छात्रा को रौंद,हालत गंभीर

गजरौला। औद्योगिक नगरी क्षेत्र के चौपला पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने शनिवार की शाम स्कूल से घर जा रही छात्रा को रौंद दिया। आनन-फानन में पुलिस में लोगों की मदद से उसे गजरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक होता देख मेरठ के लिए रेफर कर दिया वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।गौरतलब है कि ईश्वर की पुत्री शीतल ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में पढ़ती है और यहां की छुट्टी के बाद वह अपने घर जा रही थी।साइकिल लेकर जैसे ही चौपला पुलिस चौकी के पास पहुंची तो दिल्ली की दिशा से आए तेज रफ्तार ट्रक ने छात्रा को रौंद दिया।जिसमें उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।रविवार को शीतल का भाई चौपला चौकी पर पहुंचा तो वहां मौजूद चौपला चौकी इंचार्ज ने फैसले का दबाव बनाते हुए मामलों को रफा-दफा करने की बात कही इस को लेकर भाई ने चौकी पर हंगामा करना शुरू कर दिया।साहब मेरी बहन की हालत गंभीर है और मैं काफी परेशान हूं आप ट्रक चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें यह सुनकर चौपला चौकी इंचार्ज नितेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि 70 हजार लेकर मामले को रफा-दफा कर दो और अपनी बहन का इलाज करा लेना इस पर पीड़ित का भाई राहुल भड़क गया।और उसने चौकी पर हंगामा करना शुरू कर दिया इस संबंध में उसने अमरोहा एसपी को भी फोन के माध्यम से शिकायत की है।प्रभारी अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया है कि चौकी पर कार्रवाई के लिए पहुंचे भाई से तहरीर मांगी है लेकिन अभी तहरीर नहीं दी गई है और वह केवल इलाज की बात कह रहा है मामले में जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी। चौपला चौकी इंचार्ज नितेंद्र वशिष्ठ ने बताया है कि हमने किसी पर फैसले का दबाव नहीं बनाया है। तहरीर मिलेगी तो जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

उप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा

उत्तर प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा जिसमें राज्य सरकार 2022-23 का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। यह वर्ष का तीसरा सत्र है और इसमें तीन बैठकें होने की संभावना है।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की उपस्थिति में सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पांडेय ने बताया कि तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने की उनकी पार्टी की मांग को स्वीकार कर लिया गया है। पांडेय ने कहा, ह्यसदन की शुरुआत के पहले दिन सोमवार को प्रश्नकाल नहीं होगा और यादव के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने गत दिनों सभी विधानसभा सदस्यों को भेजे गये पत्र में अधिसूचित किया था कि उप्र विधानसभा का सत्र पांच दिसंबर से सात दिसंबर तक के लिए प्रस्तावित है और राज्य सरकार ने शीतकालीन सत्र में 2022-2023 के लिए अपना पहला पूरक बजट पेश करने का प्रस्ताव रखा है। राज्य सरकार कुछ विधायी कार्य कर सकती है और राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के बाद प्रख्यापित अध्यादेशों को भी पेश कर सकती है।

जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले दबंगों को सबक सिखाएं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमीनों पर अवैध कब्जे करने वालों को करारा सबक सिखाने के आदेश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब 200 फरियादियों की समस्याएं सुनीं और इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को सख्त कानूनी कार्रवाई कर करारा सबक सिखाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को हमेशा प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। आदित्यनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठे लोगों तक खुद पहुंचे और सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि महिला को मकान उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार वाले फरियादियों को भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज रुकने नहीं दिया जाएगा।

पहली बार ऐसा राजनीतिक घमासान, घर-घर वोट मांगते नजर आए अखिलेश, भाजपा ने भी दिखाया दम

मैनपुरी, एजेंसी

प्रदेश ही नहीं देश के राजनीतिक मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र जो मुलायम सिंह यादव के गढ़ के रूप में जाना जाता है। यहां के मतदाताओं ने दो उपचुनावों सहित 21 चुनाव देखे हैं। वर्ष 1996 में मुलायम सिंह यादव के पहले लोकसभा चुनाव में कांटे का मुकाबला देखा, फिर उसके बाद केवल पर्चा दाखिल कर सपा प्रत्याशियों के सांसद बनने के दौर के साक्षी बने। विरोधियों को अधूरे मन से चुनाव में उतरते देखा। परंतु इस बार जैसा चुनाव तो कभी नहीं देखा। पूरे चुनाव में एक-दो सभाएं करने वाले सैफई परिवार ने इस बार गांव-गांव की दौड़ लगाई है।

सपा मुखिया अखिलेश यादव और परिवार के अन्य सदस्य रातों-दिन वोट मांगते नजर आए। खुद मुख्यमंत्री योगी ने की दो-दो जनसभाएं इसके अलावा, पहली बार भाजपा ने यहां जीत के दावे के साथ पूरी ताकत झोंकी है। मैनपुरी लोकसभा सीट के इस उपचुनाव में खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो-दो जनसभाएं की। दोनों उप मुख्यमंत्रियों ने दो-दो दिन यहीं पर डेरा डाला और कई-कई जनसभाएं की। भाजपा की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ सपाइयों की धड़कनें बढ़ाती रही। बनने जा रहा राजनीतिक इतिहास का अध्याय स्थानीय नेताओं के साथ दोनों दलों के दर्जनों माननीय दिन-रात वोटों के लिए लोकसभा क्षेत्र की खाक छानते रहे। ऐसा राजनीतिक घमासान मैनपुरी ने पहली बार ही देखा है, जो राजनीतिक इतिहास का एक अध्याय बनने जा रहा है। 1996 में पहली बार सांसद बने थे मुलायम राजनीति में मुलायम सिंह यादव के उदय के बाद से मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में उनका प्रभाव बढ़ना आरंभ हो गया था। वर्ष 1996 में जब वह पहली बार सांसद बने तो फिर सपा ने ऐसा वर्चस्व बनाया कि बीते चुनाव कोई अन्य जीत की दहलीज तक नहीं पहुंचा। जब भी चुनाव हुआ मुलायम सिंह यादव की चंद जनसभाएं और परिवार के अन्य सदस्यों की दो-चार बार आमद ही जीत सुनिश्चित कर देती थी। मुलायम ने 2019 के चुनाव को बताया था आखिरी वर्ष 2019 के चुनाव में जब मुलायम ने उसे अपना आखिरी चुनाव कहा था, तब तो मुलायम सिंह पर्चा भरने के बाद केवल एक जनसभा में आए थे। अब उनके निधन के बाद उपचुनाव की घोषणा हुई तो मैनपुरी का मतदाता प्रचार के वैसे ही माहौल की अपेक्षा कर रहा था। परंतु भाजपा ने सपा छोड़कर आए पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी घोषित करने के साथ ऐसा आक्रामक रुख दिखाया कि पूरी तस्वीर ही बदल गई। बदले अंदाज को भाजपा ने बनाया हथियार पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी घोषित के करने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पूरे चुनाव की कमान खुद संभाल ली। चाचा शिवपाल यादव के साथ अखिलेश का मिलन सुखियां बना। मतदाताओं को अचंभित करने वाला यह घटनाक्रम यहीं नहीं थमा। खुद अखिलेश, डिंपल यादव सहित पूरा परिवार गांव-गांव, घर-घर वोट मांगने पहुंचा। हर जगह मुलायम सिंह को वोट के रूप में श्रद्धांजलि देने की अपील की। ऐसा प्रचार अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट पर अपने खुद के चुनाव में भी नहीं किया था। भाजपा ने अखिलेश यादव के इस बदले अंदाज को भी प्रहार का हथियार बनाया। भाजपा नेताओं ने हर मंच से कहा कि उनको सामने हार दिख रही है, इसलिए गांव-गांव घूमने को मजबूर हुए हैं। भाजपा और सपा के बीच कांटे का मुकाबला जनता में भी इस वार-पलटवार की जबरदस्त चर्चा है। दरअसल, भाजपा ने भी इस बार मैनपुरी के चुनावी इतिहास का सबसे जबरदस्त प्रचार किया है। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मंत्री, सांसद, विधायकों की बड़ी फौज पूरे लोकसभा क्षेत्र को मथने में लगी रही। इसके चलते ही अब भाजपा और सपा के बीच कांटे का मुकाबला होना तय माना जा रहा है।

कोहरे में ट्रक चालक ने बाइक को मारी टक्कर, चिंगारी से दोनों वाहनों में लगी आग

अमरोहा। बजरी से लदे ट्रक चालक ने बाइक को कुचल दिया। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। बाइक को घसीटते समय निकली चिंगारी से ट्रक में आग लग गई। थोड़ी देर में आग की लपटें आसमान छूने लगीं। किसी तरह ट्रक चालक ने कूदकर जान बचाई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान बताया गया है।रविवार की सुबह करीब आठ बजे एक ट्रक अतरासी की ओर से अमरोहा आ रहा था। जैसे ही ट्रक ओवरब्रिज पर चढ़ने लगा तभी घने कोहरे के कारण ट्रक चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान किसी तरह बाइक सवार ने कूदकर जान बचाई। वह घायल हो गया। लेकिन बाइक ट्रक के अगले हिस्से में फंस गई। ट्रक चालक बाइक को घसीटता हुआ आगे बढ़ता रहा। तभी अचानक लोहे की रगड़ के कारण निकली चिंगारी से पहले बाइक में आग लगी और फिर ट्रक भी धू धू कर जलने लगा। थोड़ी देर में आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। ट्रक के चालक ने भी कूदकर जान बचाई।आग की लपटें आसमान छूने लगी। इस दौरान राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। दमकल की टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।बताया जा रहा है कि ट्रक डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्योनाली निवासी बदलू का है। जबकि बाइक सवार कौन है, इसका कुछ पता नहीं चला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

स्कूली छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देगी यूपी सरकार

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार लड़कियों को स्कूलों में व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण भागीदार संबंधित ट्रेडों में प्रशिक्षण देंगे। यह पहल राज्य के उन्नत कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में शुरू होगी। स्कूल शिक्षा महानिदेशक विजय किरण आनंद ने आदेश जारी कर कस्तूरबा बालिका विद्यालयों को इस कार्यक्रम में सभी छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। आदेश में यह भी कहा गया है कि सामुदायिक स्तर पर व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए बैठकें आयोजित की जाएंगी। यह कार्य जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य एवं कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला बालिका शिक्षा समन्वयक के सहयोग से किया जायेगा।

खतौली उप चुनाव में पैसे और शराब बांटने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौली विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए सोमवार को होने वाले मतदान से पहले पैसे और शराब बांटने के आरोप में पुलिस ने रविवार को यहां छह लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 51,000 रुपये भी जब्त किए गये हैं, जो कथित तौर पर एक विशेष उम्मीदवार के पक्ष में वितरण के लिए थे। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) राकेश कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक विशेष उम्मीदवार के पक्ष में मतदान के लिए पैसे और शराब बांट रहे हैं और इसी आधार पर जांच अभियान चलाया गया। सिंह ने कहा कि कर्मवीर सिंह, सुखबीर सिंह, दीपचंद, पुनीत कसाना, अरुण कुमार और गौतम को मामले में गिरफ्तार किया गया, जिन पर उम्मीदवार के पक्ष में पैसा और शराब बांटने का आरोप है। इनकी गिरफ्तारी दो अलग-अलग स्थानों से की गयी। पुलिस ने कहा कि उनके पास से 51,000 रुपये और नकदी के कथित वितरण के विवरण वाला एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

इस संबंध में उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 171 एच (चुनाव लड़ रहे किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में अवैध भुगतान) और 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। खतौली विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विक्रम सैनी को अदालत से सजा सुनाये जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द होने के बाद उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव के लिये सोमवार पांच दिसंबर को मतदान होगा। भाजपा ने यहां विक्रम की पत्नी राजकुमारी सैनी को उम्मीदवार बनाया है जबकि उनके मुकाबले राष्ट्रीय लोकदल के मदन भैया समाजवादी पार्टी के समर्थन से चुनाव मैदान में हैं। खतौली में कुल 14 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हालांकि कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने चुनाव से दूरी बनाए रखी है।

आर के पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट का समापन

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल में चल रहे तीन द्विवसीय वॉलीबॉल टूनामेंट का समापन हुआ।जिसमें उत्तराखण्ड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 14 जिलों (बदायू बुलन्दशहर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर अमरोहा, शामली हापुड़) की 148 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। टूनामेंट मे 1" SEMI-FINAL ROUND MH. PUBLIC SCHOOL (G.B. NAGAR) VIS VIDYA GYAN (BULANDSHAHAR) के बीच खेला गया एवं 24 SEMI-FINAL ROUND DRON PUBLIC SCHOOL, MEERUT VIS UNIVERSAL CONVENT SCHOOL, NAINITAL के साथ खेला गया जिसमे FINAL ROUND M.H. PUBLIC SCHOOL, G.B. NAGAR U UNIVERSAL CONVENT SCHOOL (NAINITAL) टीम M.H. PUBLIC SCHOOL, G.B. NAGAR), DRON PUBLIC SCHOOL (MEERUT). VIDYA GYAN (BULANDSHAHAR) & UNIVERSAL CONVENT SCHOOL (NAINITAL) के बीच खेला गया। जिसमे MH PUBLIC SCHOOL, G.B. NAGAR की टीम विजेता रही, द्वितीय स्थान पर NAINITAL) तृतीय स्थान पर UNIVERSAL CONVENT SCHOOL DRON PUBLIC SCHOOL MEERUT) & VIDYA GYAN.... (BULANDSHAHARI की टीम रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैक ऑफ बडौदा के क्षेत्रीय प्रबन्धक शमशाद अहमद ने सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया व सभी विजयी टीम को पुरस्कृत किया।विद्यालय संरक्षक श्री अजय टंडन ने उइरए (Cluster XIX) VolleybÔll (Boys) Tournament 2022-23 के - सफल आयोजन के लिए प्रतियोगिता को सी०बी०एस०ई० द्वारा नियुक्त Observer परवेन्द्र चौधरी, Chief Referee आशीष गौहर एवं उत्तर प्रदेश बॉलीबाल एसोसिएशन के निर्णायक सदस्य रोहित यादव, सन्तोष पटेल, यशवन्त सिंह, ललित शर्मा, इरफान मलिक, देवेन्द्र यादव एवं शम्भू गुप्ता का आभार व्यक्त किया।प्रबन्धिका अंजली टंडन, निदेशिका अदिती टंडन व प्रधानाचार्या डा० शिक्षा सरदाना द्वारा बैंक आफ बडौदा के मुख्य प्रबंधक सुनील वर्मा, ग्वाला पशु आहार के कार्यपालक साकेत कौरा, घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० अर्चना शर्मा,हैप्पी हर्टस प्ले स्कूल, कैलसा की प्रधानाचार्या जूही राज एवं समस्त विद्यालयी परिवार का आभार व्यक्त किया।

सपा के आफर पर इखढ का जवाब, केशव बोले- बूथ कब्जा नहीं पाओगे, अखिलेश ने कही थी विधायक लाने की बात

लखनऊ, एजेंसी

उत्तर प्रदेश में होने वाले उपचुनावों में अपने-अपने प्रत्याशियों के प्रचार में जुटे पक्ष-विपक्ष के नेता एक दूसरे पर वार-पलटवार का द्वंद्वयुद्ध छेड़े हुए हैं। इन दिनों सत्ताधीन भाजपा के नेता व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और विपक्ष के नेता अखिलेश यादव के बीच काफी बयानबाजी चल रही है। अखिलेश और केशव एक दूसरे पर तंज कसने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे। बीते दिन अखिलेश यादव ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों को सीएम बनने का खुला आफर दिया तो इस पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने आज ट्वीट वार कर दिया। जिसमें केशव ने अखिलेश को खिसियाया हुआ और मानसिक संतुलन खोया हुआ बताया। इसके साथ ही केशव ने जय भाजपा तय भाजपा गई सपा का एक हैशटैग भी डाला है। रामपुर में अखिलेश ने क्या कहा था वीरवार को रामपुर पहुंचे पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान मंच से ही प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रियों को सीएम बनने का खुला आफर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो डिप्टी सीएम घूम रहे हैं। वे 100 विधायक लेकर आएं। 100 विधायक हम देते हैं और सीएम बन जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे डिप्टी सीएम का क्या लाभ जो अपने विभाग के एक सीएमओ का तबादला नहीं करा पाए। एक डिप्टी सीएम का विभाग बदल दिया, लेकिन जो विभाग उनको सौंपा गया, उसमें बजट ही नहीं है। अखिलेश का दावा- 2024 में नहीं रहेगी भाजपा सरकार मंच से बोलते हुए अखिलेश ने यह भी कहा कि यह चुनाव सिर्फ रामपुर का नहीं है बल्कि सरकार को हिलाने का चुनाव है। चुनावी जनसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि यहां की जनता ने पांच दिसंबर को अगर सपा प्रत्याशी को जिता दिया तो 2024 के बाद प्रदेश सरकार नहीं रहेगी। केशव ने भी दिया था करारा बयान रामपुर में अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधा तो वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मैनपुरी से शिवपाल और अखिलेश को निशाने पर लिया। मैनपुरी में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने आए केशव ने कहा कि इस बार मैनपुरी की जनता समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाकर ही छोड़ेगी।

पूर्व सांसद ने की मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त

अमरोहा। निवर्तमान सांसद चौ० कंवर सिंह तंवर ने विधानसभा क्षेत्र हसनपुर के ग्राम मंगरौला में मृतकों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की ग्राम पथरा में मृतक कंचन खडगवंशी पुत्र रामप्रकाश खडगवंशी के घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिले व मृतक के परिजनों को 25000 रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की। साथ ही ग्राम लालापुर मैं सुरेश सिंह कश्यप पुत्र बोदल सिंह कश्यप की सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु की सूचना मिलने पर मृतक के घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार का ढांढस बंधाया व मृतक के परिजनों को 25000 रुपये की आर्थिक मदद प्रदान की।उसके पश्चात मा. निवर्तमान सांसद चौ० कंवर सिंह तंवर ग्राम ककरुआ में मृतक फुन्दन सिंह के शोकाकुल परिवार से मिले व शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी।इस मौके पर साथ अभिनव कौशिक, मुदित गुर्जर,सतवीर सिंह खड़गवंशीरामपाल सिंह,यशपाल सिंह खड़गवंशी, जसवीर सिंह, महेन्द्र सिंह, इकबाल सिंह, मनु कुमार, सुरेन्द्र सिंह, मुनिपाल सिंह खडगवंशी, ओमकार सिंह व महेश प्रधान इत्यादि मौजूद रहे।

गजरौला पालिका द्वारा कराया गया सेल्फी प्वाइंट का निर्माण

गजरौला। प्रदेश सरकार के 75जनपद 75 घंटे 750 निकाय स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा रविवार को तीसरे दिन चौपला चौराहे पर औद्योगिक वेस्ट मटेरियल बोन चाइना के टूटे-फूटे कपों से चौपला चौराहे की दीवार के पास जीबीपी पॉइंट (कूड़ा डालने की स्थान) को खत्म करके वहां पर सफाई आदि करा कर सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कराया गया।औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इकाई मधुर सेरामिक जोकि बोल चाइना कब प्लेटो का निर्माण करती है, का वेस्ट मटेरियल जो कि उनके किसी काम का नहीं है जिसको उठाने के लिए भी वह पैसे देते हैं, को नगर पालिका परिषद के द्वारा उठवाकर उसे दीवार पर चिपका कर सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कराया गया है। जिसका उद्घाटन अपर जिलाधिकारी राम शरणदास द्वारा किया गया।स्थानीय नागरिकों द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर आनंद की अनुभूति की गई। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी श्रीराम शरणदास, अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह, स्वच्छता प्रभारी एवं लेखाकार, आदेश कुमार, लाइट प्रभारी, वेद प्रकाश सिंह सफाई प्रभारी जयचंद, महेश चंद्र, मुनेश कुमार, अक्षय शुक्ला, ललित कुमार, गजेंद्र सिंह, नदीम आदि कर्मचारी एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

काशी और कांची में कोई फर्क नहीं, दोनों में सदियों पुराना संबंध : निर्मला सीतारमण

केन्द्रीय वित्त मंत्री काशी तमिल संगमम में हुई शामिल

वाराणसी, एजेंसी

केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि काशी और कांची में कोई फर्क नहीं है। जो काशी में होता है,वह कांची में भी होता है, उसे देखकर महसूस किया जा सकता है कि काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराना संबंध है। केन्द्रीय वित्त मंत्री रविवार को काशी तमिल संगमम में बीएचयू के एम्फी थिएटर मैदान में आयोजित ह्यमंदिर वास्तुकला और ज्ञान के अन्य विरासत रूपह्न विषयक शैक्षणिक सत्र को सम्बोधित कर रही थी। संगमम में मौजूद तमिल प्रतिनिधियों को तमिल भाषा में धाराप्रवाह संबोधित कर केन्द्रीय वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री के नारे ह्यओरे भारतम उन्नत भारतमह्य को साकार करना है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हम सब भारत के लोग हैं, हम में से प्रत्येक एक भाषा बोलते हैं। घरों में अपनाई जाने वाली संस्कृति भिन्न हो सकती है, लेकिन हम सब एक हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता का जो संदेश दिया है। उसमें उत्तर भारत और दक्षिण भारत की संस्कृति एक है।इसका बोध आज हो रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि मैंने तमिलनाडु में बचपन से ही कुछ चीजें अनुभव की हैं और जानी हैं, वे चीजें आज हमें काशी में भी देखने को मिल रही हैं। अतः हमारा कर्तव्य है कि हम इन सभी प्रमाणों को उजागर करें और उन्हें असत्य न बोलने का संकेत दें। उन्होंने कहा कि देश की एकता के लिए, अगर हम सब साथ में हैं, यह देश प्रगति करेगा और हर व्यक्ति का विकास होगा। इसके पहले बीएचयू के कुलपति सुधीर कुमार जैन ने मुख्य अतिथि केन्द्रीय वित्त मंत्री को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर ज्ञानेश्वर चौबे ने शैक्षणिक सत्र में डीएनए की उपयोगिता को हेल्थकेयर और फॉरेंसिक में जोड़ते हुए बताया कि वह डीएनए विधा ही थी जिसके द्वारा जॉर्जिया की महारानी केतेवन की हड्डियों की पहचान हो पाई और अजनाला के शहीदों की उत्पत्ति के बारे में पता चला।

उत्तर प्रदेश में लड़की को अगवा कर बलात्कार करने का आरोपी गिरफ्तार

बलिया, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 साल की एक लड़की को कथित रूप से अगवा कर लगातार छह दिन तक बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने दर्ज रिपोर्ट के हवाले से रविवार को बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 वर्षीया किशोरी को अक्षय (20) नामक युवक ने गत 21 नवम्बर को अगवा कर लिया और इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर अक्षय के विरुद्ध गत 29 नवम्बर को अपहरण करने के आरोप में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोप है कि अक्षय ने किशोरी को अगवा करने के बाद बलिया के एक स्थान पर ले जाकर लगातार छह दिन तक बलात्कार किया तथा उसके बाद किशोरी को गत दो दिसम्बर को गांव लाकर छोड़ दिया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने किशोरी की मेडिकल जांच कराकर शनिवार को बलिया की एक स्थानीय अदालत में उसका बयान दर्ज कराया तथा मुकदमे में भारतीय दण्ड संहिता की बलात्कार के आरोप तथा यौन अपराधों से बच्चो का संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धारा बढ़ायी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी अक्षय को बांसडीह थाना क्षेत्र के ही परिखरा गांव से रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

एमडीकेवी में प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त, कालेज स्टाफ के रूके वेतन का रास्ता हुआ साफ

प्रात: किरण, संवाददाता

नजीबाबाद। मूर्ति देवी कन्या इंटर कालेज नजीबाबाद के प्रबंधक द्वारा चयनित प्रधानाचार्या सुनीता चैधरी के हस्ताक्षर वाले वेतन बिल पर हस्ताक्षर न करने से उपजी वेतन समस्या का समाधान हो गया। जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर की संस्तुति पर जेडी मुरादाबाद ने वेतन वितरण अधिनियम के तहत प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त कर दिया जिससे कालेज की प्रबंध समिति निष्क्रिय हो गयी।मूर्ति देवी कन्या इंटर कालेज नजीबाबाद में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज ने विद्यालय की अर्थशास्त्र प्रवक्ता सुनीता चैधरी को प्रधानाचार्या पद पर चयन किया। लेकिन प्रबंधक नीरज जैन ने विद्यालय को अल्पसंख्यक संस्था बताकर चयनित प्रधानाचार्या को कार्यभार ग्रहण नहीं कराया था। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रबंधक को सुनीता चैधरी को कार्यभार ग्रहण कराने का अंतिम नोटिस जारी किया लेकिन प्रबंधक ने कार्यभार ग्रहण नहीं कराया तब जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर रामाज्ञा कुमार ने 14अक्टूबर 2022 को अपने कार्यालय में सुनीता चैधरी को प्रधानाचार्या पद का कार्यभार ग्रहण करा दिया।

जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ने पृथक से स्टाफ की उपस्थिति पंजिका प्रमाणित कर स्टाफ को हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए लेकिन कार्यवाहक प्रधानाचार्या शोभा वर्मा ने प्रबंधक की तरह सुनीता चैधरी को प्रधानाचार्या स्वीकार नहीं किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने अक्टूबर माह का वेतन सुनीता चैधरी के हस्ताक्षरघ से बनवाकर प्रबंधक को हस्ताक्षर कर वेतन बिल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए लेकिन प्रबंधक ने सुनीता चैधरी के साथ वेतन बिल पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया जिससे कालेज के स्टाफ को अक्टूबर व नवंबर का वेतन नहीं मिला। कालेज की प्रधानाचार्या व स्टाफ ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से भेंट कर वेतन दिलाने की मांग की थी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्टाफ के वेतन व प्रबंधक के असहयोग के चलते संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद को वेतन समस्या से अवगत कराते हुए प्रबंध समिति को निष्क्रिय कर प्राधिकृत नियंत्रक नियुक्त करने की संस्तुति की। अब कालेज के स्टाफ को वेतन मिलने का रास्ता साफ हो गया। उधर प्रधानाचार्या सुनीता ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर, संयुक्त शिक्षा निदेशक व प्राधिकृत नियंत्रक से प्रधानाचार्या का समस्त कार्यभार ग्रहण कराने की मांग की है।

एसडीएम ने लंबित शिकायतों का गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए

नजीबाबाद। एसडीएम विजय वर्धन तोमर ने संपूर्ण समाधान दिवस की लंबित शिकायतों का गुणवत्ता के साथ शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में 31 शिकायतों में से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसडीएम विजय वर्धन तोमर, न्यायिक रितु चैधरी, सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस विभाग की शिकायतों की सुनवाई की। सीएमओ बिजनौर एक की उपस्थिति में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने शासन की मंशा के अनुसार शिकायतों का गुणवत्ता के साथ शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों को लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने को कहा। राजस्व विभाग की 13, विकास की 12 और पुलिस की नौ शिकायतों सहित 31 शिकायतों की सुनवाई हुई। दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। तहसील दिवस में एक्सईएन लोनिवि योगेंद्र कुमार, तहसीलदार कमलेश कुमार, नायब तहसीलदार सार्थक चावला, बीडीओ ज्योति चैधरी, खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति पाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने बदमाशों को किया गिरफ्तार

बढापुर। थाना बढापुर पुलिस द्वारा बदमाश नौशाद पुत्र तसलीम निवासी मौ0 मदरसा कस्बा झालू हल्दौर जनपद बिजनौर को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। जिसके सम्बंध मे थाना हल्दौर पर मु0अ0स0-478/22 धारा-4/25 आयुध अधिनियम मे गिरफ्तार कर किया गया है। वहीं पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों ओमप्रकाश पुत्र रामकिशोर निवासी मोहम्मपुर जौरी थाना अफजलगढ बिजनौर व अभिषेक पुत्र बरिम निवासी ग्राम जराबा थाना रेहड़ को मु.अ.सं 149/22 धारा 147,148, 149,307,323, 504,506 आईपीसी में गिरफ्त कर कोर्ट में पेश किया।

पुलिस ने किया बदमाश को गिरफ्तार

चांदपुर। थाना चांदपुर पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों रवि पुत्र सुनील कुमार निवासी करीम थाना मंड़ावली बिजनौर तथा निपेंद्र सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी ग्राम व थाना मांड जनपद बिजनौर व मोहम्मद वसीम पुत्र अजीमुददीन निवासी ग्राम थाना मंडावर बिजनौर को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। वहीं दूसरे मामले में थाना धामपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त वीरे पुत्र जीत सिंह निवासी ग्राम उमरी थाना हल्दौर जनपद बिजनौर को 20 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 396/22 धारा 60(1) अधिनियम के तहत न्यायालय में पेश किया गया।

संक्षिप्त खबरें

नारी सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

किरतपुर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूलों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर शहर बनाने के लिए वोट करें : मुख्यमंत्री केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को शहर के लोगों से अपील की कि वे दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एक ईमानदार और बेहतर शासन के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। राष्ट्रीय राजधानी में एमसीडी के 250 वार्ड के लिए सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ। केजरीवाल ने ट्वीट किया, साफ-स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाने के लिए आज मतदान है, नगर निगम में एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बनाने के लिए मतदान है। सभी दिल्लीवासियों से मेरी अपील- दिल्ली नगर निगम में एक ईमानदार और काम करने वाली सरकार बनाने के लिए आज अपना वोट डालने जरूर जाएं। दिल्ली में 1.45 करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव में मतदान करने के पात्र हैं, जिसके लिए शहर भर में 13,000 से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। शाम साढ़े पांच बजे मतदान खत्म होगा।

बगटूई नरसंहार मामला : सीबीआई ने मुख्य आरोपित लालन शेख को दबोचा

बीरभूम। सीबीआई ने बीरभूम में बगटुई नरसंहार और आगजनी मामले के मुख्य आरोपितों में से एक लालन शेख को गिरफ्तार कर लिया है। लालन शेख बगटुई हत्याकांड में मारे गए तृणमूल नेता भादू शेख का करीबी साथी था। केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद शनिवार देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया। रविवार को उसे रामपुरहाट अनुमंडल न्यायालय में पेश किया जाएगा। गत मार्च महीने में हुई इस घटना के बाद से लालन फरार चल रहा था। करीब नौ महीनों की मशक्कत के बाद जांच एजेंसी लालन शेख को गिरफ्तार कर पाई है। उल्लेखनीय है कि गत 21 मार्च की रात बड़शाल ग्राम पंचायत के तृणमूल कांग्रेस उपाध्यक्ष भादू शेख की बम फेंक कर हत्या किये जाने का मामला सामने आया। आरोप है कि भादू शेख की हत्या का बदला लेने के लिए उस रात बगटुई गांव के कई घरों में आग लगा दी गई थी। घटना के अगले दिन गांव से सात शव बरामद किए गए थे। बाद में रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दो और लोगों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर सीबीआई ने 21 जून को चार्जशीट दाखिल की थी। इसी दौरान मुख्य आरोपितों में से एक लालन शेख फरार हो गया। आखिरकार सीबीआई अधिकारियों ने शनिवार देर रात छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

बिजनौर में बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

प्रात: किरण, संवाददाता

बिजनौर। बजरंग दल की ओर से रविवार को जिला मुख्यालय पर शौर्य यात्रा निकाली गयी। प्रदर्शनी मैदान से शुरू हुई यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी।

यात्रा में बजरंग दल कार्यकर्ता पूर्ण अनुशासन के साथ पंक्तिबद्ध होकर चल रहे थे। इससे पूर्व प्रदर्शनी मैदान में हुई सभा जिसे बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दौनेरिया ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोंधन में गीता जयंती व शौर्य दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने आज ही के दिन अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। वह उपदेश अर्जुन को युद्ध में काम आया। जो अर्जुन युद्ध करने का साहस नहीं बटोर पा रहे थे श्रीकृष्ण का उपदेश सुनकर वह भी शस्त्र उठाने को प्रोत्साहित हुए थे। उन्होंने कहा कि गीता के मार्ग पर चलने से ही पूरी दुनिया का कल्याण हो सकता है। बजरंग दल ने अयोध्या में श्रीराम के मंदिर को तोडकर बनाये गये ढांचे को आहवान किया था बजरंग दल के आहवान पर हिन्दू समाज संगठित हुआ था और साढे चार सौ साल का ढांचा ध्वस्त कर दिया गया था।

अनाथ बच्चों के कथित उत्पीड़न के मामले में बिहार, तमिलनाडु सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार और तमिलनाडु की सरकारों को मदरसे में 12 अनाथ बच्चों के कथित उत्पीड़न के मामले में नोटिस जारी किया है। आयोग ने मीडिया में आई एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि बिहार के अनाथ किशोरों को रखने और उनका उत्पीड़न करने के आरोप में चेन्नई में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एनएचआरसी ने कहा कि पोन्नियाम्मनमेडु में स्थित मदरसे से 12 बच्चों को मुक्त कराया है। आयोग ने तमिलनाडु और बिहार के मुख्य सचिवों तथा चेन्नई के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर मामले में चार सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने कहा कि एक दिसंबर को मीडिया में आई खबर में दावा किया गया था कि पुलिस को ह्य1098ह्ल हेल्पलाइन के माध्यम से जानकारी मिली थी कि चेन्नई में माधवरम के पास पोन्नियाम्मनमेडु में एक मदरसे में कुछ बच्चों का उत्पीड़न और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। इसमें कहा गया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर बिहार के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि एक बाल कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में पुलिस बच्चों को सरकारी बाल अस्पताल ले गई और बाद में उन्हें एक घर में स्थानांतरित कर दिया गया।

महिला पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

बिजनौर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूलों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री की बेटी कविता ने सीबीआई से दिल्ली शराब घोटाले का विवरण मांगा

हैदराबाद, एजेंसी

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी और विधान परिषद सदस्य के कविता ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित घोटाले के संबंध में सीबीआई से पूरा विवरण शिकायत की प्रतियों के साथ उपलब्ध कराने को कहा है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई ने कविता को इस मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। कविता ने शुक्रवार को नोटिस भेजने वाले सीबीआई अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि इन दस्तावेजों मिलने के बाद वह पूछताछ के लिए स्थान और समय तय करती हैं। सीबीआई ने शुक्रवार को कविता को 06 दिसंबर को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। उन्हें पूछताछ के लिए अपनी सुविधा के अनुसार जगह की सूचना देने को कहा है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की नीली पानी की क्षमता देश को दुनिया भर में अपनी पहुंच और सौम्य प्रभाव का विस्तार करने में मदद करती है। सरकार हमारी नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान देने के साथ आधुनिकीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया कि सफेद रंग की वर्दी वाले सभी पुरुषों और महिलाओं को बधाई, जो हमारी समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। राष्ट्र अपने समुद्री बल की वीरता और बहादुरी को सलाम करता है। भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक वीएस पठानिया ने भारतीय नौसेना के सभी रैंकों, भूतपूर्व सैनिकों और परिवारों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं दी। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भारत डायनामिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मिश्रा (सेवानिवृत्त) ने नौसेना के योद्धाओं, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सेवा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीडीएल स्वदेशी तकनीक का उपयोग करके विश्व स्तरीय हथियारों का उत्पादन करके भारतीय नौसेना को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जी20 शिखर सम्मेलन की रणनीतियों को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार अगले साल भारत की मेजबानी में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए सुझाव मांगने, रणनीतियों पर चर्चा करने और अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाएगी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी की ओर से करीब 40 दलों के अध्यक्षों को बैठक में आमंत्रित किया गया है। राष्ट्रपति भवन में होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के भी बैठक में शामिल होने की संभावना है। भारत ने एक दिसंबर को आधिकारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की है। इस साल दिसंबर से हैदराबाद समेत देश के विभिन्न स्थानों पर 200 से अधिक जी20 बैठकों की मेजबानी किए जाने की उम्मीद है। अगले साल नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन होना है। इससे पहले देश के विभिन्न हिस्सों में जी20 की कई बैठकें आयोजित की जाएंगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी रविवार को दिल्ली पहुंचेंगी। बाद में वह सर्वदलीय बैठक में शिरकत करेंगी। हालांकि, बनर्जी ने कहा कि वह बैठक में तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में भाग लेंगी, न कि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में। इंडोनेशिया ने इस महीने की शुरूआत में बाली शिखर सम्मेलन में, आने वाले वर्ष के लिए जी20 की अध्यक्षता भारत को सौंपी थी और प्रधानमंत्री मोदी ने इसे प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिए गर्व की बात करार दिया था। जी20 दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है। इसमें अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

वरिष्ठ अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बिजनौर। रविवार को अनिल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर बिजनौर व एसडीएम सदर बिजनौर द्वारा कस्बा झालू व कस्बा हल्दौर के समस्त बूथों का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

महिला पुलिस ने छात्राओं को दी जानकारी

स्योहारा। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूलों के आसपा बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

अगले साल फरवरी में रायपुर में होगा कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन अगले साल फरवरी महीने में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस संचालन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि अधिवेशन फरवरी के दूसरे पखवाड़े में होगा जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी ने यह भी फैसला किया कि ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल के समापन के बाद आगामी 26 जनवरी से देश भर में ह्यहाथ से हाथ जोड़ोह्ल अभियान शुरू किया जाएगा जिसके तहत ब्लॉक, पंचायत और बूथ के स्तर पर लोगों से संपर्क साधा जाएगा।वेणुगोपाल ने बताया कि दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में राहुल गांधी के संदेश वाला पत्र भी लोगों को सौंपा जाएगा।पार्टी के अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर खरगे के निर्वाचन पर मुहर लगेगी और फिर नई कार्य समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। खरगे के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार संचालन समिति की बैठक हुई। पिछले महीने पार्टी अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के शीर्ष निकाय कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के स्थान पर इस संचालन समिति का गठन किया था। बैठक में खरगे के अलावा पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य नेता शामिल थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल में शामिल होने के चलते इस बैठक में भाग नहीं ले सके। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा था, ह्यह्यकांग्रेस संचालन समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य यह तय करना है कि अधिवेशन सत्र कब होगा और इसे कहां आयोजित किया जाए। इसी मुद्दे पर चर्चा होगी। पार्टी सूत्रों ने बताया कि संचालन समिति की इस अहम बैठक में संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा हुई। खरगे ने बैठक की शुरूआत में संगठन में ऊपर से लेकर नीचे तक जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में अक्षम हैं, उन्हें नए लोगों को मौका देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी के महासचिव और प्रदेश प्रभारी पहले खुद की जिम्मेदारी सुनिश्चित करें तथा जनांदोलन के संदर्भ में 30 से 90 दिनों के भीतर रूपरेखा तैयार करें। खरगे के कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने के शीघ्र बाद कार्यसमिति के लगभग सभी सदस्यों को संचालन समिति का सदस्य बनाया गया था।

एक बदमाश किया कोर्ट में पेश

कोतवाली देहात। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने एक नफर अभियुक्त शकी पुत्र हुसैन उर्फ हुसैन बख्श निवासी ग्राम गौसपुर चैर हाथ कोतवाली जनपद बिजनौर को मुकदमा अपराध संख्या 1320/09 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम व मुकदमा अपराध संख्या 87/2001 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया।

क्राइम रविवार को दोपहर गांव जिक्रीवाला निवासी इलियास बाइक सवार अपने बाइक से शमशीदा तथा तमीजन के साथ अफजलगढ़ की ओर जा रहा था...

कार व बाईक की आमने-सामने की भिड़ंत हुई, तीन लोग घायल हुए, सीएचसी में भर्ती

प्रात: किरण, संवाददाता

अफजलगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव जिक्रीवाला के समीप कार व बाईक की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गये घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। रविवार को दोपहर गांव जिक्रीवाला निवासी इलियास बाइक सवार अपने बाइक से शमशीदा तथा तमीजन के साथ अफजलगढ़ की ओर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक गांव जिक्रीवाला के समीप हाईवे किनारे पर पहुंचे तो सामने से आ रही कार से आमने-सामने की भिड़ंत हो जाने के कारण मोहम्मद इलियास, शमशीदा तथा तमीजन तीनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये घायलों को पुलिस की मदद से 108 एम्बुलेंस सेवा द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया गया है। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

अनियंत्रित ट्रक मैजिक पर पलटा, एक घायल

शिवालाकलां। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार/रविवार की रात्रि में थाना शिवालाकलां क्षेत्रान्तर्गत राजपुताना बैंक्वेट हॉल के सामने सडक किनारे अनुराग उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र अमर सिंह नि0 पाडली थाना धामपुर टाटा मैजिक वाहन सं0 न्द 20 ज 5684 मे लेटा हुआ था। समय करीब 10 बजे सडक से गुजर रहा गन्ने से भरा ट्रक नं0 न्द 23 ळ 9624 अनियंत्रित होकर उपरोक्त टाटा मैजिक पर पलट गया। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी चांदपुर पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा क्रेन की सहायता से 02 घन्टे के रेस्क्यू आपरेशन के बाद ट्रक के नीचे दबे हुए अनुराग उपरोक्त को सकुशल बाहर निकालकर उपचार हेतु सीएचसी नूरपुर भिजवाया गया। मौके पर यातायात व कानून व्यवस्था की कोई समस्या नही है।

तालाब में अधेड़ व्यक्ति का गला सड़ा शव मिलने से मचा हड़कंप

अफजलगढ़। गांव हिदायतपुर चैहड़वाला में सड़क किनारे एक तालाब में एक 38 वर्षीय व्यक्ति का गला सड़ा शव मिलने से हड़कंप मच गया। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की बारे में ग्रामवासियों से पूछताछ की। शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार को दोपहर क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चैहड़वाला में सड़क किनारे एक 38 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह, एसएसआई आशीष तोमर ने पुलिस टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवा कर शव की शिनाख्त ग्रामीणों से कराई। वही शव लगभग एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। शव गला सड़ा होने के कारण शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव की बारे में ग्रामीणों से पूछताछ कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस ने मनचलों पर शिकंजा कसा

नजीबाबाद। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर गठित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के संबंध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नंबर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूलों के आसपा बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली , सोमवार, 05 दिसंबर, 2022

संक्षिप्त खबरें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौसेना दिवस पर नौसेना की प्रशंसा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नौसेना दिवस पर नौसेना की सराहना करते हुए कहा कि उसने दृढ़तापूर्वक देश की रक्षा की है और कठिन समय में भी अपनी मानवीय भावना से अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वर्ष 1971 की भारत-पाक लड़ाई के दौरान ह्यऑपरेशन ट्राइडेंटह्ल में नौसेना की उपलब्धियों की याद में चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। मोदी ने ट्वीट किया, ह्यह्यसभी नौसैनिकों और उनके परिवारों को नौसेना दिवस पर शुभकामनाएं। भारत में हमें आपके समृद्ध समुद्री इतिहास पर गर्व है। उन्होंने लिखा, ह्यह्यभारतीय नौसेना ने दृढ़तापूर्वक हमारे राष्ट्र की रक्षा की है और कठिन समय में भी अपनी मानवीय भावना से अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

मंगलुरु और मुंबई के बीच नौ दिसंबर से चलेगी विशेष ट्रेन

मंगलुरु। कोंकण रेलवे सर्दियों में यात्रियों की अधिक भीड़ के मद्देनजर मध्य रेलवे के साथ मिलकर मुंबई और मंगलुरु के बीच विशेष ट्रेन का संचालन करेगी। रविवार को यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि ट्रेन संख्या 01453 लोकमान्य तिलक (टी)-मंगलुरु जंक्शन स्पेशल (साप्ताहिक) नौ दिसंबर से छह जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक स्टेशन से रात सवा 10 बजे रवाना होगी और अगले दिन शाम पांच बजकर पांच मिनट पर वह मंगलुरु जंक्शन पहुंचेगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, ट्रेन संख्या 01454 मंगलुरु जंक्शन-लोकमान्य तिलक स्पेशल (साप्ताहिक) 10 दिसंबर से सात जनवरी तक हरेक शनिवार को मंगलुरु जंक्शन से शाम पौने सात बजे रवाना होगी। ट्रेन अगले दिन दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर लोकमान्य तिलक पहुंचेगी।

भाजपा-आप सहित तमाम दलों के नेताओं ने की मतदान की अपील

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 250 वार्डों के लिए रविवार को मतदान जारी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस सहित तमाम दलों के नेताओं ने लोगों से बड़ी संख्या में मतदान की अपील की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए वोट डालने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया, ह्लईमानदार पार्टी को वोट दें, शरीफ और अच्छे लोगों को वोट दें। भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, लफंगई, गाली गलौज करने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने वालों को वोट ना दें। उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ सुथरा करेंगे। काम करने वालों को वोट दें,काम रोकने वालों को वोट न दें। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने ट्वीट कर कहा, ह्लदिल्ली की जनता से विनम्र अपील। आज दिल्ली में नगर निगम का चुनाव है, यह आने वाले 5 वर्षो के लिए क्षेत्र की प्रगति एवं क्षेत्रवासियों का उत्थान निर्धारित करेगा। एक विकासशील सरकार बनाने के लिए वोट अवश्य करें और लोकतंत्र के महापर्व के साक्षी बनें।

राहुल की भारत जोड़ो यात्रा आज मध्यप्रदेश से राजस्थान में प्रवेश करेगी

आगरमालवा, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में आज तेरहवें दिन आगरमालवा जिले से राजस्थान के चनवली में शाम को प्रवेश करेगी। प्रदेश कांग्रेस के अनुसार श्री गांधी शाम को राजस्थान में प्रवेश करेंगे और प्रवेश के साथ ही ह्यध्वज सौंपनेह्ल की प्रक्रिया होगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश और राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। इसके पहले श्री गांधी की पदयात्रा आज सुबह आगरमालवा जिले के लालाखेड़ी के पास अन्नपूर्णा ढाबा से प्रारंभ हुयी और यह सुबह लगभग दस बजे सोयतकला पहुंच गयी। पूर्वान्ह का यात्रा विराम यहीं पर रहेगा। इसी स्थान से पदयात्रा दोपहर साढ़े तीन बजे फिर प्रारंभ होगी और शाम को लगभग साढ़े छह बजे डोंगरगांव में पिपलेश्वर बालाजी मंदिर के पास पहुंचेंगी। इसके बाद यात्रा कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी। वरिष्ठ नेता श्री गांधी की भारत जोड़ो यात्रा लगभग तीन माह पहले कन्याकुमारी से प्रारंभ हुयी थी। इस यात्रा ने 23 नवंबर को महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश से बुरहानपुर जिले में प्रवेश किया था। इसके बाद श्री गांधी इन तेरह दिनों में बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, इंदौर, उज्जैन होते हुए आगरमालवा जिले में पहुंचे हैं। श्री गांधी की यात्रा जम्मू कश्मीर पहुंचकर संपन्न होगी। वे अब तक दो हजार से अधिक किलोमीटर चल चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, जयराम रमेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, जीतू पटवारी, कुणाल चौधरी, विवेक तन्खा, विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ गोविंद सिंह, जयवर्धन सिंह, सचिन यादव समेत दर्जनों वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता राज्य में यात्रा के साथ रहे।

राजनीति से सन्यास ले लें नीतीश कुमार, खत्म हो गई है विश्वसनीयता : गिरिराज सिंह

बेगूसराय, एजेंसी केन्द्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है नीतीश कुमार बिहार में सरकार चलाने में पूरी तरह से विफल हैं, उन्हें राजनीति से संन्यास ले लेनी चाहिए। रविवार को बेगूसराय में पत्रकारों से बात करते हुए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि नीतीश कुमार कहते हैं, मुझे काम पर विश्वास है, मेरा काम बोलता है। लेकिन नीतीश कुमार पर से लोगों का विश्वास खत्म हो गया है, उनकी विश्वसनीयता खत्म हो गई है। कल तक जो लोग उन्हें मुख्यमंत्री बनाए थे और प्रधानमंत्री बनाने की बात रहे थे। आज खुलकर विरोध कर रहे हैं, नालंदा और कुढ़नी में ताजा विरोध हुआ है। लोग जगह-जगह काला झंडा दिखा रहे हैं, प्ले कार्ड दिखाया जा रहा है। सहयोगी कह रहे हैं कि शराब नीति पर पुनर्विचार करें, करना भी चाहिए।नीतीश कुमार कहते हैं कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी है, लेकिन आज कोई दिन ऐसा नहीं है जब जहरीली शराब से लोगों की मौत नहीं हो रही है। वैशाली और गोपालगंज की तरह हर जगह लोग शराब से मर रहे हैं तो फिर शराबबंदी सफल कैसे हैं। आम लोग कह रहे हैं कि नीतीश कुमार शराब पर अंकुश लगाने में नाकाम हो गए हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि शराब तो बिहार में भगवान हो गया है, जैसे भगवान दिखते नहीं लेकिन हर जगह विराजमान हैं। उसी तरह शराब दिखता नहीं है, लेकिन हर जगह बिक रहा है, लोग शराब पीकर मर रहे हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार अगर काम कर रहे होते तो बिहार की यह दुर्दशा नहीं होती। सिर्फ शराब नीति ही बदतर नहीं हो गई है, बल्कि लोग मर रहे हैं।

नौसेना दिवस पर तीनों सेना प्रमुखों ने नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

- -हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, संरक्षण और संवर्धन के लिए हर समय तैयार : नौसेनाध्यक्ष
- -समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफेद रंग की वर्दी वाले सैनिकों को बधाई : रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

नौसेना दिवस पर रविवार को तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान ऑपरेशन ट्राइडेंट में बमबारी और कराची बंदरगाह को नष्ट करने की शानदार उपलब्धि की सराहना करते हुए नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस साल पहली बार नौसेना दिवस समारोह राष्ट्रीय राजधानी के बाहर विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विशिष्ट अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की गवाह बनेंगी। इस कार्यक्रम में नौसेना ह्यऑपरेशनल डेमोंस्ट्रेशनह्ल के माध्यम से भारत की लड़ाकू शक्ति और क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान के साथ 1971 में युद्ध के दौरान ह्यऑपरेशन ट्राइडेंटह्ल में भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को याद करने के लिए भारत हर साल 04 दिसंबर को नौसेना दिवस के रूप में मनाता है। सशस्त्र बलों के प्रमुख सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और वाइस आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू ने नौसेना दिवस के अवसर पर नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने इस मौके पर कहा कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, संरक्षण और संवर्धन के लिए हर समय तैयार हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना त्रुटिहीन समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करके हमारे देश को सुरक्षित रखने में सबसे आगे है। राष्ट्र को भारतीय नौसेना के शौर्य, साहस, प्रतिबद्धता और व्यावसायिकता पर गर्व है। थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने भारतीय नौसेना के सभी रैंकों, दिग्गजों और परिवारों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना का गौरव और सफलता हमेशा बनी रहे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और भारतीय वायुसेना के सभी कर्मियों ने नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना को बधाई और शुभकामनाएं दी।

भारत में कोविड-19 के 226 नए मामले, उपचाराधीन रोगियों की संख्या घटकर 4,529 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 226 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4.46 करोड़ हो गई जबकि उपचाराधीन रोगियों की संख्या 68 घटकर 4,529 रह गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, ओडिशा में संक्रमण से एक व्यक्ति की मृत्यु की सूचना है और मृतक संख्या बढ़कर 5,30,6278 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार उपचाराधीन रोगियों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.01 प्रतिशत है। कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,38,235 हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार देश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के शुरू होने के बाद से कोविड-19 रोधी टीके की अब तक 219.93 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या सात अगस्त 2020 को 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख तथा 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। देश में पिछले साल चार मई को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी।

इस साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार हो गए थे।

एमसीडी चुनावः उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने की मतदान की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव के लिए मतदान जारी है। दिल्लीवासी बढ़ चढ़ कर मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली में 1.46 करोड़ मतदाता अपने-अपने वार्ड का पार्षद तय करेंगे। मतदान सुबह 08 से शाम 5.30 बजे तक चलेगा। दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्लीवासियों से कहा, ह्लमैं दिल्ली के सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि आज अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और राजधानी के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।ह्ल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ह्लईमानदार पार्टी को वोट दें, शरीफ और अच्छे लोगों को वोट दें। भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, गाली-गलौज करने वालों को वोट ना दें। दिल्ली को कूड़ा करने वालों को वोट ना दें। उन्हें वोट दें जो दिल्ली को चमकाएंगे, साफ-सुथरा करेंगे। काम करने वालों को वोट दें, काम रोकने वालों को वोट न दें।ह्ल केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा, ह्लमैंने मतदान किया! मैंने वार्ड नंबर 153 वसंत विहार में माउंट कार्मेल स्कूल, आनंद निकेतन के मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आप सभी को बड़ी संख्या में बाहर निकलना चाहिए और मतदान करना चाहिए। आपका वोट विकास का भविष्य तय करता है और हमारे मजबूत लोकतंत्र को मजबूत करता है। दिल्ली राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल, ह्लमैंने अपना वोट डाल दिया। सभी लोगों से अपील है खासकर महिलाओं से कि भारी संख्या में वोट दें। सोच समझ के मुद्दों पे वोट दें और देश के प्रति अपना कर्तव्य निभाएं। दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय, ह्लसाफ-स्वच्छ और सुंदर दिल्ली बनाने के लिए वोट जरूर डालें। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता, ह्लदिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए मतदान किया। दिल्ली की प्रगति के लिए, लोकहित में मतदान कर अपना कर्तव्य पूरा किया। आप भी राष्ट्रहित में मतदान करने अवश्य जाएं और अपना कर्तव्य निभाएं। सांसद रमेश बिधूड़ी, ह्लझूठे वादे करने वाले भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर आये और भ्रष्टाचारियों के सरगना बन बैठे, ना पीने का पानी दे पाये ना सीवर साफ कर पाये। अब एकीकरण निगम से दिल्ली होगी विश्वस्तरीय राजधानी, आओ घर से निकलें राष्ट्रहित में करें मतदान। सांसद प्रवेश साहिब वर्मा ने कहा, ह्लदिल्ली की जनता जनार्दन से अपील! आज एमसीडी चुनाव है अतः पहले अपना बहुमूल्य मतदान करें फिर जलपान करें। एकीकृत एमसीडी के 250 वार्ड हैं। इसके चुनाव के लिए 13,638 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें से महिलाओं के लिए विशेष रूप से 68 पिंक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 68 मॉडल मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। मतदान को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पोलिंग बूथों पर सुरक्षा का खास ध्यान रखा जा रहा है। ऑपरेशन सेल एवं इलेक्शन के डीसीपी आनंद कुमार मिश्रा ने कहा कि एमसीडी चुनाव के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर 40 हजार पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसके साथ ही करीब 20 हजार होमगार्ड्स भी तैनात किए हैं।

लोगों के लिए काम करने वाली पार्टी को वोट दें: एमसीडी चुनाव में वोट डालने के बाद केजरीवाल

नई दिल्ली,एजेंसी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव में वोट डाला और कहा कि लोगों को उस पार्टी के पक्ष में मतदान करना चाहिए जो बाधाएं खड़ी करने के बजाय लोगों के लिए काम करती है। केजरीवाल अपने माता-पिता, पत्नी एवं बच्चों के साथ यहां सिविल लाइंस में मतदान केंद्र पहुंचे। वह वोट डालने के बाद अपने माता-पिता का हाथ पकड़कर मतदान केंद्र से बाहर आए। उन्होंने मतदान के बाद संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यलोगों को उस पार्टी के पक्ष में वोट डालना चाहिए जो ईमानदार है और काम करती है। उन्हें उसे (उस पार्टी को) वोट देना चाहिए जो शहर की स्वच्छता पर ध्यान देती है, न कि उसे वोट देना चाहिए जो बाधाएं खड़ी करती रहती है। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल ने लोगों से एमसीडी में ईमानदार एवं कामकाज करने वाले को सत्तासीन करने के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की थी। यहां एमसीडी चुनाव के लिए सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ जो शाम साढे.पांच बजे तक चलेगा। मतों की गिनती सात दिसंबर को की जाएगी।

अनाथ बच्चों के कथित उत्पीड़न के मामले में बिहार, तमिलनाडु सरकार को एनएचआरसी का नोटिस

नई दिल्ली,एजेंसी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार और तमिलनाडु की सरकारों को मदरसे में 12 अनाथ बच्चों के कथित उत्पीड़न के मामले में नोटिस जारी किया है। आयोग ने मीडिया में आई एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि बिहार के अनाथ किशोरों को रखने और उनका उत्पीड़न करने के आरोप में चेन्नई में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एनएचआरसी ने कहा कि पोन्नियाम्मनमेडु में स्थित मदरसे से 12 बच्चों को मुक्त कराया है। आयोग ने तमिलनाडु और बिहार के मुख्य सचिवों तथा चेन्नई के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर मामले में चार सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने कहा कि एक दिसंबर को मीडिया में आई खबर में दावा किया गया था कि पुलिस को ह्य1098ह्ल हेल्पलाइन के माध्यम से जानकारी मिली थी कि चेन्नई में माधवरम के पास पोन्नियाम्मनमेडु में एक मदरसे में कुछ बच्चों का उत्पीड़न और शारीरिक शोषण किया जा रहा है। इसमें कहा गया कि भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर बिहार के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आयोग ने यह भी उल्लेख किया कि एक बाल कल्याण अधिकारी की उपस्थिति में पुलिस बच्चों को सरकारी बाल अस्पताल ले गई और बाद में उन्हें एक घर में स्थानांतरित कर दिया गया।

हिमाचल प्रदेश : वोटों की गिनती से पहले भाजपा और कांग्रेस की नजर बागियों पर

हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश), एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव की मतगणना में महज चार दिन शेष रह जाने के बीच दोनों प्रमुख पार्टियों भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) और कांग्रेस के नेताओं ने अपने बागियों को संदेश भेजना शुरू कर दिया है। यदि उनके पास सदन में बहुमत से कम हो तो वे उनके साथ शामिल हों। राज्य विधानसभा की 68 सीटों के लिए 12 नवंबर को चुनाव हुए थे। आठ दिसंबर को मतगणना होगी और उसके बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया होगी। अलग अलग जिलों से मिल रही जानकारी जानकारी बताती है कि नए सदन में बहुमत हासिल करने के बड़े-बड़े दावों के बावजूद दोनों पार्टियों के लिए अभी भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। हाल ही में संपन्न हुए चुनावों में दोनों दलों के बागियों की उपस्थिति ने दोनों दलों के शीर्ष नेताओं की रातों की नींद हराम कर दी है और वे अपने उन बागियों/असंतुष्टों से संपर्क करने के लिए मजबूर हैं, जो विभिन्न जिलों से चुनाव जीतने की स्थिति में हैं। भाजपा के सूत्रों ने आज ह्यूनीवार्ता ह्लको बताया कि गृह मंत्री अमित शाह और अखिल भारतीय भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने अपने राज्य स्तर के शीर्ष नेताओं को अपने बागियों के संपर्क में रहने और यह सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया है कि उनकी जीत के मामले में वे किसी भी कीमत पर कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन न करें और इस प्रकार भाजपा का समर्थन करें जो उनकी मातृ पार्टी है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी में भी स्थिति ठीक नहीं है क्योंकि पार्टी के कई नेताओं ने यह दावा करना शुरू कर दिया है कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो वह राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे। इनमें हिमाचल प्रदेश कांग्रेस प्रमुख प्रतिभा सिंह (पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पत्नी), कौल सिंह ठाकुर, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री, पूर्व वन मंत्री राम लाल ठाकुर, सुखविंदर सिंह सुखू, हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष आशा कुमारी, एक अनुभवी पार्टी नेता और पिछली विधानसभा में पार्टी के नेता मुकेश अग्निहोत्री शामिल है। इन सभी नेताओं ने अपने शीर्ष नेताओं से मुलाकात की है और सदन के नेता के पद के लिए अपना दावा पेश किया है। इनका कहना कि उन्हें भाजपा को नुकसान पहुंचाने और पार्टी को ऐसी स्थिति में वापस लाने का श्रेय दिया जाना चाहिये जिसकी वजह से राज्य में पार्टी एक बार फिर सरकार बनाने की स्थिति में पहुंची है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने आज यूनीवार्ता को बताया कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने की स्थिति में सदन के नए नेता के चयन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का अधिकार होगा।बहरहाल, सभी की निगाहें प्रियंका गांधी पर टिकी हैं, जिन्होंने न केवल राज्य में पार्टी का प्रचार अभियान चलाया, बल्कि शिमला जिले में अपने छराबड़ा स्थित घर में रहकर पूरी चुनावी प्रक्रिया का पर्यवेक्षण भी किया। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने 8 दिसंबर को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद प्रियंका गांधी को सदन के नेता के रूप में नामित करने के लिए अधिकृत किया है। स्थिति अभी भी अस्पष्ट बनी हुई है।

राजस्थान : गैंगस्टर, अन्य व्यक्ति की हत्या के मामले में सभी पांच आरोपी हिरासत में लिए गए

सीकर (राजस्थान), एजेंसी राजस्थान के सीकर शहर में शनिवार को एक गैंगस्टर राजू ठेहट और एक अन्य व्यक्ति ताराचंद की हत्या के मामले में सभी पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि गैंगस्टर राजू ठेहट हत्याकांड के पांचों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये पांचों आरोपियों में सीकर जिले के निवासी मनीष जाट एवं विक्रम गुर्जर और हरियाणा के भिवानी जिले के सतीश कुम्हार, जतिन मेघवाल और नवीन मेघवाल शामिल है। उन्होंने जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक उमेश दत्ता और सीकर के पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप एवं समस्त टीम को कुशल नेतृत्व प्रदान कर अपराधियों को पकड़ने के लिये बधाई दी और कहा कि टीम को सम्मानित किया जायेगा। घटना के संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, ह्यह्यकल सीकर में हुए हत्याकांड के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके हथियार एवं वाहन जब्त कर लिए गए हैं। इन सभी आरोपियों को त्वरित सुनवाई कर अदालत से जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन, रिश्तेदार व स्थानीय लोग सीकर जिला अस्पताल के शवगृह के सामने धरने पर बैठे हैं। लाडनूं (नागौर) से कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर भी धरने में शामिल हैं। गैंगस्टर राजू ठेहट की शनिवार को सीकर के उद्योग विहार थाने के पिपराली रोड स्थित उसके घर के मुख्य दरवाजे पर ही पांच लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। ठेहट के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह फिलहाल जमानत पर था। ठेहट जून 2017 में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का प्रतिद्वंद्वी था। घटना स्थल पर मौजूद ताराचंद नामक व्यक्ति को भी गोली लगी और उसकी मौत हो गई। ताराचंद की बेटी पिपराली रोड स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ती है और वह उससे मिलने वहां पहुंचा था लेकिन हमलावरों ने ताराचंद को भी ठेहट का साथी समझते हुए गोली मार दी थी।

तैयारियां राजस्थान में रविवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पहुंचने पर उसके स्वागत के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।...

राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सभी तैयारियां पूरी

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस शासित राजस्थान में रविवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के पहुंचने पर उसके स्वागत के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा मध्य प्रदेश से राजस्थान के झालावाड़ में प्रवेश करेगी जहां गांधी और अन्य भारत जोड़ो यात्रियों का झालरापाटन (झालावाड़) के चवली चौराहा में भव्य स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, मंत्री, विधायक और अन्य नेता गांधी की अगवानी करेंगे। यात्रा से पहले गहलोत और पायलट ने राज्य में यात्रा को सफल बनाने के लिए एकजुटता का चेहरा पेश किया है। दोनों के बीच मतभेद है और मुख्यमंत्री पद के लिये रस्साकसी चल रही है। अशोक गहलोत सरकार ने गुर्जर नेता विजय सिंह बैंसला को भी शांत कर दिया है। सरकार के प्रतिनिधिमंडल और गुर्जर समुदाय के प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में मुद्दों पर श्रृंखलाबद्ध बैठकें करके समस्याओं का हल निकाल लिया है। बैंसला ने आरक्षण और अन्य मुद्दों के संबंध में अपनी लंबित मांग को लेकर यात्रा को बाधित करने की धमकी दी थी। बैंसला ने यात्रा के खिलाफ अपना विरोध वापस ले लिया है। डोटासरा ने कहा कि झालावाड़ में स्वागत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा, हम सभी आज भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रदेश में यह ऐतिहासिक यात्रा होगी। इस यात्रा के लिए न केवल पार्टी कार्यकर्ता, बल्कि राज्य के लोगों में भी काफी उत्साह है। झालावाड़ पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के प्रभाव वाला भाजपा का गढ़ है। वह झालावाड़ के झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस जिले की चारों विधानसभा सीटें भाजपा के पास हैं और राजे के बेटे दुष्यंत सिंह झालावाड़ लोकसभा सीट से सांसद हैं। यात्रा के प्रवेश से एक दिन पहले पायलट ने राहुल गांधी के स्वागत में शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो जारी किया है। उन्होंने वीडियो में कहा ह्यह्यपूरा राजस्थान राहुल जी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए तैयार है। क्या आप आ रहे हैं? वीडियो में उन्हें जूते का फीता बांधते, शरीर को फैलाते, चश्मा ठीक करते और दौड़ते हुए दिखाया गया है । उसमें उनके साथ और भी लोग जुड़ते दिखाये गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता कम ही आते हैं। राहुल गांधी राजस्थान में यात्रा की शुरूआत सोमवार को सुबह छह बजे काली तलाई (झालरापाटन) से करेंगे। वह 14 किमी की दूरी तय कर सुबह 10 बजे बाली बोरडा चौराहा पहुंचेंगे। भोजनावकाश के बाद यात्रा दोपहर साढ़े तीन बजे नाहरडी से पुनः प्रारंभ होगी और शाम साढ़े छह बजे चंद्रभागा चौराहा पहुंचेगी। कांग्रेस नेता शाम को चंद्रभागा चौराहा (झालरापाटन) में कॉर्नर मीटिंग करेंगे और झालावाड के खेल संकुल में रात्रि विश्राम करेंगे। राजस्थान पहला कांग्रेस शासित राज्य है जहां यात्रा प्रवेश कर रही है। गांधी 21 दिसंबर को हरियाणा में प्रवेश करने से पहले 17 दिनों में राजस्थान के झालावाड़, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, दौसा और अलवर जिलों में लगभग 500 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। गांधी 15 दिसंबर को दौसा के लालसोट में किसानों के साथ संवाद करने और 19 दिसंबर को अलवर के मालाखेड़ा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

सरदारशहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये मतदान कल होगा

जयपुर, एजेंसी राजस्थान के चूरू की सरदारशहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये सोमवार को मतदान होगा। मतदान सुबह आठ बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे खत्म होगा। एक अधिकारी ने बताया कि उपचुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।सरदारशहर सीट से कांग्रेस विधायक भंवर लाल शर्मा (77) का लंबी बीमारी के बाद नौ अक्टूबर को निधन हो गया था। उनके निधन के बाद रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस ने शर्मा के बेटे अनिल कुमार को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि पूर्व विधायक अशोक कुमार भाजपा के उम्मीदवार हैं। सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव के लिये मैदान में आठ अन्य उम्मीदवारों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के लालचंद, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सांवरमल मेघवाल, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के परमना राम और निर्दलीय उम्मीदवार सुभाष चंद्रा, विजय पाल सिंह श्योराण, उमेश साहू, प्रेम सिंह और सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित शामिल हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने सीट बरकरार रखने का भरोसा जताया है जबकि विपक्षी भाजपा ने कहा कि उसने कांग्रेस से सीट छीनने के लिए सभी प्रयास किए हैं। आरएलपी के राष्ट्रीय संयोजक और नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 107 विधायक, भाजपा के 71, आरएलपी के तीन, माकपा और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के दो-दो, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के एक और 13 निर्दलीय हैं। एक रिक्त सीट (सरदारशहर) पर उपचुनाव हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने टंट्या भील को बलिदान दिवस पर नमन किया

भोपाल, एजेंसी मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जनजातियों की अस्मिता के रक्षक मामा टंट्या भील के बलिदान दिवस पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया है। श्री चौहान ने ट्वीट के जरिए कहा कि वे जननायक क्रांतिसूर्य मामा टंट्या भील के बलिदान दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि वे आज ही इंदौर के पातालपानी में टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और इंदौर के भंवरकुआं चौराहा पर टंट्या मामा की प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के अलावा प्रदेश भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने भी टंट्या मामा को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

संक्षिप्त खबरें

विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.54 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 547.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 487.3 अरब डॉलर हो गई। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 39.9 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर कम होकर 5.03 अरब डॉलर पर आ गई।

कैबिनेट सचिव की अगुवाई वाली समिति पीएफआरडीए प्रमुख पद के लिए उम्मीदवार का चयन करेगी

नई दिल्ली। कैबिनेट सचिव की अगुवाई वाली एक खोज समिति 16 दिसंबर को पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन पद के लिए छांटे गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अगले महीने पीएफआरडीए के मौजूदा चेयरमैन सुप्रतिम बंदोपाध्याय का कार्यकाल पूरा हो रहा है। उसके बाद पीएफआरडीए प्रमुख का पद रिक्त हो जाएगा। सूत्रों ने बताया कि कैबिनेट सचिव की अगुवाई वाली वित्तीय क्षेत्र नियामक नियुक्ति खोज समिति (एफएसआरएएससी) छांटे गए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी। चुने गए उम्मीदवार का नाम प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली नियुक्ति समिति को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। एफएसआरएएससी में कैबिनेट सचिव के अलावा वित्तीय सेवा सचिव और दो स्वतंत्र सदस्य हैं। एफएसआरएएससी पात्रता के आधार पर इस पद के लिए आवेदन नहीं करने वाले किसी व्यक्ति के नाम की भी सिफारिश करने को भी स्वतंत्र है।

ओडिशा को व्यापार सम्मेलन में 10.50 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं मिलीं

भुवनेश्वर। ओडिशा को अपने प्रमुख व्यापार सम्मेलन के तीसरे संस्करण में 10.50 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं मिली हैं। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह निवेशकों और राज्य दोनों के लिए लाभ की स्थिति है। पटनायक ने शनिवार को कहा, ह्यमुझे इस बात की खुशी है कि ह्यमेक इन ओडिशाह्ण सम्मेलन में हमें 10.50 लाख करोड़ रुपये की निवेश प्रतिबद्धताएं मिली हैं। इनसे 10.50 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा, ह्यकोविड-बाद के परिदृश्य में हमें जो शानदार प्रतिक्रिया मिली है उससे हम काफी खुश हैं। मुख्यमंत्री ने सभी हितधारकों से कहा कि वे मेहनत से काम करें ताकि इन निवेश प्रतिबद्धताओं को पूरा किया जा सके और ओडिशा में वृद्धि का एक नया दौर शुरू हो सके।

बांग्लादेश ने नवंबर में 5 अरब डॉलर से अधिक का किया निर्यात

9अरब डॉलर से अधिक का निर्यात किया, जो एक महीने में अब तक का सबसे अधिक है। तैयार परिधानों की मांग लगातार बढ़ रही है। नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एक्सपोर्ट प्रमोशन ब्यूरो (ईपीबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि बांग्लादेश ने नवंबर में 5,092.56 मिलियन डॉलर का निर्यात किया, जो एक साल पहले इसी महीने की तुलना में 26.01 प्रतिशत अधिक था। ईपीबी के आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 (जुलाई 2022-जून 2023) के पहले पांच महीनों में बांग्लादेश का कुल निर्यात साल-दर-साल 10.89 प्रतिशत बढ़कर लगभग 21.95 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कुल कमाई में से ईपीबी के आंकड़ों से पता चलता है कि उद्धृत अवधि के दौरान तैयार किए गए निटवेअर और बुने हुए परिधान वस्तुओं से देश की आय 15.61 प्रतिशत बढ़कर 18.33 अरब डॉलर हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 (जुलाई 2021-जून 2022) में बांग्लादेश का निर्यात 34 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 52.08 अरब डॉलर हो गया है।

हरित हाइड्रोजन पाने के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, लातिन अमेरिका पर है एयरबस की नजर

म्यूनिख, एजेंसी

यूरोप की एयरोस्पेस कंपनी एयरबस कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के अपने प्रयासों के तहत भारत, ऑस्ट्रेलिया और लातिन अमेरिका जैसे बाजारों से हरित हाइड्रोजन लेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बताया। एयरबस अपने महत्वाकांक्षी शून्य कार्बन उत्सर्जन वाले विमान के लिए मौजूदा समय में हाइड्रोजन से चलने वाले ईंधन सेल इंजन विकसित कर रही है। यह विमान 2035 तक परिचालन में आएगा। कंपनी ने फ्रांस के ह्यटोलोज-ब्लेन्येक हवाई अड्डेह्ण में कम कार्बन वाले हाइड्रोजन उत्पादन एवं वितरण स्टेशन की स्थापना के लिए हाइपोर्ट के साथ एक साझेदारी समझौता किया है। एयरबस में उपाध्यक्ष (शून्य उत्सर्जन विमान) ग्लेन लेवेलिन ने कहा कि भारत और लातिन अमेरिका समेत अन्य देशों में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन की लागत इन्हें संभावित आपूर्ति केंद्र के लिहाज से आकर्षक स्थल बनाती है। यहां एयरबस समिट 2022 से इतर लेवेलिन ने ह्यपीटीआई-भाषा से कहा, ह्यह्यएयरबस में जो महत्वपूर्ण गतिविधियां चल रही हैं उनमें से एक यह सुनिश्चित करने के लिए है कि जब हमारे पास हाइड्रोजन से चलने वाला विमान आए तब हवाई अड्डों पर हरित हाइड्रोजन भी उपलब्ध हो। हम विभिन्न हवाई अड्डों और दुनियाभर के ऊर्जा प्रदाताओं के साथ मिलकर बहुत सारा काम कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि जब भी हमें हरित हाइड्रोजन की जरूरत पड़े, तब यह सही दाम पर हमें मिल जाए। टोलोज-ब्लेन्येक हवाई अड्डे पर हाइड्रोजन स्टेशन 2023 में शुरू हो जाएगा और यहां प्रतिदिन 400 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन होगा। लेवेलिन ने कहा कि आज की तारीख में कोई भी विमान हाइड्रोजन से चलने वाला नहीं है लेकिन हम हवाई अड्डे की गतिविधियों को कार्बन मुक्त करने के लिए तो हाइड्रोजन का इस्तेमाल कर ही सकते हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यहम इस पर विचार कर रहे हैं कि भारत, ऑस्ट्रेलिया और लातिन अमेरिका जैसे स्थानों से हाइड्रोजन किसी प्रकार ली जा सकती है, जहां हाइड्रोजन उत्पादन की लागत दिलचस्प है। हाइड्रोजन उत्पादन के क्षेत्र में देश को एक प्रमुख स्थल बनाने के विचार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू किया था। इस पहल के तहत लक्ष्य है देश में 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना। लेवेलिन ने कहा, ह्यह्यभारत एक बढ़िया स्थान है जहां हरित हाइड्रोजन के ठीकठाक लागत पर उत्पादन की बड़ी संभावनाएं हैं।

गूगल ने चीन, रूस, ब्राजील में हजारों यूट्यूब चैनल किए बंद

सैन फ्रांसिस्को,एजेंसी गूगल ने चीन, रूस और ब्राजील के हजारों यूट्यूब चैनलों को हटा दिया है। तकनीक की दिग्गज कंपनी ने चीन से जुड़े समन्वित प्रभाव संचालन में चल रही जांच के हिस्से के रूप में 5,197 यूट्यूब चैनल और 17 ब्लॉगर ब्लॉग को हटा दिया है। कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, इन चैनलों और ब्लॉगों ने ज्यादातर संगीत, मनोरंजन और जीवन शैली के बारे में चीनी भाषा में स्पैमी कंटेंट अपलोड किया है। गूगल ने रूस से जुड़े समन्वित प्रभाव संचालन की अपनी जांच के भाग के रूप में 718 यूट्यूब चैनलों को भी समाप्त कर दिया। कंपनी ने कहा, अभियान इंटरनेट रिसर्च एजेंसी (आईआरए) से जुड़ा था और रूसी में कंटेंट साझा कर रहा था जो रूस और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का समर्थन करता था और यूक्रेन और पश्चिम की आलोचना करता था। इसने ब्राजील में 76 यूट्यूब चैनलों को समाप्त कर दिया जहां अभियान ब्राजीलियाई पुर्तगाली में कंटेंट साझा कर रहा था जो ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो का समर्थन कर रहा था।

व्हाट्सऐप ने आईओएस बीटा पर पिक्चर-इन-पिक्चर मोड रोलआउट किया

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप ने आईओएस बीटा पर वीडियो कॉल के लिए पिक्चर-इन-पिक्चर मोड रोलआउट करना शुरू कर दिया है। डब्ल्यूएबीटाइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, नया फीचर कुछ बीटा टेस्टर्स के लिए उपलब्ध है, जिन्होंने टेस्टफ्लाइट ऐप से आईओएस 22.24.0.79 अपडेट के लिए नवीनतम व्हाट्सऐप बीटा इंस्टॉल किया है। यह उपयोगकर्ताओं को व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉल करते समय अन्य एप्लिकेशन का उपयोग करने की अनुमति देता है। जब आप अन्य एप्लिकेशन के साथ मल्टीटास्क करते हैं, तो आपके खाते के लिए क्षमता सक्षम होने पर पिक्चर-इन-पिक्चर दृश्य तुरंत दिखाई देगा। उपयोगकर्ता वीडियो कॉल दृश्य को अस्थायी रूप से डिसएबल करना भी चुन सकते हैं क्योंकि इसमें आधिकारिक आईओएस एपीआई (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का उपयोग शामिल है। यह केवल आईओएस 16.1 और बाद में काम करने की संभावना है, इसलिए यह उन सुविधाओं में से एक हो सकता है जो आईओएस 16 के लिए आधिकारिक समर्थन जोड़ने वाले अद्यतन द्वारा सक्षम किया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले दिनों में नई सुविधा और अधिक उपयोगकर्ताओं के लिए जारी की जाएगी। इस बीच, पिछले हफ्ते मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने आईओएस पर कुछ बीटा टेस्टर्स के लिए एक नया फीचर रोलआउट करना शुरू किया था, जो यूजर्स को डेट के हिसाब से मैसेज सर्च करने की सुविधा देता है।

आयातित तेल के दाम टूटना जारी, तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों में तेल-तिलहनों के दाम टूटना जारी रहने के कारण में देशी तेल तिलहनों के भाव प्रभावित हुए, जिससे दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), बिनौला और पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट देखने को मिली। देशी तेल तिलहनों की पेराई महंगा बैठने और सस्ते आयातित तेलों के मुकाबले इन तेलों के भाव बेपड़ता होने के बीच सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा, ह्यह्यविदेशी तेलों में आई गिरावट हमारे देशी तेल तिलहनों पर कड़ा प्रहार कर रहा है जिससे समय रहते नहीं निपटा गया तो स्थिति संकटपूर्ण होने की संभावना है। विदेशी तेलों के दाम धराशायी हो गये हैं और हमारे देशी तेलों के उत्पादन की लागत अधिक बैठती है। अगर स्थिति को संभाला नहीं गया तो देश में तेल तिलहन उद्योग और इसकी खेती गंभीर रूप से प्रभावित होगी। सस्ते आयातित तेलों पर आयात कर अधिकतम करते हुए स्थिति को संभाला नहीं गया तो किसान तिलहन उत्पादन बढ़ाने के बजाय तिलहन खेती से विमुख हो सकते हैं क्योंकि देशी तेलों के उत्पादन की लागत अधिक होगी। देश के आयात पर पूर्ण निर्भरता होने के कारण भारी मात्रा में विदेशीमुद्रा का अपव्यय बढ़ सकता है। दसूत्रों ने कहा कि सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और बिनौला जैसे देशी तेल तिलहन की हमें बिजाई हर साल करनी होती है। इसके अलावा खाद, पानी, बिजली, डीजल, मजदूरी जैसी लागत हर साल वहन करना होता है लेकिन पाम और पामोलीन के मामले में यह स्थिति भिन्न है क्योंकि एक बार इनके पेड़ लगाने के बाद मामूली देखरेख खर्च के साथ बगैर बड़ी लागत के अगले लगभग कई सालों तक ऊपज प्राप्त होती रहती है। सूत्रों ने कहा कि कई तेल तिलहन विशेषज्ञ, पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कुछ अन्य भागों में पाम की खेती बढ़ाने की सलाह देते हैं और इस दिशा में सरकार ने प्रयास भी किये हैं। ऐसा करना एक हद तक सही है लेकिन यदि हमें पशुचारे, डीआयल्ड केक (डीओसी) और मुगीर्दाने की पर्याप्त उपलब्धता और आत्मनिर्भरता चाहिये तो वह सरसों, मूंगफली, सोयाबीन और बिनौला जैसे देशी फसलों से ही प्राप्त हो सकता है। निजी उपयोग के अलावा इसका निर्यात कर देश के लिए विदेशीमुद्रा भी अर्जित किया जा सकता है। तेल तिलहन के संदर्भ में इन वास्तविकताओं को ध्यान में रखकर ही कोई फैसला लिया जाना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि देश के प्रमुख तेल संगठनों को सरकार को जमीनी हकीकत भी बताना चाहिये कि सस्ते खाद्यतेलों के आयात से देश के तेल तिलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने का लक्ष्य गंभीर रूप से प्रभावित होगा और इस स्थिति को बदलने के लिए इन सस्ते आयातित तेलों पर पहले की तरह और हो सके तो अधिकतम सीमा तक आयात शुल्क लगा दिया जाना चाहिये।

अगर खाद्य तेलों के दाम कम रहे तो खल की भी उपलब्धता कम हो जायेगी। सस्ते आयात के मद्देनजर सीपीओ, पामतेल, बिनौला और सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई।

जबकि शादी विवाह के मौसम की मांग के बीच देशी तेलों का भाव बेपड़ता बैठने के कारण सरसों और मूंगफली तेल तिलहन और सोयाबीन दाना एवं सोयाबीन लूज (तिलहन) के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे।

सिग्नेचर ग्लोबल की दिसंबर अंत तक 1,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल इस माह के अंत तक अपना 1,000 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी मुख्य रूप से सस्ते मकान बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है। सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लि. को 24 नवंबर को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से आईपीओ की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने जुलाई में सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा कराए थे। सूत्रों ने बताया कि कंपनी जल्द नया अद्यतन दस्तावेजों का मसौदा जमा कराएगी, क्योंकि उसका इरादा इस माह के अंत तक पूंजी बाजार में उतरने का है। दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ के तहत कंपनी 750 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी और 250 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी। दिल्ली-एनसीआर की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने 2014 में अपनी अनुषंगी सिग्नेचर बिल्डर्स के जरिये परिचालन शुरू किया था। कंपनी ने सबसे पहले हरियाणा के गुरुग्राम में 6.13 एकड़ जमीन पर ह्यसोलेराह्ण परियोजना पेश की थी। दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, ह्यह्यहमारा परिचालन एक दशक से भी कम समय में काफी तेजी से बढ़ा है। 31 मार्च, 2022 तक हमने दिल्ली-एनसीआर में 23,453 आवासीय और वाणिज्यिक इकाइयां बेची हैं। इनमें कुल बिक्री योग्य क्षेत्रफल 1.45 करोड़ वर्ग फुट से अधिक है।

शुरूआती स्तर के स्टार्टअप को डेटा संरक्षण विधेयक के प्रावधानों से छूट दे सकती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार शुरूआती स्तर की स्टार्टअप इकाइयों को प्रस्तावित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक के तहत नियमों के अनुपालन से छूट देने पर विचार कर रही है। एक आधिकारिक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि स्टार्टअप को उनके कारोबारी मॉडल के विकास में मदद के लिए यह छूट सीमित अवधि के लिए दी जा सकती है। इसके अलावा इससे स्टार्टअप का अनुपालन बोझ की वजह से नवोन्मेषण भी प्रभावित नहीं होगा। अधिकारी ने अपना नाम न छापने की शर्त पर कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) विधेयक में सुधार पर विचार कर रहा है ताकि शुरूआती स्तर के स्टार्टअप को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक के प्रावधानों से छूट दी जा सके। अधिकारी ने कहा कि यह छूट उन मामलों तक सीमित रह सकती है जिनमें स्टार्टअप द्वारा अपने समाधान के विकास के लिए कुछ प्रकार की डेटा मॉडलिंग की जा रही है। डीपीडीपी के मसौदे में केवल सरकार द्वारा अधिसूचित डेटा न्यासियों और डेटा प्रसंस्करण इकाइयों को ही डेटा संग्रह, डेटा साझाकरण, डेटा प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी देने आदि की छूट का प्रस्ताव है। पिछले सप्ताह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा था कि सरकार प्रस्तावित कानून के तहत नागरिकों की गोपनीयता का उल्लंघन नहीं कर पाएगी क्योंकि उसे राष्ट्रीय सुरक्षा, महामारी और प्राकृतिक आपदाओं जैसी असाधारण परिस्थितियों में ही व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच प्राप्त होगी।

मंत्री ने कहा था कि डेटा उल्लंघन के मामले में यह विधेयक सरकार या संबंधित इकाइयों को छूट नहीं देता है। सरकार ने डीपीडीपी विधेयक का मसौदा जारी किया है। इसमें डीपीडीपी नियमों के उल्लंघन पर 500 करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रस्ताव है। विधेयक 17 दिसंबर तक सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए खुला है। सरकार बजट सत्र में इस मसौदे को संसद में रख सकती है।

सीतारमण कल राजस्व आसूचना अधिकारियों को संबोधित करेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की स्थापना दिवस के मौके पर राजस्व आसूचना अधिकारियों को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्रालय ने रविवार को बयान में यह जानकारी दी। राजस्व आसूचना निदेशालय इस साल 5-6 दिसंबर को अपना 65वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस कार्यक्रम के तहत ह्यक्षेत्रीय सीमा शुल्क प्रवर्तक बैठक (आरसीईएम) भी आयोजित की जाएगी। इस बैठक का मकसद सीमा शुल्क संगठनों तथा विश्व सीमा शुल्क संगठन (डब्ल्यूसीओ), इंटरपोल जैसे अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से प्रवर्तन संबंधित मुद्दों के लिए प्रभावी संपर्क स्थापित करना है। इस साल कार्यक्रम में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के 22 सीमा शुल्क प्रशासन के साथ डब्ल्यूसीओ, दवा एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) तथा क्षेत्रीय आसूचना संपर्क कार्यालय-एशिया प्रशांत (आरआईएलओ एपी) को आमंत्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि सीतारमण वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ इस दो दिन के कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगी। इस मौके पर वित्त मंत्री ह्यभारत में तस्करी रिपोर्ट 2021-22 भी जारी करेंगी। राजस्व आसूचना निदेशालय, तस्करी रोधक मामलों पर आसूचना और प्रवर्तन एजेंसी है। यह केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत आता है।

अगले साल मार्च तक रणनीतिक निवेशक मिल सकता है एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को

नई दिल्ली,एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. को मार्च, 2023 तक रणनीतिक निवेशक मिल सकता है। इससे कंपनी को देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए 3,000 करोड़ रुपये जुटाने में मदद मिलेगी। एक सूत्र ने कहा, ह्यह्यएनटीपीसी अपनी अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के लिए रणनीतिक निवेशक को जोड़ने की प्रक्रिया में है। कंपनी इस लेनदेन के जरिये 2,000 से 3,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह लेनदेन मार्च, 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है। सूत्र ने बताया कि कुछ पेंशन कोषों, इक्विटी निवेशकों तथा बड़ी कंपनियों ने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की इच्छा जताई है। ऐसे में अनुषंगी इकाई के लिए रणनीतिक निवेशक लाने की प्रकिया चालू वित्त वर्ष में ही पूरी की जाएगी। एनटीपीसी की योजना 2032 तक 60 गीगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने की है। यह उसकी कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 45 प्रतिशत होगा। इसके लिए कंपनी को अगले एक दशक में 2.5 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी। फिलहाल एनटीपीसी की कुल स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 2,332 मेगावॉट है। कंपनी की कुल स्थापित बिजली क्षमता (संयुक्त उद्यमों और अनुषंगियों सहित) 70,254 मेगावॉट है। एनटीपीसी देश की कुल बिजली जरूरत का 25 प्रतिशत आपूर्ति करती है।

यूक्रेन ने पश्चिमी देशों से रूसी तेल की कीमतों पर अधिक सख्ती का आग्रह किया, रूस ने दी चेतावनी

कीव,एजेंसी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय ने पश्चिमी देशों द्वारा रूसी तेल की कीमत और कम करने की मांग की, जबकि रूसी अधिकारियों ने 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा को मुक्त और स्थिर बाजार के लिए हानिकारक बताया है। जेलेंस्की के कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, जापान और अमेरिका द्वारा शुक्रवार को निर्धारित मूल्य सीमा पर्याप्त नहीं है। समुद्र द्वारा भेजे जाने वाले रूसी तेल पर यह सीमा सोमवार से प्रभावी होगी। यरमक ने टेलीग्राम पर लिखा, ह्यदुश्मन की अर्थव्यवस्था को तेजी से नष्ट करने के लिए इसे 30 डॉलर प्रति बैरल तक कम करना जरूरी है। वाशिंगटन में रूसी दूतावास ने जोर देकर कहा कि रूसी तेल की मांग बनी रहेगी और मूल्य सीमा तय करने से मुक्त बाजार बुनियादी सिद्धांत को चोट पहुंचेगी। रूसी अधिकारियों ने पश्चिमी देशों द्वारा मूल्य सीमा तय करने को खारिज कर दिया और धमकी दी कि वह इसका समर्थन करने वाले देशों को आपूर्ति बंद कर देगा। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, जापान, अमेरिका और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने शुक्रवार को रूसी तेल के लिए 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा तय की।

सरकार की खिलौना क्षेत्र को 3,500 करोड़ रुपये का पीएलआई लाभ देने की योजना

नई दिल्ली,एजेंसी

सरकार भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए 3,500 करोड़ रुपये का उत्पादन से जुड़ा प्रोत्साहन (पीएलआई) लाभ देने की योजना बना रही है। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस कदम का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना, निवेश आकर्षित करना और निर्यात बढ़ाना है। अधिकारी ने कहा कि खिलौना उद्योग के लिए सरकार द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू करने और सीमा शुल्क को 20 से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने जैसे उपायों से देश में कम गुणवत्ता वाले आयात को कम करने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद मिली है। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यअब हम खिलौनों के लिए पीएलआई के विस्तार पर काम कर रहे हैं। हालांकि, यह लाभ सिर्फ बीआईएस नियमों का अनुपालन करने वाले खिलौनों के लिए ही होगा। पीएलआई लाभ विभिन्न निवेश स्लैब के अनुसार दिया जा सकता है। यह 25 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये या 100-200 करोड़ रुपये तक हो सकता है। अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव पूरे उत्पाद पर प्रोत्साहन देने का है न कि कलपुर्जों पर, क्योंकि उद्योग को अब भी कुछ कलपुर्जों को आयात करने की जरूरत होती है, जो खिलौना विनिर्माण के लिए जरूरी है। ये कलपुर्जे भारत में नहीं बनते हैं। बीआईएस देश का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह भारतीय मानकों का विकास और उनका प्रकाशन करता है। भारत में बने खिलौनों की आपूर्ति न केवल वैश्विक ब्रांडों को हो रही है, बल्कि ये वैश्विक बाजार में अपनी जगह भी बना रहे हैं। खिलौनों के अलावा सरकार इन लाभ को साइकिल, जूते, कुछ टीका सामग्री, शिपिंग कंटेनर और कुछ दूरसंचार उत्पादों जैसे अन्य क्षेत्रों में भी विस्तारित करने पर विचार कर रही है। लिटिल जीनियस टॉयज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नरेश कुमार गौतम ने पहले कहा था कि सरकार द्वारा घोषित समर्थन उपायों से उद्योग को मदद मिल रही है। लेकिन पीएलआई योजना और एक परिषद से इस क्षेत्र को और प्रोत्साहन मिलेगा। क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकार खिलौना सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए 35,000 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना के विस्तार के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। विभिन्न प्रस्तावों पर अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श जारी है।

समीक्षाधीन समीक्षाधीन सप्ताह बीएसई की दिग्गज कंपनियों से कहीं अधिक मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही, जिससे बाजार को बल मिला।...

आरबीआई बैठक और विधानसभा चुनाव नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई,एजेंसी

अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने के संकेत और चीन में विरोध के बाद कोविड प्रतिबंधों में ढील दिये जाने की उम्मीद में 63 हजार अंक के नये शिखर पर पहुंचा घरेलू शेयर बाजार मुनाफावसूली का शिकार होने के बावजूद बीते सप्ताह 0.92 प्रतिशत की तेजी हासिल करने में कामयाब रहा और अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समीक्षा के साथ ही विधानसभा चुनाव के नतीजों पर उसकी नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 574.86 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी लेकर सप्ताहांत पर 62868.50 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 183.35 अंक अर्थात 0.99 प्रतिशत की छलांग लगाकर 18696.10 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह बीएसई की दिग्गज कंपनियों से कहीं अधिक मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 726.02 अंक यानी 2.84 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 26321.65 अंक और स्मॉलकैप 710.1 अंक अर्थात 2.43 प्रतिशत की उड़ान भरकर 29911.73 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, पिछले सप्ताह निफ्टी, सेंसेक्स और बैंक निफ्टी सभी नई ऊंचाई पर पहुंचे लेकिन ऊंचे भाव पर कुछ मुनाफावसूली भी हुई। घरेलू शेयर बाजार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और अब वैश्विक संकेत भी साथ दे रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि सुस्त व्यापक बाजार में सुधार होने शुरू हो गये हैं। वैश्विक संकेतों से अस्थिरता बनी रहती है लेकिन अगले सप्ताह बाजार का ध्यान आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा और राज्यों के चुनाव परिणामों जैसे घरेलू संकेतों पर केंद्रित होगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की बैठक के परिणाम 07 दिसंबर को आने हैं। वहीं, गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे 08 दिसंबर को आएंगे। अगले सप्ताह इन कारकों का असर बाजार पर दिखाई देगा। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और डॉलर इंडेक्स में तेजी से गिरावट आई है और बाजार यहां से उनकी चाल पर नजर रखेंगे। भारत को कच्चे तेल की कम कीमतों का भी लाभ मिल रहा है, जो डॉलर सूचकांक में गिरावट के बावजूद नहीं बढ़ा। दिसंबर में विदेशी संस्थागत निवेश का प्रवाह सुस्त रह सकता है। इनका असर भी बाजार पर रहेगा। बीते सप्ताह बाजार में चार दिन तेजी और एक दिन गिरावट पर रहा। कोविड प्रतिबंधों को लेकर चीन में शुरू हुए विरोध प्रदर्शन से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर रिलायंस के शेयरों में करीब साढ़े तीन प्रतिशत की उछाल की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 211.16 अंक मजबूत होकर 62504.80 अंक और निफ्टी 50 अंक की बढ़त लेकर 18562.75 अंक पर पहुंच गया। चीन में विरोध प्रदर्शन के बाद कोविड प्रतिबंधों में ढील दिये जाने की उम्मीद से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी सहित ग्यारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 177.04 अंक की तेजी लेकर 62681.84 अंक के सार्वकालिक नये स्तर पर और निफ्टी 55.30 अंक चढ़कर 18618.05 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के होने वाले वक्तव्य में अर्थव्यवस्था को लेकर शुभ संकेत मिलने की उम्मीद में वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की अंतिम समय में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 417.81 अंक की उड़ान भरकर पहली बार 63 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 63099.65 अंक और निफ्टी 140.30 की तेजी लेकर अबतक के रिकॉर्ड 18758.35 अंक पर पहुंच गया। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने के संकेत से वैश्विक बाजार में आई तेजी की बदौलत स्थानीय स्तर पर आईटी, धातु, रियल्टी, टेक और कमोडिटीज समेत बारह समूहों में हुई लिवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 184.54 अंक की उछाल लेकर 63284.19 अंक के नये शिखर और निफ्टी 54.15 अंक की बढ़त लेकर 18812.50 अंक पर पहुंच गया।

वहीं, वैश्विक बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर एमएमसीजी, आईटी, यूटिलिटीज, ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, टेक और पावर समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार छह दिन की तेजी थम गई।

सेंसेक्स 415.69 अंक की गिरावट लेकर 62868.50 अंक और निफ्टी 116.40 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 18696.10 अंक पर आ गया।

शाकिब और मेहदी हसन का कमाल बांग्लादेश ने भारत को एक विकेट से हराया

मीरपुर, एजेंसी

बांग्लादेश ने पहले शाकिबुल हसन के पांच विकेट और फिर आल राउंडर मेहदी हसन मिराज (नाबाद 38 रन) की पारी से रविवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भारत को एक विकेट से हराकर तीन मैचों की क्रिकेट श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। बांग्लादेश ने 40वें ओवर में अपना नौंवा विकेट 136 रन पर हसन महमूद (शून्य) के रूप में गंवा दिया था लेकिन भारतीय टीम अगले छह ओवर में अंतिम विकेट नहीं झटक सकी। इसमें मेहदी हसन (39 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और मुस्तफिजुर रहमान (नाबाद 10 रन) के बीच अंतिम विकेट के लिये 51 रन की साझेदारी ने अहम भूमिका अदा की। शाकिब (36 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट से बांग्लादेश ने लोकेश राहुल (73) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद भारत को 41.2 ओवर में 186 रन पर ढेर कर

दिया था। लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 40वें ओवर तक 136 रन पर नौ विकेट झटक लिये थे, वर्ना भारतीय टीम मैच पहले ही गंवा देती। इसके बाद भारत की जीत की उम्मीद जगी थी लेकिन इस मैच में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने वाले राहुल और अनुभवी शिखर धवन ने कैच टपका दिये, तब बांग्लादेश को जीत के लिये 32 रन की जरूरत थी। वाशिंगटन सुंदर भी थर्ड मैन पर आसान कैच नहीं लपक सके जिससे मिराज और मुस्तफिजुर ने 46 ओवर में टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर जीत दिलायी। भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज (32 रन देकर तीन विकेट), शार्दुल ठाकुर (21 रन देकर एक विकेट) और सुंदर (17 रन देकर दो विकेट) ने शानदार प्रयास से इस आसान स्कोर को बांग्लादेश के लिये बड़ा कर दिया था। पदार्पण कर रहे कुलदीप सेन ने 37 रन देकर दो विकेट विकेट झटके। दीपक चाहर (32 रन देकर एक विकेट) ने पहली गेंद पर विकेट दिलाया लेकिन अंत में वह इतने प्रभावी नहीं दिखे। इससे पहले शाकिब के अलावा इबादत हुसैन ने भी 47 रन देकर चार विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम 41.2 ओवर में पवेलियन लौट गई। विकेट पर तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों को मदद मिल रही थी, राहुल ने 70 गेंद में पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 73 रन की पारी खेली लेकिन भारत के अन्य बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए जूझना पड़ा। उनके अलावा कप्तान रोहित शर्मा (27) और श्रेयस अय्यर (24) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। टॉस जीतकर बांग्लादेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद मुस्तफिजुर रहमान ने पहला ओवर मेडन फेंका। रोहित ने हसन महमूद पर चौके के साथ भारत का बाउंड्री का खाता खोला। बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने चौथे ओवर में ही स्पिनर को गेंद थमा दी।

लियोन को छह विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को 164 रन से हराया

पर्थ, एजेंसी

ऑफ स्पिनर नाथन लियोन के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवें और अंतिम दिन वेस्टइंडीज को 164 रन हराकर फ्रेंक वारेल ट्रॉफी को अपने पास बरकरार रखना सुनिश्चित किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो टेस्ट की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। लियोन ने 128 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया के 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम चाय से पहले 333 रन पर सिमट गई। लियोन ने अपने 111वें टेस्ट में 21वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट 110 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। रोस्टेन चेस (55) और अल्जारी जोसेफ (43) ने निचले क्रम में उपयोगी पारियां खेलकर वेस्टइंडीज के हार के अंतर को कम किया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 82 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया के जीत के इंतजार को बढ़ाया। लंच के बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने 85 मिनट और बल्लेबाज की। काम चलाऊ स्पिनर ट्रेविस हेड (25 रन पर दो विकेट) ने जोसेफ को बोल्ड करके चेस के साथ उनकी साझेदारी को तोड़ा। लियोन ने इसके बाद चेस और केमार रोच (00) को लगातार गेंदों पर आउट करके ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। चेस ने मिशेल स्टार्क को कैच थमाया जबकि रोच बोल्ड हुए। वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन की शुरूआत तीन विकेट पर 192 रन से की लेकिन लंच तक लियोन ने टीम का स्कोर सात विकेट पर 257 रन कर दिया। टीम एक समय तीन विकेट पर 207 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद उसने 17 ओवर में चार विकेट गंवाए और उसका स्कोर सात विकेट पर 233 रन हो गया।

सक्षिप्त खबरें

चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन का संकेत, ईसीबी केवल द हंड्रेड के प्रस्ताव को करेगा स्वीकार

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा है कि द हंड्रेड के लिए बेंचमार्क अरबों डॉलर रखा गया है। एक 100-बॉल फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूनार्मेंट जिसमें आठ पुरुष और आठ महिला टीमें शामिल थीं, जो पहली बार 2021 में खेला गया था। इस तथ्य पर विचार करते हुए कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में से सिर्फ एक फ्रेंचाइजी को 930 मिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा गया था। हाल की रिपोटरें ने सुझाव दिया है कि ईसीबी द हंड्रेड संपत्ति को 400 मिलियन पाउंड में बेचने के विकल्प पर विचार कर रहा है, लेकिन थॉम्पसन ने कहा कि वह मैचों को कम कीमत पर नहीं बेचेंगे, जब केवल एक आईपीएल फ्रेंचाइजी का मूल्य सिर्फ एक बिलियन डॉलर से कम है। डेली मेल की एक रिपोर्ट में कहा गया है, ईसीबी के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने जोर देकर कहा है कि द हंड्रेड की किसी भी बिक्री के लिए मानदंड आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 760 मिलियन पाउंड का भुगतान होना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, थॉम्पसन ने दावा किया कि लंदन बायआउट-कंपनी ब्रिजपॉइंट ग्रुप ने द हंड्रेड के 75 प्रतिशत के लिए 400 मिलियन पाउंड की पेशकश की थी, जो अब दो साल पुराना है और भ्रामक सा लगता है। उन्होंने स्वीकार किया कि अगर हमें बेचना है तो बोर्ड को को ज्यादा सोचने की आवश्यकता होगी। क्रिकेट प्रसारण अधिकारों के साथ दुनिया भर के राष्ट्रीय बोडरें के लिए बड़ी रकम, थॉम्पसन ईसीबी में अधिक नकदी डालने के लिए फिडिंग फ्रेंजी को भुनाना चाहता है। थॉम्पसन के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, मैं ध्द्ध हूं कि हम इस बारे में अवसरवादी नहीं होंगे, हम रणनीतिक सोच के माध्यम से कार्य करेंगे।

विश्व कप से बाहर होने के बाद अर्नोल्ड ने आस्ट्रेलियाई टीम की प्रशंसा की

दोहा। फीफा विश्व कप में शनिवार को आस्ट्रेलिया के अर्जेटीना से 2-1 से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के मैनेजर ग्राहम अर्नोल्ड ने अपने खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की। लियोनेल मेस्सी और जूलियन अल्वारेज ने दक्षिण अमेरिकी टीम को 2-0 की बढ़त दी। अर्नोल्ड ने कहा, मेरे और देश के लिए हर किसी ने जो प्रयास किया है, उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने अच्छा खेला, यह उनका साढ़े चार साल का सफर रहा है। यह एक कठिन यात्रा रही है। हमें लगता है कि हमें इससे कुछ और मिल सकता था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्नोल्ड ने कहा कि उनके खिलाड़ी फुटबॉल के शोपीस टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम बनने से चूकने से खुश और निराश दोनों हैं। उन्होंने कहा, वे बेहद निराश हैं। यह हर दिन नहीं है जब आपको दुनिया की तीसरी सबसे अच्छी टीम और इस तरह के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है। जब हम यहां आए तो सभी ने कहा कि हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे खराब टीम हैं। हम 2006 के बाद पहली बार अंतिम-16 में पहुंचे और हम लगातार विश्व कप में दो मैच जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई टीम हैं। युवा खिलाड़ियों और सीनियर लड़कों के मिश्रण ने अच्छा काम किया है। अर्नोल्ड ने मेस्सी के लिए अपनी प्रशंसा नहीं छिपाई, जिन्होंने क्लब और देश के लिए अपनी 1000वीं उपस्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अर्नोल्ड ने कहा, वह अविश्वसनीय है। अब तक के सबसे महान में से एक। हमने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। मुझे कुछ मौकों

ऑस्ट्रेलिया को हराकर अर्जेन्टीना विश्व कप क्वार्टर फाइनल में

अल रेयान,एजेंसी

लियोनल मेस्सी के गोल से अर्जेन्टीना ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मेस्सी ने अपने करियर का 1000वां मैच खेलते हुए विश्व कप के नॉकआउट चरण का अपना पहला गोल दागा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालांकि अर्जेन्टीना की जीत की राह आसान नहीं रही जैसा कि लोगों ने उम्मीद की थी। अर्जेन्टीना की जीत में गोलकीपर एमी मार्टिनेज की अहम भूमिका रही जिन्होंने मैच के अंतिम सेकेंडों में शानदार बचाव करते हुए मुकाबले को अतिरिक्त समय में खिंचने से रोका। मेस्सी ने 35वें मिनट में अर्जेन्टीना को बढ़त दिलाई जिसके बाद जूलियन अल्वारेज ने 57वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के 77वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद जगी जब एंजो फर्नांडिज ने आत्मघाती गोल दाग दिया। क्वार्टर फाइनल में अब अर्जेन्टीना की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी। मुकाबले में 2-0 से पिछड़ने के बाद अंतिम 20 मिनट में ऑस्ट्रेलिया की वापसी की उम्मीद बंधी जब 77वें मिनट में क्रेग गुडविन का शॉट अर्जेन्टीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडिज से टकराने के बाद गोल में चला गया। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद हमले तेज किए। टीम को अंतिम लम्हों में गोल करने का मौका मिला जब गेरेंग कुओल के पास गेंद पहुंची और उन्हें

सिर्फ गोलकीपर को पछाड़ना था लेकिन उनके दमदार शॉट को मार्टिनेज ने रोक दिया। अर्जेन्टीना की टीम ने अपने पहले मैच में सऊदी अरब के खिलाफ उलटफेर भरी हार के बाद अच्छी वापसी की है और टीम लगातार तीन मैच जीत चुकी है। अपना पांचवां और संभवतः अंतिम विश्व कप खेल रहे मेस्सी के नाम अब 789 गोल हो चुके हैं। सात बार दुनिया के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर चुने गए मेस्सी की नजरें 18 दिसंबर को फुटबॉल का सबसे बड़ा टूनार्मेंट जीतने पर टिकी हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला देखने के लिए अहमद बिन अली स्टेडियम में अर्जेन्टीना के हजारों दर्शक मौजूद थे और टीम की हौसलअफजाई कर रहे थे। मेस्सी ने समर्थकों की सराहना करते हुए कहा,पूरा अर्जेन्टीना यहां आना चाहता है लेकिन यह संभव नहीं है। हमारे बीच जो यह जुड़ाव, एकजुटता है, वह शानदार है। ऑस्ट्रेलिया के 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने अंतिम दिन की शुरूआत तीन विकेट पर 192 रन से की लेकिन लंच तक लियोन ने टीम का स्कोर सात विकेट पर 257 रन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में जीत के लिए अब सिर्फ तीन विकेट की दरकार है। लंच के समय रोस्टन चेस 13 जबकि अल्जारी जोसेफ 15 रन बनाकर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान क्रेग ब्रेथवेट ने 110 रन की उम्दा पारी खेली। रविवार को वेस्टइंडीज की टीम एक समय तीन विकेट पर 207 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद उसने 17 ओवर में चार विकेट गंवाए और उसका स्कोर सात विकेट पर 233 रन हो गया। लियोन (81 रन पर चार विकेट) ने पहले घंटे के खेल में 15 गेंद के भीतर कल के नाबाद बल्लेबाजों ब्रेथवेट और काइल मायर्स (10) को आउट किया।

लियोन ने मायर्स को स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराने के बाद ब्रेथवेट को तेजी से स्पिन होती गेंद पर बोल्ड किया। ब्रेथवेट ने अपने 11वें टेस्ट शतक के दौरान 118 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके मारे।

जेसन होल्डर (03) ने कामचलाऊ स्पिनर ट्रेविस हेड की गेंद पर स्लिप में स्मिथ को कैच थमाया जिसके बाद जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर बल्लेबाज जोशुआ डा सिल्वा (12) की पारी का अंत किया। वेस्टइंडीज की टीम मई 2003 में ब्रायन लारा की कप्तानी में स्टीव वॉ की टीम को हराने के बाद से ऑस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है। दूसरा टेस्ट आठ दिसंबर से खेला जाएगा तो दिन-रात्रि का मुकाबला होगा।

इंग्लैंड के दूसरी पारी में दो विकेट पर 46 रन, कुल बढ़त 124 रन हुई

रावलपिंडी, एजेंसी इंग्लैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां लंच तक पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में 78 रन की बढ़त हासिल करने के बाद दूसरी पारी में दो विकेट पर 46 रन बनाए। बेन फोक्स के वायरल संक्रमण के कारण बाहर होने के बाद टेस्ट पदार्पण करने वाले ऑफ स्पिनर विल जैक्स ने 161 रन देकर छह विकेट चटकाए। पाकिस्तान की टीम हालांकि बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर पहली पारी में 579 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इंग्लैंड ने लंच के पहले के सात ओवर में पहली पारी के शतकवीर बेन डकेट (00) और ओली पोप (15) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 46 रन बनाए जिससे उसकी कुल बढ़त 124 रन की हो गई है। इंग्लैंड ने पहली पारी में छह रन प्रति ओवर से अधिक की गति से रन बनाते हुए 657 रन का स्कोर खड़ा किया था। इंग्लैंड की पहली पारी में शतक जड़ने वाले चार बल्लेबाजों में से एक जैक क्राउली लंच के समय 24 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जो रूट चार रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने दिन की शुरूआत सात विकेट पर 499 रन से ही और उसके निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डेढ़ घंटे तक इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। निचले कम में आगा सलमान ने 67 गेंद में 53 रन की पारी खेली। उन्होंने जाहिद महमूद (17) के साथ 57 रन की साझेदारी की। सलमान ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच पर चौके के साथ 62 गेंद में अपना दूसरा टेस्ट अर्धशतक पूरा किया।

पांचवें हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 4-5 से हारा भारत, श्रृंखला 1-4 से गंवाई

एडीलेड, एजेंसी भारत को रविवार को यहां पांचवें और अंतिम हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 4-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे उसने पांच मैचों की श्रृंखला 1-4 से गंवा दी। टॉम विकहैम (दूसरे और 17वें मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के लिए दो गोल दागे जबकि एरेन जेलवस्की (30वें मिनट), जेकब एंडरसन (40वें मिनट) और जेक वेटन (54वें मिनट) ने भी मेजबान टीम की तरफ से एक-एक गोल किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (24वें और 60वें मिनट) ने दो जबकि अमित रोहिदास (34वें मिनट) और सुखजीत सिंह (55वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। भारत ने शुरूआती दो मैच 4-5 और 4-7 से गंवाने के बार तीसरा मैच 4-3 से जीता था। चौथे मैच में मेहमान टीम को 1-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

हार्दिक पांड्या जैसे ऑलराउंडर टी10 क्रिकेट में खतरनाक साबित होंगे : डेक्कन ग्लैडिएटर्स के मुश्ताक अहमद

अबु धाबी, एजेंसी डेक्कन ग्लैडिएटर्स की टीम में विश्व क्रिकेट के सबसे विनाशकारी बल्लेबाजों में से एक आंद्रे रसेल हैं और कोच मुश्ताक अहमद ने बताया कि उनके जैसे प्रभावशाली खिलाड़ियों को बीच में जितना संभव हो उतना समय चाहिए, ताकि वे खेल को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकें। अबु धाबी टी10 के छठे सीजन के मौके पर पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर ने कहा, आंद्रे रसेल के पास एक्स-फैक्टर है और आपको उन्हें बल्लेबाजी के लिए जल्दी भेजना होगा। पिछले साल भी मैंने उसे ओपनिंग बैटिंग के लिए तैयार किया था और इस बार भी मेरी उनसे बात हुई और मैंने उनसे कहा कि उन्हें वह करने की पूरी आजादी है जो उन्हें करना है। टी10 या टी20 क्रिकेट में आपको बड़े फैसले लेने होते हैं और उम्मीद करनी होती है कि योजनाएं रंग लाएंगी। और मुझे खुशी है कि अब तक हमारे फैसलों ने अच्छा काम किया है। पूर्व लेग ब्रेक गेंदबाज ने यह भी कहा कि खेल में सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक, कोई फर्क नहीं पड़ता कि प्रारूप आपके बुनियादी बातों से जुड़ा हुआ है। आपको अपने बेसिक्स को याद रखना होता है और योग्यता के अनुसार गेंद को मारना होगा। जब आप परिणाम के बारे में सोचना शुरू करते हैं, तो आप बेसिक्स पर ध्यान खो देते हैं। एक कोच के रूप में, यह मेरा कर्तव्य है कि मैं खिलाड़ियों को बताऊं कि वे अपना आकार और फोकस न खोएं। उन्होंने आगे कहा, भले ही कुछ डॉट गेंदें हों, कुछ बड़ी हिट या कुछ अच्छे ओवर याद रखें और आप मैच में वापस आ जाते हैं। डेक्कन ग्लैडिएटर्स के कोच ने इस बारे में भी कहा कि छोटे प्रारूपों में आलराउंडर सबसे मूल्यवान खिलाड़ियों में से हैं। इस तरह के छोटे प्रारूपों में, हार्दिक पांड्या बहुत खतरनाक खिलाड़ी हो सकते हैं, यहां तक कि डेविड विसे जैसा कोई भी व्यक्ति, वे बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कर सकते हैं। ये ऐसे खिलाड़ी हैं, जो मैच विजेता हो सकते हैं। बड़े हिट वाले बल्लेबाजों का मुकाबला करने के बारे में पूछे जाने पर, अहमद ने कहा, विकेट, टी10 जैसे प्रारूप में महत्वपूर्ण है।

इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी क्रिकेट खेलने के लिए खुद का समर्थन करें : वेस्टइंडीज की कप्तान मैथ्यूज

एंटीगा, एजेंसी

वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज मजबूत इंग्लैंड टीम का सामना करने की चुनौती से वाकिफ हैं, लेकिन उनका मानना है कि रविवार को जमैका में उनके खिलाड़ी सर विवियन रिचर्डस स्टेडियम की परिस्थितियों के बारे में अपने ज्ञान का उपयोग तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में अपने फायदे के लिए कर सकते हैं। आखिरी बार इन दोनों टीमों ने 2016 में जमैका में कैरेबियन में एकदिवसीय श्रृंखला खेली थी। इंग्लैंड 3-2 से विजेता के रूप में उभरा और वेस्टइंडीज का हिस्सा होने के बावजूद हैली नई खिलाड़ी थीं, जिन्होंने भारत में पहला आईसीसी महिला टी20 विश्व कप जीता था ।लेकिन अब वेस्टइंडीज टीम की कप्तान के तौर पर वह मेजबान टीम के पक्ष में नतीजे को पलटती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण श्रृंखला है, लेकिन टीम अच्छी स्थिति में है। हम इंग्लैंड के खिलाफ अच्छी क्रिकेट खेलने के लिए खुद का समर्थन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है, लेकिन साथ ही आने वाले समय में कैरेबियन में खेलना एक कठिन काम है। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा गया, हम यहां एंटीगा में परिस्थितियों के बारे में अपने ज्ञान का उपयोग करने जा रहे हैं और जब हम अपने लाभ के लिए बारबाडोस जाएंगे। साथ ही, हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला से बहुत कुछ सीखा, विशेष रूप से हमें क्या करना और क्या नहीं। हमारे करीबी मैचों के बाद, इसलिए हम इस श्रृंखला में इसे लागू करने की कोशिश करने जा रहे हैं। सितंबर में घर में न्यूजीलैंड से अपनी शुरूआती श्रृंखला 2-1 से हारने के बाद आईसीसी महिला चैम्पियनशिप (आईडब्ल्यूसी) में अंक हासिल करने के लिए, वर्तमान में पांचवें स्थान पर मौजूद वेस्टइंडीज के लिए वनडे श्रृंखला दूसरा अवसर है। हालांकि कायसिया नाइट और शेमेन कैंपबेल की वापसी से मेजबान टीम को मजबूती मिलेगी, लेकिन दोनों कीपर-बल्लेबाज चोटों से उबरने के बाद अनुभवी आलराउंडर स्टैफनी टेलर अभी भी अनुपलब्ध हैं क्योंकि वह अभी भी सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान लगी घुटने की चोट से उबर रही हैं।

पंत को बांग्लादेश में भारतीय एकदिवसीय टीम से रिलीज किया गया

मीरपुर, एजेंसी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से रिलीज (टीम से हटा देना) कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह मशविरे के बाद पंत को रिलीज किया गया है और उनके विकल्प की मांग नहीं की गई है। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ह्यबीसीसीआई की मेडिकल टीम से सलाह मशविरे के बाद ऋषभ पंत को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम से जुड़ेंगे। उनके विकल्प की मांग नहीं की गई है। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सूत्रों के अनुसार नेट में बल्लेबाजी करते हुए अक्षर की पसलियों में चोट लगी थी और वह उससे उबर रहे हैं। पंत को टीम से रिलीज करने का कोई कारण नहीं बताया गया है लेकिन वह सभी प्रारूपों में खेलने वाले टीम के एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्हें पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के बाद ब्रेक नहीं दिया गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद आराम दिया गया था। पंत हालांकि टीम के साथ छह सीमित ओवरों के मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड रवाना हुए थे। भारत और बांग्लादेश को तीन एकदिवसीय के बाद दो टेस्ट भी खेलने हैं।

खरपतवार से भी अधिक तेजी से फैल रही हैं टी20 लीग: चैपल

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल का मानना है कि टी20 लीग ह्यखरपतवार से भी तेजी से फैलह्न रही हैं और ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का महत्वाकांक्षी भविष्य कार्यक्रम व्यवधान की ओर बढ़ रहा है। चैपल ने ह्यईएसपीएनक्रिकइंफोह्न के लिए अपने लेख में लिखा कि खेल प्रशासकों और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बीच एक स्वस्थ साझेदारी की अनुपस्थिति इस प्रक्रिया को तेज कर सकती है। हाल ही में स्टीव वॉ जैसे अतीत के स्टार खिलाड़ियों ने क्रिकेट के व्यस्त कार्यक्रम के संदर्भ में कहा था कि जनता को अत्याधिक क्रिकेट परोसा जा रहा है और इस खेल में रुचि में कमी आई है। चैपल ने लिखा, ह्यपूरे क्रिकेट ढांचे, विशेष रूप से कार्यक्रम की खेल के भविष्य को ध्यान में रखते हुए गहन लेकिन सकारात्मक समीक्षा की जरूरत है ह्नह्न उन्होंने कहा, ह्यखिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच साझेदारी की कमी का स्पष्ट मामला भी है। निश्चित रूप से यह ऐसा नहीं होना चाहिए जैसा कि वर्तमान में है- प्रशासकों का अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से सलाह-मशविरे के बिना कार्यक्रम तय करने का मामला ह्नह्न चैपल ने कहा, ह्यटी20 लीग गर्मियों में खरपतवार से भी अधिक तेजी से बढ़ रही हैं और पहले से ही एक अविश्वसनीय कार्यक्रम एक बड़े विस्फोट की ओर बढ़ रहा है। टी20 लीग के प्रसार के बीच खिलाड़ियों को अब यह चुनने की आवश्यकता है कि उसे किस लीग में खेलना है और किसे छोड़ना है। ऐसे में कुछ लीग स्टार खिलाड़ियों से वंचित होंगी और लंबे समय में आर्थिक रूप से व्यावहारिक बनने की उनकी क्षमता प्रभावित होगी। चैपल ने लिखा, ह्यटी20 लीग अब आपस में टकरा रही हैं और स्टार खिलाड़ी आईपीएल क्लबों के विस्तार के साथ लंबी अवधि के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। इन विरोधाभासों का मतलब है कि अब समस्या होगी कि अधिक संख्या में विपणन योग्य क्रिकेटरों को कैसे तैयार किया जाए। उन्होंने कहा, ह्यमौजूदा माहौल में कुछ लीग सीमित संख्या में उपलब्ध स्टार खिलाड़ियों को अनुबंधित करने में सक्षम नहीं होंगी और यह अंततः आर्थिक रूप से व्यावहारिक रहने की उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है ह्नह्न इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, ह्ययेसभी मामले हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि खेल के भविष्य में खिलाड़ियों की बात सुनी जाए।

मुकाबला फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में अमेरिका को 3-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी।

अमेरिका को हराकर नीदरलैंड क्वार्टरफाइनल में

अल रेयान, एजेंसी

नीदरलैंड डेंजेल डमफ्राइज के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में फीफा विश्व कप के राउंड 16 मुकाबले में अमेरिका को 3-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी। नीदरलैंड के लिये मेंफिस डीपे (10वें मिनट), डाले ब्लाइंड (45+1वें मिनट) और डमफ्राइज (81वें) ने गोल किये। डमफ्राइज ने दोनों गोल करने में भी मदद की। ग्रुप ए में दो जीत और एक ड्रा से शीर्ष पर रही नीदरलैंड को इस में प्रबल दावेदार माना जा रहा था और उसने इसके अनुरूप प्रदर्शन किया। अब शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में उसका सामना अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया के बीच देर रात होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। अमेरिका के लिये एकमात्र गोल स्थानापन्न खिलाड़ी हाजी राइट ने 76वें मिनट में दागा। अच्छी टीमों को गोल करने का सिर्फ एक मौका चाहिए होता है और नीदरलैंड के साथ ऐसा ही हुआ। मैच के शुरू में ही मिडफील्ड में अच्छे पास देखने को मिले और ऐसे ही पास पर डमफ्राइज ने बॉक्स के ऊपर मेंफिस डीपे को क्रास दिया और उन्होंने बड़ी

खूबसूरती से नेट में बायीं ओर दनदनाता हुआ गोल कर दिया। अमेरिका के गोलकीपर मैट टर्नर के पास इस रोकने का कोई मौका नहीं था। यह डीपे का 43वां अंतरराष्ट्रीय गोल था जिससे नीदरलैंड की टीम 1-0 से आगे हो गयी। हाफ टाइम से पहले इंजुरी टाइम (45+1वें मिनट) में ब्लाइंड ने टीम के लिये दूसरा गोल दाग दिया। इससे विश्व कप में तीन बार की उप विजेता रही ह्यओरांजेह्न ने बढ़त दोगुनी की। डमफ्राइज ने फिर गोल करने में मदद की, उनके क्रास पर ब्लाइंड ने भागते हुए अमेरिका के बॉक्स से गोल कर दिया जो नेट के कॉर्नर में पहुंचा। पहले गोल के बाद हालांकि खेल थोड़ा धीमा हो गया जिसमें अमेरिकी टीम का गेंद पर कब्जा अधिक रहा लेकिन टीम कोई अच्छा प्रयास नहीं कर सकी। इससे नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति पर कोई दबाव नहीं था। अमेरिका को मैच में वापसी के लिये रणनीति में बदलाव की दरकार थी। उसके लिये 43वें मिनट में नीदरलैंड के गोलकीपर आंद्रियास नोपर्ट की परीक्षा हुई जब टिम विया ने बॉक्स के किनारे से शॉट लगाया जिसका उन्होंने डाइव करते हुए शानदार बचाव किया। दूसरे हाफ में अमेरिका ने हमले तेज कर दिये जिसमें 52वें मिनट में क्रिस्टियन पुलिसिच का शॉट सीधे नीदरलैंड के गोलकीपर के हाथ में चला गया। दो मिनट बाद मैकेनी का शॉट नीदरलैंड के क्रासबार के ऊपर से निकल गया। पुलिसिच पर फाउल के लिये 60वें मिनट में नीदरलैंड के टेयून कूपमेनर्स को पीला कार्ड दिखाया। अगले ही मिनट में अमेरिकी गोलकीपर मैट टर्नर ने शानदार बचाव करते हुए मेंफिस डीपे को दूसरे गोल करने से वंचित कर दिया। अमेरिका के खिलाड़ी गोल करने के लिये बेताब थे और दबाव में कई शॉट लगा रहे थे। स्थानापन्न खिलाड़ी हाजी राइट 75वें मिनट में गोल करने का अच्छा मौका चूक गये लेकिन अगले ही मिनट में उन्होंने गोल कर अंतर कम किया। पुलिसिच के क्रास पर राइट ने इसे नेट में पहुंचा दिया। नीदरलैंड ने इसके बाद हमले तेज किये और दो गोल करने में मदद करने वाले डमफ्राइज ने 81वें मिनट में शानदार मौके का फायदा उठाकर आसानी से गोल कर अपनी टीम को 3-1 से आगे कर दिया। मेंफिस डीपे ने बायीं ओर अमेरिकी डिफेंडरों की ओर से गेंद ब्लाइंड की ओर बढ़ायी जिन्होंने डमफ्राइज की ओर क्रास दिया और उन्होंने इसे सीधे नेट में डाल दिया। अमेरिका के लिये यह निराशाजनक परिणाम रहा जो 2002 के बाद पहली बार राउंड 16 से आगे बढ़ने की उम्मीद लगाये थी।

शेन वार्न को स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम में लेजेंड का दर्जा मिला

मेलबर्न, एजेंसी दिग्गज आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर शेन वार्न को स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल आफ फेम में लीजेंड का दर्जा दिया गया है। इस साल मार्च में 52 साल की उम्र में उनकी आकस्मिक मृत्यु के नौ महीने बाद, वार्न आस्ट्रेलिया में सबसे प्रतिष्ठित खेल सम्मान से सम्मानित होने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए। वार्न और धावक रॉन क्लार्क की पदोन्नति की घोषणा आज रात की गई। वार्न को पहले 2009 में स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल आफ फेम में एक एथलीट सदस्य के रूप में शामिल किया गया था, और अब मरणोपरांत सर डोनाल्ड ब्रेडमैन, कीथ मिलर, रिची बेनो और डेनिस लिली जैसे क्रिकेटरों को लीजेंड का दर्जा दिया गया है। स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल आफ फेम चेयर जॉन बर्ट्रेंड ने कहा, शेन वार्न और रॉन क्लार्क लीजेंड्स की सच्ची परिभाषा हैं। सभी आस्ट्रेलियाई लोगों के लिए प्रेरणा। हम स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल आफ फेम के भीतर लीजेंड की स्थिति के लिए उनके नामों की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। वे आस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैं। स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल आफ फेम में लीजेंड स्थिति के लिए मानदंड कहता हैः लीजेंड का दर्जा उन सदस्यों को सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है जिन्होंने खुद को उच्चतम स्तर पर प्रतिष्ठित किया है और उनकी उपलब्धियों की आस्ट्रेलिया के महानतम लोगों में गिनती की जाती है। उन्होंने कहा, जैसा कि हम शेन के निधन पर शोक करना जारी रखे हैं, स्पोर्ट आस्ट्रेलिया हॉल आफ फेम में लीजेंड का दर्जा एक खिलाड़ी के रूप में उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों और दुनिया भर में क्रिकेट पर उनके प्रभाव के लिए एक उचित स्वीकृति है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकी ने कहा, आस्ट्रेलिया के महान खिलाडियों की दुनिया में शेन का स्थान निर्विवाद है और लीजेंड की हैसियत उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ जनता द्वारा उनके प्रति सम्मान जाहिर करती है। वार्न ने लेग-स्पिन गेंदबाजी की कला को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसे 1990 के दशक में एक घातक फिरकी के रूप में देखा जाता था, और 145 मैचों में 708 टेस्ट विकेट लेने के साथ-साथ 194 एकदिवसीय मैचों में 293 विकेट लिए थे।



लोगों की राय

ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने पर चार लोगों को फांसी दी

ईरान प्रशासन ने इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए काम करने के आरोप में चार लोगों को रविवार को फांसी दे दी है। सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने बताया कि देश के रेवलूशनेरी गार्ड ने इजराइली एजेंसी से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी थी। उसने कहा कि ये लोग निजी और सरकारी संपत्ति की चोरी करते थे तथा व्यक्तियों को अगवा कर उनसे पूछताछ करते थे। एजेंसी की खबर में कहा गया है कि इन कथित जासूसों के पास हथियार थे और उन्हें क्रिप्टोकरेंसी के रूप में मोसाद से मेहनताना मिलता था। ईरान और इजराइल कट्टर दुश्मन हैं। इरना ने बताया कि जिन्हें फांसी दी गई है उनमें हुसैन ओरदोखानजादा, शाहीन इमानी मोहमुदाबादी, मिलाद अशरफी और मनौचेहर शाहबंदी शामिल हैं।

नासा ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सफलतापूर्वक लगाया सोलर एरे

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर सफलतापूर्वक एक नया सोलर एरे (आईरोसा) लगाया है। नासा ने ट्वीट किया कि अंतरिक्ष यात्री जोश कसैडा और फ्रैंक ने अंतरक्षि केंद्र के तारे की आकृति वाले एक बोर्ड पर यह नया सोलर एरे लगाया। इन लोगों ने सोलर पैनल की 75 प्रतिशत की संचालन क्षमता बहाल करने के लिए एक केबल को अलग कर दिया। दोनों अंतरिक्ष यात्री कसाडा और कसैडा स्टेशन के बाहर अंतरिक्ष में गये और लगभग 7 घंटे तक अपने काम को लेकर बाहर ही नये। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगे पुराने सोलर एरे की क्षमता में आयी कमी के बाद से ही नासा इनको अपग्रेड करने में मदद कर हा है। इस नए अपग्रेडेशन की अनुमानित कीमत 103 मिलियन डॉलर है।

व्हाट्सऐप कर रहा है 21 नए इमोजी पर काम

मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप ने अपडेट के लिए 21 नए इमोजी पर काम करना शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने आठ इमोजी को फिर से डिजाइन किया है, जो पहले से ही बीटा वर्जन में दिखाई दे रहे हैं। प्ले स्टोर पर उपलब्ध नवीनतम बीटा बिल्ड में, आठ इमोजी अपडेट किए गए हैं, और 21 नए इमोजी जल्द ही सभी बीटा परीक्षकों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। इस बीच, शुक्रवार को, व्हाट्सऐप ने एंड्रॉइड बीटा पर एक नया गायब होने वाले संदेश शॉर्टकट को रोल आउट करना शुरू कर दिया। एंड्रॉइड 2.22.25.11 अपडेट के लिए नवीनतम व्हाट्सऐप बीटा डाउनलोड करने के बाद, कुछ उपयोगकर्ता शॉर्टकट सुविधा तक पहुंचने में सक्षम थे। पिछले महीने, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म ने पांच देशों में येलो पेज-स्टाइल बिजनेस डायरेक्टरी लॉन्च की थी। यह फीचर ब्राजील, यूके, इंडोनेशिया, मैक्सिको और कोलंबिया में शुरू किया गया था। कंपनी के अनुसार, निर्देशिका उपयोगकताओं को या तो सीधे उन कंपनियों को खोजने में मदद करेगी जो सेवा पर संपर्क करने योग्य हैं या यात्रा या बैंकिंग जैसे व्यावसायिक प्रकारों से ब्राउज करती हैं।

पाकिस्तान में दुर्दांत आतंकवादी कमांडर मारा गया

पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने वांछित एक आतंकवादी कमांडर को मार गिराया। यह आतंकवादी जघन्य वारदात में शामिल रहा है। सेना ने यह जानकारी यहां दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि 02 दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में शामिल होने, अपहरण और फिरौती के अनेक मामलों में शामिल नूर की आतंकवाद विरोधी विभाग को तलाश थी। आईएसपीआर ने कहा- जबरदस्त गोलीबारी के दौरान कुख्यात आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। पिछले महीने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना का एक जवान शहीद हो गया था।

मध्यावधि चुनाव को लेकर मेरी पेशकश का गलत मतलब निकाला गया: इमरान

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने जोर देकर कहा है कि तत्काल चुनाव कराने की उनकी पेशकश को गलत समझा गया ऐसा उन्होंन देश के व्यापक हितो को ध्यान में रखते हुये कहा था। ऐसा माना जा रहा है मध्यावधि चुनाव पर गठबंधन सरकार से बातचीत की उनकी पेशकश कथित तौर पर उलटी पड़ जाने के बाद स्थिति को साफ करने की कोशिश के रूप उन्होंने यह बयान दिया है। उन्होंने तब संघीय सरकार के ह्वसंचालकोंह्व को यह महसूस करने के लिए प्रेरित किया कि देश तेजी से दिवालिया होने की तरफ बढ़ रहा है

और उनसे 22 करोड़ लोगों को नुकसान से बचाने के लिए कार्य करने का आग्रह किया। बोल न्यूज के एक साथ साक्षात्कार के दौरान इमरान ने अपने रुख को एक नया आयाम दिया। पीटीआई प्रमुख ने कहा कि वह पंजाब और केपी विधानसभाओं को भंग करने में देरी कर सकते हैं यदि राजनीतिक लोग मेज पर आने और तय करने के लिए कि अधिकतम अगले मार्च के अंत तक आम चुनाव कराने के लिए सहमत हों। चूंकि मार्च रमजान का महीना होगा, श्री खान के नए सुझाव का तात्पर्य है कि पीडीएम सरकार को तुरंत चुनाव की तारीख की घोषणा करनी चाहिए, सभी विधानसभाओं को भंग कर देना चाहिए और आम चुनावों का आह्वान करना चाहिए। लेकिन उन्होंने कहा कि उपवास वाले महीने में भी चुनाव हो सकते हैं। इससे पहले, अपने जमान पार्क आवास से वीडियो लिंक के माध्यम से खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा के विधायकों से बात करते हुए, उन्होंने जोर देकर कहा कि पीटीआई इस महीने पंजाब और केपी विधानसभाओं को भंग करने और पाकिस्तान में 66 प्रतिशत हिस्सें को चुनावों में ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने वाले सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार की तैयारी में व्यस्त होंगे इससे देश की गतिविधियां ठहर जायेगी। उन्होंने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए समय से पहले चुनाव कराने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, लेकिन दावा किया कि सत्ताधारी गठबंधन उनकी पार्टी से हारने के डर से चुनाव से दूर भाग रहा है।

दूसरी ओर, जाहिर तौर पर शुक्रवार को सरकार को दी गई बातचीत की पेशकश को वापस लेते हुए, पीटीआई प्रमुख ने अपने लंबे समय के रुख को दोहराया कि वह चोरों और डकैतों से बात नहीं करेंगे, यह संकेत देते हुए कि उनका संदेश उन शक्तियों के लिए है जो सत्ता में हैं। उन्होंने कहा, मैं आपसे (पीडीएम सरकार) देश की खातिर चुनावों की घोषणा करने के लिए कह रहा हूं, क्योंकि पीटीआई चिंतित नहीं है, भले ही अगले साल अक्टूबर में चुनाव हों। उन्होंने केपी विधायकों से अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव की तैयारी और प्रचार शुरू करने को कहा। डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए किसी कार्ययोजना की कमी के लिए संघीय सरकार की आलोचना करते हुए पूर्व प्रधान मंत्री ने कहा कि पीएमएल-एन ने अपने दो ह्यअनुभवी वित्त मंत्रियों - मिफ्ताह इस्माइल और इशाक डार का ह्यपरीक्षणह्व किया है। लेकिन वे दोनों एक-दूसरे पर देश को दिवालिया करने के आरोप लगाने में व्यस्त थे। श्री खान ने कहा, सत्ता के समर्थन के बिना विश्वास मत कभी भी सफल नहीं हो सकता है। श्री खान ने कहा और अपने आरोपों को दोहराया कि पीएमएल-एन और पीपीपी नेताओं ने अपनी संपत्ति और संपत्ति विदेशों में जमा कर रखी है और जैसे ही देश को किसी आपदा का सामना करना पड़ेगा, वे बाहर निकल जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि पीडीएम नेता कानूनों में संशोधन कर रहे हैं और अपने भ्रष्टाचार के मामलों को बंद करवा रहे हैं। उन्होंने आशंका जताई, वे मुझे अयोग्य घोषित करने की भी कोशिश करेंगे और चुनावों में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए अन्य पीटीआई सांसदों को मुकदमों के जरिए बाहर कर देंगे।

रॉकेट दागने के जवाब में इजरायल ने गाजा पर हवाई हमला किया

नई दिल्ली, एजेंसी

इजरायल के लड़ाकू विमानों ने तटीय परिक्षेत्र से रॉकेट दागे जाने के जवाब में गाजा पट्टी में आतंकवादी समूहों के ठिकानों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए। फिलिस्तीन के प्रत्यक्षदर्शियों ने सिन्हुआ को बताया कि इजराइली सेना के ड्रोन और लड़ाकू विमानों को हवा में गूंजते हुए सुना गया और रविवार को खान यूनिस और राफा के दक्षिणी गाजा पट्टी के शहरों के पश्चिम में कई विस्फोट सुने गए। फलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि मुख्य रूप से इस्लामी प्रतिरोध आंदोलन (हमास) और फि लिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) को लक्षित करने वाले हमलों के दौरान कोई घायल नहीं हुआ। इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि हवाई हमले दक्षिणी इजरायल में तीन रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइली प्रतिक्रिया है। किसी भी समूह ने रॉकेट दागने की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमास शासित तटीय परिक्षेत्र में आतंकवादियों ने हवाई हमले के दौरान गाजा पट्टी की सीमाओं के करीब दक्षिणी इजरायली समुदायों पर कम से कम पांच रॉकेट दागे थे।

चीन में कोविड-19 से दो लोगों की मौत, पाबंदियों में ढील

नई दिल्ली, एजेंसी

चीन में रविवार को कोविड-19 से दो और लोगों की मौत की सूचना है। वहीं, पाबंदियों को लेकर लोगों की निराशा के बीच कुछ शहरों में सावधानियों के साथ प्रतिबंधों में ढील बरती जा रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि शेडोंग और सिचुआन प्रांतों में एक-एक व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है। पीड़ितों की उम्र या उनका पूर्ण टीकाकरण हुआ या नहीं, इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। चीन में पहली बार 2019 के अंत में वुहान शहर में वायरस का पता चला था। बीजिंग और कुछ अन्य चीनी शहरों ने प्रतिबंधों में ढील की घोषणा करते हुए कहा है कि पहली बार बिना जांच के लोग बसों और मेट्रो में यात्रा कर सकते हैं। इस बीच, राजधानी बीजिंग ने शुक्रवार को कहा कि सोमवार से सार्वजनिक परिवहन के लिए भी अब निगेटिव जांच रिपोर्ट की जरूरत नहीं है।

हालांकि, अब भी शॉपिंग मॉल जैसे स्थानों पर प्रवेश करने के लिए पिछले 48 घंटों के भीतर प्राप्त निगेटिव जांच रिपोर्ट दिखाना आवश्यक है। रविवार को चीन में पिछले 24 घंटों में संक्रमण के 35,775 नए मामलों की घोषणा की गई, जिनमें से 31,607 लोगों में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं थे। वहीं, संक्रमण से 5,235 और लोगों की मौत होने से आधिकारिक तौर पर मृतक संख्या 3,36,165 हो गई है। चीन में कोविड-19 को लेकर अब भी पाबंदियां जारी हैं जिसे लेकर लोगों में काफी रोष है। 25 नवंबर को उरुमकी के उत्तर-पश्चिमी शहर में एक अपार्टमेंट में आग लगने के बाद प्रदर्शन भड़क उठे, जिनमें कम से कम 10 लोग मारे गए।

नेपाल: संसदीय चुनाव में नेपाली कांग्रेस की बढ़त बरकरार, सियांग्जा सीट से उम्मीदवार को मिली जीत

नई दिल्ली, एजेंसी

नेपाल के संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पार्टी नेपाली कांग्रेस की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के उम्मीदवार धनराज गुरुंग ने सियांग्जा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 से जीत हासिल कर ली है, जिसके बाद गठबंधन ने अपनी बढ़त बनाए रखी है।

चुनाव आयोग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। गुरुंग ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी सीपीएन (यूएमएल) की पद्मा कुमारी आर्यल को हराया। गुरुंग को 31,466 वोट मिले, जबकि कुमारी को 25,839 वोट हासिल हुए।

इसके साथ ही नेपाली कांग्रेस ने प्रत्यक्ष चुनाव के तहत प्रतिनिधि सभा की 57 सीट पर जीत हासिल कर ली है और पार्टी सदन में पहले स्थान पर रही है। इसके बाद सीपीएन-यूएमएल का स्थान है, जिसने अब तक 44 सीट पर जीत हासिल की है। प्रत्यक्ष चुनाव में सीपीएन-माओइस्ट सेंटर को 17 सीट मिली हैं, जबकि सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट को 10 सीट पर जीत हासिल हुई है। अब तक 163 निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना पूरी हो चुकी है और मात्र दो सीट पर मतों की गिनती बाकी है। तीन निर्वाचन क्षेत्रों-सियांग्जा-2, बाजुरा और दोलखा के लिए मतगणना देर से शुरू हुई क्योंकि इन निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न समूहों के बीच विवाद के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से चुने जाएंगे, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से निर्वाचित होंगे।

किसी पार्टी को बहुमत की सरकार बनाने के लिए कम से कम 138 सीट की जरूरत होती है। पांच दलों वाले सत्तारूढ़ गठबंधन में नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओइस्ट सेंटर, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनमोर्चा शामिल हैं। गठबंधन के पास अब 85 सीट हो गई हैं जबकि विपक्षी सीपीएन-यूएमएल के पास 57 सीट हैं।

ईरान में परमाणु संयंत्र का निर्माण शुरू : सरकारी मीडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान ने शनिवार को देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने यह खबर दी। विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद ईरान पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच यह निर्माण शुरू हुआ है।

यह घोषणा ऐसे वक्त आई है जब पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद देश भर में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों से ईरान हिल गया है। देश की सरकारी टेलीविजन और रेडियो एजेंसी ने बताया कि करून नाम के 300 मेगावाट के नए संयंत्र को बनने में आठ साल लगेंगे और इस पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। इसने कहा कि यह संयंत्र ईरान के तेल समृद्ध खुजेस्तान प्रांत में इराक के साथ लगती इसकी पश्चिमी सीमा के पास स्थित होगा। संयंत्र के शिलान्यास समारोह में ईरान के असैन्य परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने भाग लिया, जिन्होंने पहली बार अप्रैल में ह्यकरूनह्व के लिए निर्माण योजनाओं की शुरूआत की थी। ईरान के बुशहर के दक्षिणी बंदरगाह पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र है तथा कई भूमिगत परमाणु केंद्र भी हैं। करून के निर्माण की घोषणा ऐसे वक्त आई है जब ईरान ने दो सप्ताह से भी कम समय पहले कहा था कि उसने देश के भूमिगत फोर्डो परमाणु केंद्र में 60 प्रतिशत शुद्धता पर समृद्ध यूरेनियम का उत्पादन शुरू कर दिया है।

इस कदम को देश के परमाणु कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है।

वेस्ट बैंक में हिंसा के बीच इस्राइल में दागा गया राकेट

नई दिल्ली, एजेंसी

फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने शनिवार को गाजा से इस्राइल में एक रॉकेट दागा, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। सेना के अनुसार एक महीने में पहली बार हमले का कोई तत्काल दावा नहीं किया गया था। हालांकि, गाजा के बड़े सशस्त्र गुटों में से एक इस्लामिक जिहाद ने गुरुवार को जेनिन के वेस्ट बैंक शहर में इजरायली सैनिकों द्वारा अपने दो नेताओं को मारने के बाद जवाबी कार्रवाई करने की धमकी दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इस्राइली सेना ने गाजा शहर के पूर्व में दो निगरानी चौकियों पर गोलीबारी करके जवाबी कार्रवाई की, जो क्षेत्र के इस्लामवादी शासक हमास द्वारा संचालित थी। राकेट हमला कब्जे वाले वेस्ट बैंक में रक्तपात में वृद्धि के रूप में आया, जिसने फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ घातक बल के उपयोग के लिए इजरायली सेना की अंतरराष्ट्रीय आलोचना की। आलोचना ने शुक्रवार को नब्लस के दक्षिण में हुवारा शहर में विवादित परिस्थितियों में 22 वर्षीय अम्मार हादी मुफलेह की हत्या पर ध्यान केंद्रित किया है। संयुक्त राष्ट्र मध्य पूर्व शांति दूत टोर वेन्सलैंड ने कहा कि वह इजरायली सैनिक के साथ हाथापाई के दौरानह्व हत्या से भयभीत थे। यूरोपीय संघ ने हिंसा के बढ़ते स्तर के बारे में बहुत चिंतित है हाल के दिनों में इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा 10 फि लिस्तीनी मारे गए थे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा, इस तरह के अस्वीकार्य तथ्यों की जांच होनी चाहिए और पूरी जवाबदेही होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत, घातक बल केवल उन स्थितियों में उचित है जिनमें जीवन के लिए गंभीर और आसन्न खतरा मौजूद है। घटनाओं के इजरायली संस्करण के अनुसार, मुफलेह ने एक सीमा पुलिसकर्मी को चाकू मारने से पहले एक इजरायली युगल की कार का दरवाजा खोलने की कोशिश की। एक वरिष्ठ सीमा पुलिस अधिकारी ने तब मुफलेह को ये कहते हुए गोली मार दी कि फिलिस्तीनी ने अपने हथियार के लिए हड़प लिया था। फिलिस्तीनी नगर निगम के अधिकारी वजेह ओडेह ने एएफपी को बताया कि झगड़े के बाद शूटिंग हुई। ओडेह ने कहा, एक इजरायली सैनिक ने फिलिस्तीनी को फर्श पर गिरा दिया और उसे गोली मार दी। जरायल के विदेश मंत्रालय ने आलोचना का गुस्से से जवाब दिया। उन्होंने ट्वीट किया, यह प्रतिक्रिया वास्तविकता का पूर्ण विरूपण है। यह हाथापाई नहीं है - यह एक आतंकी हमला है! निवर्तमान इजरायली प्रधानमंत्री यायर लापिड ने कहा कि उन्होंने जान बचाने के लिए सीमा पुलिस अधिकारी के गोली चलाने के फैसले का पूरा समर्थन किया। उन्होंने कहा, हमारे सुरक्षा बल आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से काम करना जारी रखेंगे। इजरायल और वेस्ट बैंक में हिंसा में कम से कम 145 फिलिस्तीनी और 26 इजरायली मारे गए हैं, जिसमें पूर्वी यरुशलम भी शामिल है, जो 2015 के बाद से सबसे भारी टोल है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने वजीरिस्तान में आतंकवादी कमांडर को मार गिराया

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिम भाग में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी कमांडर को गिराया जो हाई प्रोफाइल आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता को लेकर वांछित था। सेना ने यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शनिवार को कहा कि दो दिसंबर को उत्तरी वजीरिस्तान के शेवा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया था। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के खिलाफ कई आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और अपहरण तथा फिरौती के अनेक मामलों में शामिल होने के कारण नूर आतंकवाद विरोधी विभाग (सीटीडी) द्वारा वांछित था। आईएसपीआर ने कहा, जबरदस्त गोलीबारी के दौरान कुख्यात आतंकवादी कमांडर मुहम्मद नूर उर्फ सरकई मारा गया। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। पिछले महीने खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी सेना का एक जवान शहीद हो गया था।

ईरान ने हिजाब कानून पर घुटने टेके, विचार के लिए तैयार

एजेंसी। ईरान सरकार ने हिजाब कानून के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता के गुस्से के सामने आखिरकार घुटने टेक दिए। आंदोलन के सामने वह नरम रुख अख्तियार करने को विवश हो गई है। ईरान में पिछले दो महीने से जारी धरना, प्रदर्शन और आंदोलन में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। लोग सड़कों पर हैं। सुरक्षा बल उनके ऊपर जुल्म ढा रहे हैं। हिजाब कानून को जबरन लागू कराने में ईरानी हुकूमत ने कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। मगर अब वह झुकती नजर आ रही है। सरकार अब हिजाब कानून पर विचार करने को तैयार हो गई है। इस बीच अटॉर्नी जनरल ने कहा कि ईरान की संसद और न्यायपालिका हिजाब को जरूरी बनाने वाले कानून की समीक्षा कर रही है। इस कानून में महिलाओं को सिर ढकने की अनिवार्यता है। माना जा रहा है कि विश्वव्यापी आलोचना से घबराई हुकूमत आंदोलन की लपटों को शांत करने के लिए इस कानून में बदलाव कर सकती है।

एलोन मस्क ने जो बाइडेन को एक टेस्ला खरीदने की दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

एलोन मस्क ने रविवार को जो बाइडेन को एक टेस्ला खरीदने की सलाह दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने देश भर में 5 लाख इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना बनाई है। बाइडेन ने हाल ही में 35 राज्यों में स्टेशनों के निर्माण के वित्तपोषण के लिए एक राष्ट्रव्यापी ईवी चार्जिंग नेटवर्क के लिए पहले दौर की फंडिंग जारी करने की घोषणा की।

बाइडेन ने ट्विटर पर पोस्ट किया, हम देश भर में 500,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बना रहे हैं। महान अमेरिकी सड़क यात्रा पूरी तरह से विद्युतीकृत होगी। मस्क ने जवाब दिया, या, आप बस एक टेस्ला खरीद सकते हैं। बाइडेन ने आगे पोस्ट किया, आपने मुझे काम करने के लिए रखा है-मुझे उम्मीद है कि मैं आपको गौरवान्वित कर रहा हूं। मस्क ने फिर जवाब दिया, मुझे यह पोस्ट पसंद है (ईमानदारी से)। इस साल की शुरूआत में, मस्क ने कहा कि कोई भी बाइडेन को नहीं देख रहा है, क्योंकि राष्ट्रपति ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण के दौरान टेस्ला का उल्लेख नहीं किया था। मस्क ने सीएनबीसी को बताया, कोई भी संघ राज्य को नहीं देख रहा है। बाइडेन ने फोर्ड और जीएम द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए संयुक्त 18 बिलियन डॉलर के निवेश को टाल दिया था, जबकि टेस्ला का बाइडेन के राष्ट्र के नाम संबोधन में उल्लेख नहीं किया गया था। मस्क ने बाद में सीधे बाइडेन को ट्वीट किया, टेस्ला ने इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण में 50,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन किया है और संयुक्त रूप से जीएम और फोर्ड के दोगुने से अधिक निवेश कर रहा है। टेस्ला के सीईओ ने कहा था कि बाइडेन अमेरिकी जनता के साथ मूर्खों की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

हालांकि, ईवीएस की दुनिया में मस्क द्वारा संचालित टेस्ला के योगदान की अपनी पहली सार्वजनिक स्वीकृति में, बाइडेन ने फरवरी में कहा था कि देश ईवी बाजार में चीनी चुनौती का मुकाबला करने के लिए एक विश्वसनीय राष्ट्रीय सार्वजनिक चार्जिंग नेटवर्क का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा था, जीएम और फोर्ड जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों से नए इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन का निर्माण, हमारे देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता टेस्ला, अभिनव युवा कंपनियों के लिए, विनिर्माण दशकों के बाद अमेरिका में वापस आ रहा है।

फिलिस्तीनी सुलह वार्ता का नयी चरण दिसंबर में

नई दिल्ली, एजेंसी

इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घोषणा की है कि अंतर-गुटीय सुलह के लिए फिलिस्तीनी वार्ता की नयी चरण दिसंबर के अंत में अल्जीरिया में आयोजित की जायेगी। गाजा पट्टी में हमास आंदोलन के उप प्रमुख खलील अल-हय्या ने शनिवार को गाजा और वेस्ट बैंक शहर रामल्लाह में एक साथ आयोजित अपने आंतरिक विभाजन को समाप्त करने पर फिलिस्तीनी गुटों के बीच एक सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। हमास के एक बयान में उसके हवाले से कहा गया है, ह्वअल्जीरिया दिसंबर के अंत में फि लिस्तीनी गुटों के लिए राष्ट्रीय संवाद के एक नए सत्र की मेजबानी करेगा ताकि सुलह हासिल करने और आंतरिक विभाजन को समाप्त करने के फि लिस्तीनी प्रयासों को फिर से शुरू किया जा सके। अल-हयाया ने कहा कि हमास राष्ट्रीय एकता को बहाल करना चाहता है, न कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के निवासियों की जरूरतों के आधार पर। उन्होंने कहा, ह्वएक फि लिस्तीनी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो कब्जे वाली भूमि की वापसी और मुक्ति के अधिकार को प्राप्त करने और इस गतिविधि का नेतृत्व करने में सक्षम हो।सभी गुट भागीदार हैं, और मातृभूमि किसी भी पार्टी द्वारा संरक्षित नहीं है। अक्टूबर के मध्य में, हमास और फतह सहित 14 फिलिस्तीनी गुटों ने अल्जीरिया द्वारा आयोजित दो दिवसीय संवाद के बाद एक वर्ष के भीतर विधायी और राष्ट्रपति चुनाव कराने पर सहमति जताते हुए राष्ट्रीय सुलह की अल्जीरिया घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। सुलह समझौते में मध्यस्थता के लिए अल्जीरिया महीनों से काम कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129